वर्ष-07 अंक 274
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शनिवार, 11 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा




लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

क्राफ्टशाला परियोजना के तहत नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ..... 3
वैज्ञानिक मानचित्रण और आधुनिक तकनीक से ऊसर भूमि का......... 4
निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पहुंचीं मंडलायुक्त............ 11

# 40 साल बाद न्यूजीलैंड पहुंचे पीएम मोदी

## व्यापार-रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी नई दिशा



**नई दिल्ली/ऑकलैंड(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दशक बाद न्यूजीलैंड की आधिकारिक यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस ऐतिहासिक दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच ऑकलैंड में द्विपक्षीय वार्ता होगी। बैठक में व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा, सुरक्षा, कृषि, तकनीक और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। विशेषज्ञों के अनुसार यह यात्रा भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को नई गति देने के साथ-साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच राजनयिक संबंध वर्ष 1952 में स्थापित हुए थे, जबकि 1950 में दोनों देशों के बीच ट्रेड कमीशन की शुरुआत हो चुकी थी। दोनों देश ब्रिटिश कॉमनवेल्थ के सदस्य हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था, कॉमन लॉ, अंग्रेजी भाषा तथा खेल-संस्कृति जैसी कई समानताओं को साझा करते हैं। दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित न्यूजीलैंड की आबादी लगभग 53 लाख है। यह देश बेहतर जीवन स्तर, पारदर्शी शासन, मानव विकास और नागरिक स्वतंत्रता के लिए दुनिया के विकसित देशों में गिना जाता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (ढुस्न्न) के अनुसार वर्ष 2026 में न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था लगभग 278.64 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दवाइयां, मशीनरी, वस्त्र, वाहन, कीमती पत्थर और आभूषण सहित अनेक वस्तुओं का व्यापार होता है। वहीं न्यूजीलैंड से भारत ऊन, फल, मेवे, लकड़ी, एल्युमीनियम, लोहा-इस्पात और अन्य उत्पाद आयात करता है। दोनों देश सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, विमानन और तकनीकी सेवाओं में सहयोग के नए अवसर तलाश रहे हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (स्नञ्ज) को लेकर भी सकारात्मक प्रगति हुई है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### भारत की बढ़ती भूमिका से बढ़ा महत्व

**न्यूजीलैंड भारत को तेजी से उभरती वैश्विक आर्थिक शक्ति और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में देखता है। इसी उद्देश्य से उसने भारत को प्राथमिकता वाले देशों में शामिल करते हुए विभिन्न रणनीतिक पहल शुरू की हैं। दोनों देशों ने व्यापार, निवेश और आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की हैं।**

### रक्षा और इंडो-पैसिफिक सहयोग भी एजेंडे में

भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा संबंधों का इतिहास प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध तक जाता है, जब दोनों देशों के सैनिक एक साथ लड़े थे। वर्तमान में दोनों देश रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए भी साझेदारी मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के बीच आर्थिक, रणनीतिक और लोगों के आपसी संबंधों को नई ऊंचाई देने के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को भी मजबूती प्रदान करने वाली मानी जा रही है।

# राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत पर एमएचए के नए निर्देश राज्यों से सख्ती से पालन कराने को कहा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के गायन एवं वादन को लेकर सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों को नए निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित नियमों का सभी सरकारी संस्थानों और संगठनों में सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। 9 जुलाई को जारी पत्र में गृह मंत्रालय ने राज्यों के मुख्य सचिवों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों तथा केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों के सचिवों को पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों की प्रति भी भेजी है। मंत्रालय ने कहा कि इन आदेशों में उन सभी अवसरों का उल्लेख है, जहां राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन या वादन अनिवार्य अथवा अनुमेय है। गृह मंत्रालय ने दोहराया कि यदि किसी कार्यक्रम में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान दोनों प्रस्तुत किए जाते हैं, तो सबसे पहले राष्ट्रगीत और उसके बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारंभ और समापन के दौरान इनके उपयोग से जुड़े नियमों का भी पालन किया जाना आवश्यक होगा। मंत्रालय ने कहा कि जिन राज्यों में राज्य गीत की परंपरा है, वहां राज्य गीत को भी राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है। यदि तीनों का प्रस्तुतीकरण हो, तो निर्धारित क्रम के अनुसार राष्ट्रगीत पहले और राष्ट्रगान उसके बाद प्रस्तुत किया जाएगा। एमएचए ने निर्देश दिया है कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के प्रस्तुतीकरण के दौरान उनके सही शब्द, शुद्ध भाषा और सही उच्चारण का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके लिए प्रमाणिक पाठ और उच्चारण संबंधी सामग्री गृह मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों से अपने अधीन आने वाले विभागों, संस्थानों और संगठनों को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा है, ताकि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत से जुड़े निर्धारित नियमों का प्रभावी और सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## सबरीमाला में भीड़ प्रबंधन संभालेगी एआई

**तिरुवनंतपुरम।** देश के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल सबरीमाला मंदिर में इस वर्ष तीर्थयात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए कई नई व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। त्रावणकोर देवासम बोर्ड (टीडीबी) ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली, ऑनलाइन आवास बुकिंग का विस्तार और अन्य सुविधाओं की घोषणा की है। टीडीबी के अध्यक्ष के. जयकुमार ने बताया कि इस वर्ष 'अयप्पा संगमम' कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान अयप्पा के प्रचार की आवश्यकता नहीं है और बोर्ड का पूरा ध्यान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर केंद्रित रहेगा। सन्निधानम में उपलब्ध 690 कमरों में से पहले केवल 190 कमरों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा थी, जिसे अब बढ़ाकर 550 कमरे कर दिया गया है। इससे श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से राहत मिलेगी। इसके अलावा सुरक्षा जमा राशि की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब श्रद्धालु केवल कमरे का किराया और 50 रुपये सेवा शुल्क देकर ऑनलाइन कमरा बुक करा सकेंगे। बोर्ड ने कमरों की साफ-सफाई का कार्य आउटसोर्स एजेंसी को सौंपने का निर्णय लिया है। साथ ही, सबरी गेस्ट हाउस में 60 नए कमरों के निर्माण की भी योजना है, जिसके लिए उच्च न्यायालय और उच्चाधिकार समिति से मंजूरी ली जाएगी। भीड़ प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इस बार मुख्यालय और सन्निधानम में एआई आधारित कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डॉक्टरों से मारपीट मामले में शिवसेना पार्षद समेत चार आरोपी पुलिस रिमांड पर

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों से मारपीट के मामले में शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे समेत चार आरोपियों को 13 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने पार्षद रमेश म्हात्रे को बुधवार को गिरफ्तार किया था, जबकि उनके तीन सहयोगियों को एक दिन पहले हिरासत में लिया गया था। यह मामला उस वायरल वीडियो के सामने आने के बाद सुर्खियों में आया, जिसमें सोमवार शाम कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) के शास्त्री नगर अस्पताल में पार्षद रमेश म्हात्रे चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैभव सालुंखे के साथ मारपीट करते दिखाई दिए। वीडियो में उन्हें डॉक्टर को थप्पड़ और मुक्का मारते तथा रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर डॉ. सृष्टि बाविस्कर के हाथ पर प्रहार करते हुए देखा गया। घटना के बाद चिकित्सकों और आम लोगों में व्यापक आक्रोश फैल गया। गिरफ्तारी के बाद रमेश म्हात्रे ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें ठाणे जिला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश करने की अनुमति मांगी थी।

### वीबीएसए विधेयक पर कांग्रेस का हमला, बताया 'वेरी बैड शिक्षा एक्ट'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उच्च शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रस्तावित विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए इसे संविधान के संघीय ढांचे और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता के लिए खतरा बताया है। पार्टी ने इस विधेयक को 'वेरी बैड शिक्षा एक्ट' करार देते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी दलों से भी इसका विरोध करने की अपील की है। यह विधेयक फिलहाल संसद की एक समिति के समक्ष विचाराधीन है और संभावना है कि 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में इस पर चर्चा के बाद इसे पारित कराने का प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि प्रस्तावित विधेयक संविधान की संघीय भावना के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें केंद्र के अधिकारों का दायरा बढ़ाया गया है, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की परामर्श संबंधी भूमिका कमजोर होगी तथा राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की स्वायत्तता भी प्रभावित हो सकती है।

# एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट तक अयोध्या में रहेंगे चंपत राय

**करीबी सहयोगियों से कहा- जांच पूरी होने तक नहीं छोड़ूंगा अयोध्या, सुरक्षा बढ़ी; ट्रस्ट पदाधिकारियों ने की मुलाकात**




**जांच पूरी होने तक वह अयोध्या में रहकर हर आवश्यक सहयोग देंगे।**

**अयोध्या(एजेंसी)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने अपने करीबी सहयोगियों से कहा है कि विशेष जांच दल (SIT) की अंतिम रिपोर्ट आने तक वह अयोध्या नहीं छोड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक वह अयोध्या में रहकर हर आवश्यक सहयोग देंगे। बताया जा रहा है कि चंपत राय 23 जून से राम मंदिर परिसर से सटे तीर्थ क्षेत्र भवन में रह रहे हैं। हाल के दिनों में उन्होंने सार्वजनिक कार्यक्रमों और मंदिर की नियमित प्रशासनिक गतिविधियों से दूरी बना रखी है, हालांकि ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों और सहयोगियों से उनका लगातार संपर्क बना हुआ है।इसी क्रम में बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश शर्मा ने शुक्रवार को तीर्थ क्षेत्र भवन पहुंचकर चंपत राय से करीब एक घंटे तक बंद कमरे में मुलाकात की। वहीं, सूत्रों के अनुसार गोपाल राव ने भी गुरुवार देर शाम उनसे भेंट कर वर्तमान घटनाक्रम पर चर्चा की। सूत्रों का कहना है कि चंपत राय का मानना है कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होगी। इसी कारण उन्होंने फिलहाल अयोध्या में ही रहने का निर्णय लिया है। इस बीच उनकी सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। तीर्थ क्षेत्र भवन के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और आने-जाने वालों की निगरानी बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। उधर, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि मुलाकात के दौरान चंपत राय के स्वास्थ्य, ट्रस्ट की कार्यप्रणाली, राम मंदिर की व्यवस्थाओं और हालिया घटनाक्रम पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि चंपत राय ट्रस्ट द्वारा लिए जा रहे नए निर्णयों और व्यवस्थाओं के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। गोविंद देवगिरी ने कहा कि चंपत राय जीवनभर राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहे हैं और अनुशासित संगठन कार्यकर्ता हैं। ट्रस्ट की व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाए जा रहे प्रत्येक कदम में उनका पूरा सहयोग और समर्थन है। हाल के विवादों के बीच उनके इस बयान को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## आगरा में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला समेत दो की मौत

**आगरा।** आगरा के आईएसबीटी के पास शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार सर्विस रोड से हाईवे पर चढ़ रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही क्षतिग्रस्त वाहन हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। पुलिस मृतकों की पहचान करने के प्रयास में जुटी है।

## राम मंदिर में पहली बार बनेगा सीईओ पद 2500 कर्मचारियों की होगी जिम्मेदारी



**अयोध्या(एजेंसी)।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पहली बार राम मंदिर के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त करने जा रहा है। इस पद के सृजन का उद्देश्य मंदिर के प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन और श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। ट्रस्ट के अनुसार, सीईओ को मंदिर में आने वाले दान और चढ़ावे के पारदर्शी प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसके लिए आधुनिक अकाउंटिंग सिस्टम लागू किया जाएगा तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट और वित्तीय विशेषज्ञों की सहायता से वित्तीय व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाएगी। मंदिर परिसर में सुरक्षा, सफाई, दर्शन व्यवस्था और अन्य सेवाओं में तैनात करीब 2,500 कर्मचारियों के कार्यों की निगरानी भी सीईओ के जिम्मे होगी। कर्मचारियों के बीच समन्वय, ड्यूटी प्रबंधन और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा। सीईओ ट्रस्ट बोर्ड, उसके अध्यक्ष, राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य भी करेंगे। ट्रस्ट के निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना भी उनकी अहम भूमिका होगी। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या और पर्व-त्योहारों के दौरान उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सीईओ जिला प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय कर दर्शन व्यवस्था, प्रवेश और निकास की प्रभावी योजना तैयार करेंगे।

## नई आईआरसीटीसी वेबसाइट से आसान होगी टिकट बुकिंग, यात्रियों को मिलेंगी कई नई




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ट्रेन टिकट बुकिंग को अधिक तेज, सरल और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। रेलवे जल्द ही नई आईआरसीटीसी वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च करेगा, जिसे नए पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम से जोड़ा जाएगा। वेबसाइट में यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। लॉन्च से पहले नई वेबसाइट का डेमो जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के छात्रों को दिखाया गया। इस दौरान छात्रों से सुझाव लिए गए और उनके फीडबैक के आधार पर वेबसाइट के डिजाइन एवं फीचर्स में सुधार किया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, नई वेबसाइट को आधुनिक पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। करीब 40 वर्ष पुराने रिजर्वेशन सिस्टम को भी अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि टिकट बुकिंग अधिक तेज और भरोसेमंद हो सके।

# सीएम योगी ने अयोध्या को 432 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

**बीकापुर की जनसभा में कई परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास, दो नगर पंचायतों के नाम बदलने की घोषणा**



**अयोध्या(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या दौरे के दौरान बीकापुर में आयोजित जनसभा में जिले को 432 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मंत्री स्व. मुन्ना सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां वितरित कीं। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक अयोध्या विकास से वंचित रही, लेकिन अब यह विकास और समृद्धि के नए युग में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। आज अयोध्या सड़क, रेल और हवाई संपर्क के माध्यम से देश-दुनिया से जुड़ चुकी है और विकास व विरासत का संतुलित मॉडल बनकर उभर रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने अयोध्या के विकास की उपेक्षा की, जबकि वर्तमान सरकार ने बिना रुके और बिना थके विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी में आज व्यापक स्तर पर आधारभूत सुविधाओं का विकास हो रहा है और इसकी पहचान वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने खिरौनी-सोहावल नगर पंचायत का नाम बदलकर 'मां ज्वाला देवी नगर पंचायत' तथा भरतकुंड-भदरसा नगर पंचायत का नाम 'भरत नगर-भरतकुंड' किए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विकासखंड परिसर में स्थापित पूर्व मंत्री स्व. मुन्ना सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके आवास की चाबियां सौंपकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# सीमा सुरक्षा के लिए बनेगा विश्व का सबसे आधुनिक 'स्मार्ट बॉर्डर' सिस्टमः अमित शाह

## नई दिल्ली में सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन-2026 को किया संबोधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सीमा सुरक्षा व्यवस्था आने वाले समय में दुनिया की सबसे आधुनिक 'स्मार्ट बॉर्डर' प्रणाली के रूप में विकसित होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी पर भी विशेष जोर दे रही है। सम्मेलन में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, बंडी संजय कुमार, केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, सीमांत राज्यों के पुलिस महानिदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि इस सम्मेलन से समग्र सीमा सुरक्षा की अवधारणा को संस्थागत स्वरूप मिला है। भविष्य में तटीय सीमा सुरक्षा को भी इसी समग्र दृष्टिकोण के साथ मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में सीमाओं की सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों, उनके समाधान और आवश्यक नीतिगत उपायों पर विस्तृत चर्चा होगी। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सीमा रक्षक बलों, राज्य एवं जिला प्रशासन, विभिन्न सरकारी एजेंसियों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड विकसित कर रही है। उनका कहना था कि 'सुरक्षित सीमा, समृद्ध सीमांत और सजग समाज' ही देश की सुरक्षा की मजबूत नींव है। अमित शाह ने दावा किया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आतंकवाद एवं उग्रवाद पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले तीन वर्षों में नारकोटिक्स नेटवर्क पर भी निर्णायक प्रहार करेगी और देश को घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए मजबूत सुरक्षा तंत्र विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सीमा अवसंरचना (बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर) में लगभग 400 प्रतिशत वृद्धि की है। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों में पलायन रोकने, रोजगार बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। गृह मंत्री ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन के मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने डेमोग्राफी मिशन की शुरुआत की है, जिसके तहत असामान्य कारणों से हो रहे जनसंख्या परिवर्तन का अध्ययन कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय बदलाव का प्रमुख कारण अवैध घुसपैठ है और इसे रोकना सरकार की प्राथमिकता है।

## लखनऊ अग्निकांडः 15 मौतों वाली अवैध बिल्डिंग होगी ध्वस्त, एलडीए ने जारी किया आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** अलीगंज के सेक्टर-डी स्थित उस अवैध व्यावसायिक भवन को ध्वस्त किया जाएगा, जिसमें 22 जून को भीषण अग्निकांड में 15 लोगों की मौत हुई थी। तीन दिन तक चली सुनवाई के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने शुक्रवार को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया। आदेश के तहत भवन स्वामी को 15 दिनों के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाने का अवसर दिया गया है। निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर एलडीए भवन को ध्वस्त करेगा और पूरा खर्च भवन मालिक से वसूला जाएगा। 22 जून को अलीगंज स्थित एक एनिमेशन सेंटर में लगी आग में 15 लोगों की जान चली गई थी। जांच में सामने आया कि भवन में फायर सेफ्टी के आवश्यक इंतजाम नहीं थे। इसके अलावा सेटबैक नियमों का उल्लंघन किया गया था और आवासीय भवन के स्वीकृत मानचित्र पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इन्हीं अनियमितताओं को आधार बनाते हुए एलडीए ने 23 जून को भवन स्वामी को नोटिस जारी किया था। मामले की सुनवाई एलडीए के विहित प्राधिकारी अतुल कुमार की अदालत में लगातार तीन दिनों तक चली। भवन स्वामी के अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने और बहस के लिए अतिरिक्त समय मांगा, जिसके बाद सुनवाई पूरी होने पर आदेश सुरक्षित रख लिया गया था। शुक्रवार को प्राधिकरण ने भवन को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की मासिक बैठक हुआ संपन्न जनसंपर्क अभियान तेज



**बस्ती।** बस्ती जिले मैं राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष कृष्णा नंदन उपाध्याय की अध्यक्षता में गनेशपुर स्थित श्याम कान्ती मैरेज हाल में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई।बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा सदस्यता अभियान को गति देने पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों एवं नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में क्या ग्राम पंचायत चुनाव में अच्छी भागीदारी होनी चाहिए राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा अपने दम पर चुनाव लड़ेगाबैठक में बृजेश त्रिपाठी,आदित्य पांडे,विजय मिश्रा व मो.आलम सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 'आम बहार, आपके द्वार' अभियान में बांटे गए मुफ्त आम के पौधे





**महराजगंज (रायबरेली)।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को महराजगंज विकासखंड में 'आम बहार, आपके द्वार' अभियान के तहत 'आम वृक्ष भंडारा' का आयोजन किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग, रायबरेली के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, किसानों और स्थानीय लोगों को आम सहित अन्य फलदार एवं उपयोगी पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीओ पंचायत शिखर शुक्ला ने पौधरोपण कर किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है, उसी भावना से धरती को हरा-भरा बनाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के उद्देश्य से 'वृक्ष भंडारा' की शुरुआत की गई है। उन्होंने लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। साथ ही बताया कि अभियान का उद्देश्य विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाना और अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

अभियान के तहत आम की विभिन्न उन्नत प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। पौधे प्राप्त कर ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान अधिकारियों ने पौधों के रोपण, सिंचाई और संरक्षण की वैज्ञानिक जानकारी भी दी, ताकि पौधों का बेहतर विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में मानसून के दौरान विद्यालय परिसरों, सार्वजनिक स्थलों, पंचायत भूमि तथा घरों के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक अवनीश सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक अवंतिका वर्मा, वन विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और हरित महराजगंज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

# हरैया को 504 करोड़ की विकास योजनाएं

**सीएम योगी ने विपक्ष पर साधा निशाना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हरैया पहुंचकर लगभग 504 करोड़ रुपये की 77 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने हरैया विधायक अजय सिंह की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए एक मजबूत पैरोकार जरूरी होता है और हरैया लगातार विकास की नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ अयोध्या रिंग रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भद्रेश्वरनाथ धाम, करण धाम, मखौड़ा धाम सहित प्रदेश के करीब 1500 मंदिरों का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण कराया गया है। पहले कब्रिस्तान की बाउंड्री के नाम पर धन खर्च होता था, जबकि अब वही संसाधन धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास में लगाए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पहले गरीबों, दलितों और वंचितों की जमीनों पर कब्जे होते थे, लेकिन अब कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि बस्ती में भी कब्रिस्तान के नाम पर हो रहे अवैध कब्जों को हटवाने का काम कराया गया था।विपक्ष पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर विकास की उपेक्षा, अराजकता और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सड़क, बिजली और बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, जबकि आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने राम मंदिर, धार्मिक स्थलों के विकास और सुरक्षा व्यवस्था को सरकार की उपलब्धियां बतासेया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गरीबों को मुफ्त राशन, आवास, शौचालय, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि, मुफ्त ट्यूबवेल बिजली तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोगों से विकास के लिए बेहतर जनप्रतिनिधियों को चुनने की अपील करते हुए कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित बस्ती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रभारी सूर्य प्रताप शाही, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा, हरैया विधायक अजय सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और जिले के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूरिया व फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

**अम्बेडकरनगर** जिले में यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों की भरपूर उपलब्धता है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जुलाई माह तक विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता लक्ष्य से काफी अधिक हो गई है। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, यूरिया का क्रमिक लक्ष्य 25115 मीट्रिक टन के सापेक्ष 32875 मीट्रिक टन, डीएपी का लक्ष्य 4914 मीट्रिक टन के सापेक्ष 6988 मीट्रिक टन, एनपीके का लक्ष्य 1146 मीट्रिक टन के सापेक्ष 3846 मीट्रिक टन, एसएसपी का लक्ष्य 10325 मीट्रिक टन के सापेक्ष 18411 मीट्रिक टन उपलब्ध हो चुका है। हालांकि एमओपी का लक्ष्य 484 मीट्रिक टन के सापेक्ष 153 मीट्रिक टन ही प्राप्त हुआ है।वितरण के बाद वर्तमान में सहकारिता और निजी क्षेत्र में संयुक्त रूप से यूरिया 23384 मीट्रिक टन, डीएपी 4257 मीट्रिक टन, एनपीके 2943 मीट्रिक टन, एसएसपी 15142 मीट्रिक टन और एमओपी 115 मीट्रिक टन उपलब्ध है।जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है। उर्वरक प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। उर्वरक संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, अम्बेडकरनगर में उर्वरक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसान अपनी शिकायत दर्ज कराने या जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9455485475 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कोटेदार पर घटतौली लगा आरोप

**सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत**

**ग्रामीणों ने कोटेदार संजय कुमार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की किया मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार की बाढ़ आ गई विकास विभाग राजस्व विभाग तथा आपूर्ति विभाग के शह पर कोटेदारों की मनमानी से आम जनमानस परेशान है जिलाधिकारी महोदय से रोकने में नाकाम सिद्ध हो रही है ताजा मामला विकासखण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नरहरपुर में उचित दर विक्रेता (कोटेदार) संजय कुमार के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल समेत अन्य उच्च अधिकारियों से शिकायत हुई है। आपके बता दें कि ग्राम पंचायत नरहरपुर में उचित दर विक्रेता की दुकान (कोटेदार) संजय कुमार पर राशन वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगा है अर्थात् सरकार द्वारा निर्धारित राशन का वितरण कार्ड धारकों को नही किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कोटेदार संजय कुमार द्वारा पहले अंगूठा लगवा कर कम्प्यूटर कांटा से राशन खारिज कर लिया जाता है और बाद में दूसरे कांटे से राशन कार्ड धारकों को राशन वितरण किया जाता है। किसी- किसी राशन कार्ड धारकों का 05 किलो राशन कटौती की जाती है और किसी - किसी राशन कार्ड धारकों का 02 - 03 किलो राशन कटौती प्रतिमाह की जाती है। उचित दर विक्रेता (कोटेदार) संजय कुमार के मनमानी राशन वितरण से सभी राशन कार्ड परेशान हैं।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान उदय भान चौधरी व सचिव पंकज सिंह को कोटेदार संजय कुमार के मनमानी राशन वितरण को लेकर जानकारी दी है। ग्राम प्रधान व सचिव ने भी कोटेदार को ठीक ढंग से राशन वितरण करने के लिए कहा था लेकिन कोटेदार संजय कुमार ने किसी की नही सुनी और मनमानी ढंग से राशन वितरण कर रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए कोटेदार के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने की मांग किया है। शिकायत संख्या- 40018526031513 है। कोटेदार संजय कुमार के घटतौली को लेकर सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव से शिकायत हुई थी एडीओ पंचायत ने उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच टीम गठित कर दिया है और जांच टीम के रिपोर्ट के आधार पर उचित दर विक्रेता कोटेदार संजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझा व सिंथेटिक मांझे की बिक्री पर पूर्ण रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** उच्च न्यायालय के आदेशों तथा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में राज्य कर विभाग, अमेठी में उपायुक्त पीयूषकांत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्थानीय छोटे दुकानदारों एवं व्यापारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रतिबंधित चाइनीज मांझा एवं सिंथेटिक मांझे की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करना था। उपायुक्त ने बताया कि अमेठी जनपद में कोई निर्माता (मैन्युफैक्चरर) नहीं है और यहां मुख्य रूप से छोटे व्यापारी ही मांझे की खरीद-बिक्री करते हैं। ऐसे में सभी व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे प्रतिबंधित सिंथेटिक मांझा, सीसायुक्त (प्लास्टिक कोटेड) मांझा, नायलॉन पतंग डोरी तथा चाइनीज मांझे का भंडारण, उपयोग और बिक्री पूरी तरह बंद करें। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि नायलॉन एवं सिंथेटिक मांझा अत्यंत खतरनाक होता है। इससे दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और पक्षियों के घायल होने तथा जान जाने जैसी गंभीर घटनाएं सामने आती रही हैं। इसलिए जनहित और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी छोटा या बड़ा दुकानदार प्रतिबंधित मांझे की खरीद-बिक्री अथवा भंडारण में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों ने जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेते हुए प्रतिबंधित मांझे की बिक्री नहीं करने का सामूहिक आश्वासन दिया।

## आधा दर्जन वांछित धराए, भेजे गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस टीमों द्वारा अभियान के तहत शुक्रवार को आधा दर्जन वांछितो को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया गया। लालगंज कोतवाली के दरोगा भुवाल सिंह ने गश्त के दौरान लालगंज कस्बे से कोतवाली के हुलासगढ़ निवासी अमरजीत पुत्र रामगरीब को हिरासत मे ले लिया। लीलापुर के दरोगा देवीदयाल कश्यप को भी गश्त के दौरान पूरे वीरबल ढकवा निवासी मजहर पुत्र जमा को उसके घर के समीप से दबोचने मे सफलता मिली। उदयपुर के दरोगा नंदलाल यादव भी टीम के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम ने आरोपी थाना क्षेत्र के पूरे बक्शी निवासी विनोद सिंह पुत्र भान प्रताप सिंह, पूरे पण्डित हरिहरपुर आमीशंकरपुर निवासी फूलचंद्र सरोज पुत्र कल्लू तथा इसी गांव के दीपचंद्र पुत्र पच्चू पासी व मुबारकपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र दुर्गा यादव को अदालत द्वारा वांछित आरोपी के तौर पर हिरासत मे लिया गया।

# लोकार्पण से पहले ही दरका स्मृति द्वार, निर्माण कार्य पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष विवादों से लगातार सुर्खियों में रहने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। इस बार मामला पटेल चौराहे पर लाखों रुपये की लागत से बनाए गए 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार' की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों का है। आरोप है कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित हर्रैया दौरे से ठीक पहले तैयार कराए गए इस स्मृति द्वार में निम्नस्तरीय सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते उद्घाटन से पहले ही टाइलें टूटने लगीं।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्मृति द्वार को देश के महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में बनाया गया, उसी निर्माण कार्य में गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी की गई। लोगों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य जल्दबाजी में और मानकों को दरकिनार कर कराया गया। बताया जा रहा है कि स्मृति द्वार की टाइलें टूटने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कुछ पत्रकारों को कथित तौर पर ठेकेदार से जुड़े लोगों ने तस्वीरें और वीडियो बनाने से रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि टूटी हुई टाइलों को छिपाने और मामले को दबाने की कोशिश भी की गई। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

गौरतलब है कि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी का कार्यकाल शुरू से ही विवादों में रहा है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान संविधान को लेकर हुई टिप्पणी और श्रद्धांजलि देने की घटना ने उन्हें प्रदेशभर में चर्चा का विषय बना दिया था। इसके बाद जिला पंचायत कार्यालय के नवीनीकरण पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद पुराने भवन को ध्वस्त कर नए निर्माण का निर्णय भी सवालों के घेरे में रहा। यही नहीं, जिला पंचायत द्वारा संचालित लोहिया मार्केट में पुरानी दुकानों को तोड़कर नए निर्माण और द्वितीय तल पर बनाए गए कार्यालयों की गुणवत्ता पर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने कई बार निर्माण कार्य को स्तरहीन बताते हुए जांच की मांग की थी।

अब कार्यकाल समाप्त होने से ठीक एक दिन पहले स्मृति द्वार के निर्माण को लेकर



उठे सवालों ने एक बार फिर जिला पंचायत की कार्यशैली पर बहस छेड़ दी है। लोगों का कहना है कि यदि उद्घाटन से पहले ही टाइलें टूटने लगें तो निर्माण की गुणवत्ता का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उनका कहना है कि सार्वजनिक धन से बनने वाली परियोजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। स्थानीय नागरिकों ने पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने, गुणवत्ता की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, ठेकेदार और संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि महान विभूतियों के नाम पर बनने वाले स्मारकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि उन महापुरुषों के सम्मान के साथ भी अन्याय है।

# आरोपों के बावजूद कार्रवाई नहीं, रोजगार सेवक पर उठे सवाल

**जिम्मेदारों की लीपा-पोती के कारण अब तक अटकी पड़ी अधर में कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।**....विकास खंड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत नरहरपुर में मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी लगाए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि बिना कार्य कराए श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव पंकज सिंह, प्रशासक (प्रधान) तथा रोजगार सेवक सुनील कुमार राव की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,फर्जी हाजिरी को लेकर स्थानीय समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुई थी। इसके बाद संबंधित पत्रकार पर दबाव बनाने और खबर का प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने की साजिश रची जा रही है। समाचार के अनुसार,मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई थी,लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि विभाग की निष्क्रियता से संबंधित कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है। विकास खंड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत नरहरपुर में बीते दिनों में बीना कार्य कराए पटल पर फर्जी हाजिरी लगाई गई थी। सचिव पंकज सिंह व प्रशासक (प्रधान) की सांठ-गांठ में रोजगार सेवक द्वारा उपस्थिति पंजिका पर कार्ड धारकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज की गयी थी। विभाग द्वारा कार्रवाई न करने पर सचिव व रोजगार सेवक सुनील कुमार राव के हौसले बुलंद हैं। और एससी-एसटी दर्ज करवाने की धमकी दे रहा है।

सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत नरहरपुर भ्रष्टाचार की खबर पिछले कुछ साल पहले




सम्मानित समाचार पत्र के संवाददाता द्वारा प्रमुखता से उजागर किया था। सचिव व रोजगार सेवक भ्रष्टाचार की खबर से क्षुब्ध होकर सम्मानित पत्रकार के खिलाफ शिकायती पत्र देकर फर्जी मुकदमे में फसाने की साजिश किया था। पुलिस जांच मे शिकायत निराधार पाया गया था। सवाल यह है कि नशे में मस्त सचिव पंकज सिंह अपने काले कारनामों को छुपाने हेतु पत्रकार पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का साजिश करेगा या विभाग नशेड़ी सचिव पंकज सिंह व रोजगार सेवक पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत चोरी के 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से चोरी के 75 मीटर बिजली के एल्युमिनियम का तार बरामद।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मुसाफिर खाना अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल पर सवार 03 अभियुक्तों अमर नाथ तिवारी उर्फ लोधे पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम पठकीपुर भंडारा मजरे प्रतापपुर थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 21 वर्ष, रौनक सिंह पुत्र शिव सहाय सिंह निवासी ग्राम पठकीपुर भंडारा मजरे प्रतापपुर थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 21 वर्ष, अभय प्रताप सिंह उर्फ शक्ति सिंह पुत्र




स्व0 शिव सिंह मिवासी ग्राम बड़ी गौहनिया मजरे बाजगढ़ी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस के कागज मांगने दिखा न सके। अभियुक्तों के कब्जे से 75 मीटर बिजली के एल्युमिनियम का तार बरामद हुआ। बरामद बिजली के तार के बारे में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि तीनो लोग मिलकर घूम फिर कर ऐसे बिजली के खंभों को चिन्हित कर लेते हैं जिनमें तार तो लगा होता है लेकिन लाइट नहीं होती है, जिसे मौका पाकर काट कर बेंच लेते हैं। बरामद तार को दिनांक 07.07.2026 को नहर पटरी के किनारे से काटकर चुरा लिये थे, जिसका आधा हिस्सा बेचकर रूपयों को आपस में बांट लिया था। बरामद तार उसी चोरी का है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## नहर किनारे मिला अज्ञात शवः कटका थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर चकिया में पुलिस जांच में जुटी



**अंबेडकरनगर** में कटका थाना क्षेत्र के अहिरौली ग्राम सभा अंतर्गत हरसिंहपुर चकिया में नहर के पास एक अज्ञात शव मिला है। यह जानकारी आज सुबह लगभग 11 बजे सामने आई।स्थानीय लोगों ने नहर किनारे सरपट की झाड़ी में शव देखा, जिसके बाद उन्होंने कटका थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कटका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अहिरौली गांव के प्रधान सरवन कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए थे, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष प्रतीत हो रही है।पुलिस ने अज्ञात शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## अम्बेडकरनगर में 'समरस वन' की स्थापना, दस हजार पौधों का रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अम्बेडकरनगर** समाज में सामाजिक समरसता, समानता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग ने सामूहिक पौधरोपण अभियान चलाया। इसके तहत जनपद के विभिन्न अम्बेडकर पार्कों में 'समरस वन' स्थापित किए गए।इस क्रम में कटेहरी विकास खंड के ग्राम पतौना स्थित अम्बेडकर पार्क में 'समरस वन' की स्थापना का मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री अम्बेडकरनगर ओम प्रकाश राजभर ने पौधरोपण कर किया। कार्यक्रम में विधायक कटेहरी डॉ. धर्मराज निषाद, जगदम्बिका प्रसाद, प्रभागीय वनाधिकारी अम्बेडकरनगर जगदम्बिका प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बन्धु, जिला विकास अधिकारी सविता सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी कटेहरी जगन्नाथ चौधरी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आरिफ मेहँदी और जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने पौधरोपण कर सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।वन विभाग के अनुसार जनपद के समस्त अम्बेडकर पार्कों में 'समरस वन' स्थापित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल लगभग दस हजार पौधों का रोपण किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग, अम्बेडकरनगर और समाज कल्याण एवं ग्राम विकास विभाग के समन्वय से आयोजित किया गया।

## सास की पिटाई, बहू के खिलाफ केस दर्ज




**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस द्वारा बहू द्वारा सास की पिटाई को लेकर केस दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के मुबारकपुर राजापुर पूरे दुबे निवासिनी रोहिनी पत्नी राज नारायण ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात जुलाई को दिन में बारह बजे उसकी बहू मधू पत्नी सुरेन्द्र ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। आरोपिता द्वारा सास को जानलेवा धमकी भी दी गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपिता के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक

**गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य के दिए निर्देश**

**पेयजल परियोजना में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाए जाने हेतु अपना मासिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनता दर्शन, तहसील दिवस, आइजीआरएस तथा अन्य




माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए समस्त संबंधित को निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग कर यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें, डिफाल्टर की श्रेणी में होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानों से दूरभाष के माध्यम से बात कर पूर्ण निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता, पेयजल आपूर्ति इत्यादि की जानकारी ली साथ ही संबंधित को निर्देशित किया कि परियोजना पूर्ण होने के पश्चात विभिन्न पहलुओं पर परियोजना का वेरिफिकेशन कर आख्या प्रेषित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य न केवल योजना की प्रगति की समीक्षा करना है, वरन उसे और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

# झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे, धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** गुरुवार देर शाम से शुरू हुई रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश ने क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत दी है। कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा था और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे थे। अब हुई अच्छी वर्षा से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे धान की रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। बारिश के चलते मौसम भी सुहावना हो गया है। खेतों में पानी उपलब्ध होने से किसानों को सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा, जिससे उनकी लागत में भी कमी आएगी। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर हुई यह वर्षा धान की फसल के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगी और इससे उत्पादन बढ़ने की संभावना है।

क्षेत्र के किसान ज्ञान प्रकाश मौर्य (थुलवांसा), कमलेश (गांधीनगर), रामजीवन रावत (ओथी) तथा धर्मवीर सिंह उर्फ राजू सिंह (टूक) ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि वे कई दिनों से बारिश की प्रतीक्षा कर रहे थे। उनका कहना है कि इस वर्षा ने उनकी चिंताओं को काफी हद तक दूर कर दिया है। अब धान की रोपाई सुचारु रूप से पूरी हो सकेगी और अच्छी पैदावार की उम्मीद भी बढ़ गई है। बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की रौनक लौट आई है। ट्रैक्टरों की आवाज और रोपाई में जुटे मजदूरों की गतिविधियां फिर से तेज हो गई हैं। किसानों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में इसी प्रकार रुक-रुक कर बारिश होती रही तो खरीफ की फसलों के लिए यह



मौसम बेहद अनुकूल साबित होगा। लगातार हो रही वर्षा ने किसानों के मन में नई उम्मीद जगा दी है और वे बेहतर फसल की उम्मीद के साथ पूरे उत्साह से खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं।

# क्राफ्टशाला परियोजना के तहत नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को मिले प्रमाण-पत्र

## चिकनकारी शिल्प प्रशिक्षण पूरा करने वाले छात्रों का सम्मान, हस्तशिल्प संरक्षण का दिया गया संदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के अंतर्गत संचालित 'क्राफ्टशाला' पायलट परियोजना के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पिपरसण्ड में आयोजित चिकनकारी शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन पर शुक्रवार को विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन कटियार, उप-प्रधानाचार्या डॉ. मीनाक्षी त्रिवेदी, कला शिक्षक एवं क्राफ्टशाला परियोजना के विद्यालय समन्वयक रामाशिष यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रेम प्रकाश शुक्ल, हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, लखनऊ के सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) राजा आलम तथा हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी इन्द्रेश कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों ने लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारी शिल्प की व्यावहारिक तकनीकों का अभ्यास किया तथा इसकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि क्राफ्टशाला पायलट परियोजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध हस्तशिल्प परंपराओं से परिचित कराना, उनमें पारंपरिक शिल्पों के प्रति रुचि और सम्मान विकसित करना तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी रचनात्मक क्षमता एवं कौशल को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत अनुभवी शिल्पकारों द्वारा विद्यार्थियों को हस्तशिल्प की मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी पहलें नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के साथ-साथ कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# सैनिक इंटर कॉलेज में बच्चों के विधिक अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) लखनऊ मलखान सिंह के मार्गदर्शन तथा सचिव कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा के निर्देशन में शुक्रवार को पीएम राजकीय उत्तर प्रदेश सैनिक इंटर कॉलेज, सरोजनीनगर में 'बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए नालसा योजना-2015' विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पराविधिक स्वयंसेवक दयाराम मौर्य ने छात्र-छात्राओं को उनके विधिक एवं संवैधानिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी देना है। इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, बाल हेल्पलाइन 1098 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने छात्रों को बताया कि किसी भी प्रकार की विधिक समस्या, शोषण, हिंसा, उत्पीड़न या भेदभाव की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ उनकी सहायता के लिए सदैव उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न विधिक विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल और व्यवहारिक तरीके से उत्तर दिया। अंत में छात्र-छात्राओं से कानून का सम्मान करने, अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया।

# एशिया की सबसे बड़ी बार एसोसिएशनों में शुमार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में लखनऊ बार एसोसिएशन द्वारा रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह का जन्मदिन कचहरी परिसर में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर राजनाथ सिंह के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान से हुई। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद नारायण शुक्ला और उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं को पटका पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट आदर्श मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसके बाद अधिवक्ताओं ने लड्डुओं से तैयार विशेष केक काटकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन मनाया। केक काटने के उपरांत सभी ने राजनाथ सिंह के चित्र को केक अर्पित किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजनाथ सिंह का राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन देश और समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है। उपस्थित लोगों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम में लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद नारायण शुक्ला तथा पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट आदर्श मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और राजनाथ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# एल नीनो एवं वैश्विक जलवायु, विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा 10 जुलाई, 2026 को इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में 'एल नीनो एवं वैश्विक जलवायु (El Nino and Global Climate)' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत में एल नीनो के प्रभाव से सामान्यतः दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर पड़ सकता है, जिससे वर्षा में कमी, सूखे जैसी परिस्थितियाँ, कृषि उत्पादन में गिरावट, खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव, जलाशयों एवं भूजल स्तर में कमी तथा पेयजल और सिंचाई के लिए जल संकट उत्पन्न हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, महंगाई, बिजली उत्पादन पर प्रभाव तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एल नीनो (El Niño) एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जिसमें मध्य एवं पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के समुद्री सतह के तापमान में सामान्य से अधिक वृद्धि हो जाती है। इसके कारण वैश्विक वायुमंडलीय परिसंचरण प्रभावित होता है, जिससे अनेक देशों में मौसम के स्वरूप में व्यापक परिवर्तन देखने को मिलते हैं। वहीं विश्व के अन्य भागों में अत्यधिक वर्षा, बाढ़, भीषण गर्मी, जंगलों में आग तथा समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन जैसी घटनाएँ देखने को मिल सकती हैं। इसलिए एल नीनो का अध्ययन मौसम पूर्वानुमान, कृषि नियोजन, जल संसाधन प्रबंधन तथा आपदा प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, निदेशक (सामान्य/तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने सहभागिता की। अपने व्याख्यान में उन्होंने एल नीनो (El Niño) की वैज्ञानिक अवधारणा, इसके बनने की प्रक्रिया तथा वैश्विक एवं भारतीय जलवायु पर इसके दूरगामी प्रभावों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एल नीनो प्रशांत महासागर के मध्य एवं पूर्वी भाग के समुद्री सतह के तापमान में असामान्य वृद्धि के कारण उत्पन्न होने वाली एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जिसका प्रभाव विश्व के अनेक देशों की वर्षा, तापमान, कृषि उत्पादन, जल संसाधनों तथा प्राकृतिक आपदाओं पर पड़ता है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, चरम मौसमीय घटनाओं, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बदलती वैश्विक जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी नीतियों, जन-जागरूकता तथा सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.पी. सिंह, अध्यक्ष, आई.ई.आई. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन सम्पूर्ण विश्व के समक्ष एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे तकनीकी व्याख्यान अभियंताओं, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों को समसामयिक वैज्ञानिक विषयों की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जन्मदिन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलीं महापौर सुषमा खर्कवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने नई दिल्ली स्थित उनके शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। महापौर जी ने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। इस दौरान नगर निगम लखनऊ के कई पार्षद भी मौजूद रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी हम सभी के अभिभावक और मार्गदर्शक हैं। उनका स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदैव जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और जनसेवा के प्रति श्री राजनाथ सिंह जी का समर्पण प्रेरणादायी है। लखनऊ के विकास को लेकर उनकी विशेष चिंता और निरंतर सहयोग से राजधानी में विकास कार्यों को नई गति मिली है। इस अवसर पर नगर निगम लखनऊ के कार्यकारिणी उपाध्यक्ष एवं पार्षद दल के उपनेता श्री सुशील तिवारी 'पम्मी' जी सहित पार्षदगण भी उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना है कि रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ और यशस्वी जीवन प्रदान करें। उन्होंने कामना की कि श्री राजनाथ सिंह जी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में भारत निरंतर सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनता रहे। साथ ही उनका स्नेह और मार्गदर्शन लखनऊवासियों तथा जनप्रतिनिधियों को सदैव मिलता रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सैनिक इंटर कॉलेज में छात्रों को बाल अधिकार और विधिक सेवाओं की दी गई जानकारी

**लखनऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), लखनऊ के तत्वावधान में शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय उत्तर प्रदेश सैनिक इंटर कॉलेज, सरोजनीनगर में 'बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण' विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मलखान सिंह के मार्गदर्शन तथा सचिव कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में पराविधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) दयाराम मौर्य ने छात्र-छात्राओं को नालसा की 'बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए योजना-2015' के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके विधिक एवं संवैधानिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा बाल संरक्षण संबंधी कानूनों के प्रति जागरूक करना है।

### अलीगंज आईटीआई में 12 जुलाई को होगा वृहद पौधरोपण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत 12 जुलाई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा पौधरोपण कर करेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में संस्थान के कार्यदेशक, अनुदेशक, कर्मचारी और प्रशिक्षार्थी बड़ी संख्या में भाग लेकर पौधरोपण करेंगे। राजकीय आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संस्थान में व्यापक स्तर पर पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लखनऊ जनपद को 6,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य मिला है, जबकि संस्थान अपने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधारोपण करेगा।

# प्रदेश की धरोहरों के संरक्षण पर 20.70 करोड़ खर्च होंगे, 42 स्मारकों के अनुरक्षण को मंजूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश के स्मारकों और पुरास्थलों के संरक्षण, अनुरक्षण, जीर्णोद्धार (रेस्टोरेशन) तथा चहारदीवारी निर्माण के लिए 20 करोड़ 70 लाख रुपये की कार्ययोजना को मंजूरी दी है। राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक संरक्षित रखना है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग अब तक 275 स्मारकों और पुरास्थलों को राज्य संरक्षित धरोहर घोषित कर चुका है, जबकि 40 अन्य स्मारकों और पुरास्थलों के संरक्षण की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में 25 जनपदों के 42 स्मारकों और पुरास्थलों के अनुरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर व्यापक संरक्षण कार्य कराए जाएंगे। योजना के तहत चित्रकूट का सोमनाथ मंदिर, अयोध्या का गुप्तारघाट मंदिर, आगरा का गांधी स्मारक, मथुरा की बरसाना छतरी, झांसी का रानी महल, ललितपुर के देवगढ़ स्थित गुप्तकालीन गुफा मंदिर, महराजगंज का गुप्तकालीन बौद्ध स्तूप, वाराणसी के पांचों शिवाला, मिर्जापुर का घंटाघर, प्रयागराज का रानी का तालाब, संभल की प्राचीन बावली तथा लखनऊ का लगभग 3,000 वर्ष पुराना नटवाडीह टीला सहित कई ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण कराया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सुलतानपुर के मौर्यकालीन इटिहवा टीला, सीतापुर के मड़वाडीह टीला तथा संतकबीर नगर के लगभग 8,000 वर्ष प्राचीन लहुरादेवा पुरास्थल की सुरक्षा के लिए चहारदीवारी का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके लिए चालू वित्तीय वर्ष में 8 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कानपुर स्थित टिकैतराय शिव मंदिर परियोजना के लिए भी 1.65 करोड़ रुपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि राज्य की समृद्ध विरासत सुरक्षित रहे और पर्यटन को भी नई गति मिल सके।

# 12 जुलाई से शुरू होगा वृहद वृक्षारोपण अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 12 जुलाई से वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026 की शुरुआत होगी। अभियान के तहत प्रदेश की 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में 1.42 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पंचायती राज विभाग इस अवसर पर 'मेरी पंचायतः हरित पंचायत' अभियान भी शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का केंद्र बनाना है। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को बताया कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्वच्छता और हरित विकास को जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन का स्वरूप देगा। अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें चारागाहों, तालाबों, अमृत सरोवरों, वेटलैंड क्षेत्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों का चिन्हांकन कर व्यापक वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) में हरित विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायत भवनों, विद्यालयों, सामुदायिक परिसरों, सड़क किनारों, तालाबों, अमृत सरोवरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, सहजन तथा विभिन्न फलदार प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड, नियमित सिंचाई और उनके संरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी जनभागीदारी आधारित पहल को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्राम प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला समूहों, युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से वृक्षारोपण को जन अभियान बनाया जाएगा। इसके साथ ही वर्षा जल संचयन, तालाबों और कुओं का संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, गोबर गैस, सामुदायिक कम्पोस्टिंग, सौर ऊर्जा, जैविक खेती, पराली प्रबंधन तथा ड्रिप सिंचाई जैसी जल संरक्षण तकनीकों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

### पॉलीटेक्निक काउंसिलिंगः दूसरे चरण का सीट आवंटन परिणाम जारी

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 की द्वितीय चरण की काउंसिलिंग का सीट आवंटन परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। परिषद ने सफल अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर दस्तावेज सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण में 'फ्रीज ऑप्शन' का चयन करने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) की प्रक्रिया 11 जुलाई से 14 जुलाई, 2026 तक निर्धारित सहायता केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए इस अवधि में पड़ने वाले शनिवार और रविवार सहित सभी अवकाश दिवसों पर भी सभी नामित हेल्प सेंटर खुले रहेंगे, ताकि अभ्यर्थियों को सत्यापन कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सचिव ने स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों का सीट आवंटन हुआ है, वे निर्धारित अवधि के भीतर अपने निकटतम सहायता केंद्र पर मूल प्रमाण-पत्रों और उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी करें।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने संभाली कमान जलभराव और संचारी रोग नियंत्रण पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ के नगर स्वास्थ्य अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में समस्त जोनल सेनेटरी ऑफिसर (ZSO) एवं सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर (SFI) के साथ औपचारिक बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा अपने दायित्वों के प्रति पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान शहर की सफाई व्यवस्था, जलभराव, संचारी रोग नियंत्रण, फॉगिंग, नाला-नाली संबंधी समस्याओं और जन शिकायतों के निस्तारण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने सर्वप्रथम शहर में जलभराव के चिन्हित स्थानों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा बारिश के दौरान किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों से कहा गया कि फील्ड स्तर पर स्थिति की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक सूचनाएं समय से उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई जाएं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्य के प्रति जवाबदेही पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना किसी ठोस एवं उचित कारण के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध चेतावनी जारी की जाए। साथ ही अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी जोनल सेनेटरी ऑफिसर एवं सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टरों को प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों में फील्ड निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन कार्यालय में बैठकर नहीं, बल्कि नियमित स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से किया जाए। निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को तत्काल दूर कराया जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में प्रतिदिन कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हॉटस्पॉट क्षेत्रों की अद्यतन स्थिति एवं की गई कार्रवाई की रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि अभियान की प्रभावी निगरानी की जा सके। बैठक में बड़े नालों से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो नाले स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्षेत्र से संबंधित नहीं हैं, उनके संबंध में संबंधित विभाग को समय से पत्राचार किया जाए।

# वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में रेशम विभाग लगाएगा 14 लाख पौधे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 12 जुलाई को आयोजित होने वाले 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' के तहत रेशम विभाग प्रदेशभर में 14 लाख पौधे लगाएगा। अभियान के तहत 56 जनपदों की 190 ग्राम पंचायतों और 305 चयनित स्थलों पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को कानपुर देहात के पुखरायां से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि विभाग ने 14 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभागीय नर्सरियों में 33 लाख शहतूत और 3 लाख अर्जुन के पौधे तैयार हैं, यानी कुल 36 लाख पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार के हरित अभियान को सफल बनाने में रेशम विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के साथ-साथ रेशम विभाग भी प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। समीक्षा बैठक के दौरान आजमगढ़ के किसान राकेश पांडेय ने बताया कि उन्होंने पहले से 10 बीघा भूमि में शहतूत का रोपण किया है और इस वर्ष चार बीघा में 20 हजार नए पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। विदेश से पढ़ाई कर लौटे किसान की पहल की सराहना करते हुए मंत्री ने कहा कि उनकी पहल अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायी है और विभाग उन्हें हरसंभव सहयोग देगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक किसानों को अभियान से जोड़ा जाए तथा शहतूत की कटिंग से नए पौधे तैयार कर अगले वर्ष के लिए नर्सरियों में पर्याप्त पौध सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शहतूत एक बहुउपयोगी वृक्ष है, जिससे फल, ईंधन और रेशम उत्पादन तीनों में लाभ मिलता है। राकेश सचान ने कहा कि 12 जुलाई को प्रदेशव्यापी महाअभियान के दौरान रेशम विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करेगा। उन्होंने पौधों की समय पर उपलब्धता, रोपण के बाद संरक्षण तथा सभी पौधों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# संपादकीय

## पीडीए के रास्ते सत्ता की राह आसान नहीं

उत्तर प्रदेश की राजनीति में वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव अभी भले कुछ समय दूर हो, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी रणनीतियों पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली सफलता को 2027 के विधानसभा चुनाव में दोहराने की कोशिश में जुटे दिखाई दे रहे हैं। 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय जनता पार्टी को कड़ी चुनौती दी थी। इस सफलता ने न केवल अखिलेश यादव का राजनीतिक आत्मविश्वास बढ़ाया, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि यदि सही सामाजिक समीकरण, मजबूत संगठन और प्रभावी मुद्दों के साथ चुनाव लड़ा जाए तो 2027 में सत्ता की वापसी संभव है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका 'पीडीए' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा रहा। अखिलेश यादव ने इस सामाजिक समीकरण को केवल चुनावी नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि टिकट वितरण, जनसभाओं और राजनीतिक संदेशों में भी इसे प्रमुखता दी। इसका असर यह हुआ कि समाजवादी पार्टी को प्रदेश में रिकॉर्ड सीटें मिलीं और भाजपा का प्रदर्शन 2019 की तुलना में काफी कमजोर रहा। यही कारण है कि अब पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में भी इसी सामाजिक गठजोड़ को और व्यापक बनाने की कोशिश कर रही है। हाल के महीनों में अखिलेश यादव लगातार सामाजिक न्याय, आरक्षण, संविधान, युवाओं के रोजगार, किसानों की आय, महंगाई और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह रणनीति 2024 की चुनावी लाइन को आगे बढ़ाने का प्रयास है, ताकि विपक्षी मतों का व्यापक ध्रुवीकरण समाजवादी पार्टी के पक्ष में हो सके। साथ ही, पार्टी अपनी पारंपरिक 'मुस्लिम-यादव' छवि से आगे निकलकर अन्य पिछड़ा वर्ग, दलितों और नए सामाजिक समूहों में भी अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव संगठनात्मक स्तर पर भी बदलाव कर रहे हैं। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, युवाओं को जिम्मेदारियां देने और डिजिटल माध्यमों से मतदाताओं तक पहुंच बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पार्टी यह मानती है कि केवल बड़े नेताओं की सभाओं से चुनाव नहीं जीते जा सकते, बल्कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत संगठन ही जीत की बुनियाद बनेगा। हालांकि, 2027 का चुनाव 2024 की पुनरावृत्ति भर नहीं होगा। लोकसभा और विधानसभा चुनावों की राजनीतिक परिस्थितियां अलग होती हैं। विधानसभा चुनावों में स्थानीय उम्मीदवार, क्षेत्रीय मुद्दे, जातीय समीकरण और सरकार की योजनाओं का असर अधिक दिखाई देता है। इसलिए समाजवादी पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह लोकसभा चुनाव की ऊर्जा को विधानसभा स्तर तक बनाए रख सके। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी भी 2027 की तैयारी में जुट चुकी है। संगठन विस्तार, सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने, पिछड़े और दलित वर्गों में अपनी पैठ बढ़ाने तथा बूथ प्रबंधन को और प्रभावी बनाने पर पार्टी का विशेष ध्यान है। ऐसे में मुकाबला पहले से अधिक कड़ा होने की संभावना है। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न कांग्रेस के साथ संभावित तालमेल का भी है। 2024 में विपक्षी गठबंधन को चुनावी लाभ मिला था। यदि 2027 में विपक्षी दलों के बीच सीटों का तालमेल बना रहता है, तो समाजवादी पार्टी को इसका फायदा मिल सकता है। वहीं यदि विपक्ष बिखरता है, तो चुनावी गणित बदल सकता है। हाल के बयानों से भी संकेत मिले हैं कि विपक्षी एकजुटता बनाए रखने पर चर्चा जारी है। अखिलेश यादव अपने भाषणों में लगातार लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को प्रमुखता दे रहे हैं। साथ ही वे 2027 के चुनाव को उत्तर प्रदेश की दिशा तय करने वाला चुनाव बताते रहे हैं। यह स्पष्ट करता है कि समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव को केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक संदेश के रूप में भी प्रस्तुत करना चाहती है। फिलहाल इतना तय है कि 2027 का चुनाव उत्तर प्रदेश की राजनीति का एक बड़ा मुकाबला बनने जा रहा है। एक ओर भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने की कोशिश करेगी, तो दूसरी ओर अखिलेश यादव 2024 की सफलता को आधार बनाकर विधानसभा चुनाव में भी वही राजनीतिक लय कायम करना चाहेंगे। लेकिन अंतिम फैसला उत्तर प्रदेश की जनता करेगी, जो चुनाव के समय मुद्दों, नेतृत्व, संगठन और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर अपना मत देगी। इसलिए यह कहना कि 2024 का प्रदर्शन 2027 में निश्चित रूप से दोहराया जाएगा, अभी जल्दबाजी होगी। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि समाजवादी पार्टी अपनी पूरी रणनीति उसी सफलता के अनुभव पर आधारित करती हुई दिखाई दे रही है।

राजीव शुक्ला -(संपादक)

# वैज्ञानिक मानचित्रण और आधुनिक तकनीक से ऊसर भूमि का हुआ सुधार, धरती बनी किसानों की समृद्धि का आधार

उत्तर प्रदेश में कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवनरेखा है। प्रदेश को समृद्धि का आधार उसकी कृषि व्यवस्था है और कृषि की सफलता सीधे भूमि की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। ऐसे में प्रत्येक इंच भूमि का संरक्षण, सुधार और उत्पादक उपयोग समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीकों को योजनाओं के साथ जोड़ते हुए निरंतर कार्य कर रही है। इसी दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कार्यरत रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग केंद्र (आरएसएसी-यूपी) द्वारा उपग्रह आधारित वैज्ञानिक मानचित्रण के माध्यम से ऊसर भूमि सुधार कार्यक्रमों का सटीक आकलन प्रदेश में विज्ञान आधारित सुशासन का एक प्रभावशाली उदाहरण बनकर सामने आया है। भूमि किसी भी राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपदा होती है, किंतु जब यही भूमि लवणीयता, क्षारीयता अथवा अन्य प्राकृतिक कारणों से अपनी उत्पादक क्षमता खो देती है, तो उसका सीधा प्रभाव किसानों की आय, कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। वर्षों तक अनुपयोगी पड़ी ऐसी ऊसर भूमि किसानों के लिए चिंता का विषय बनी रही। एक ओर कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल सीमित है, वहीं बढ़ती जनसंख्या और खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक भूमि को अधिकतम उत्पादक बनाया जा रहा है। इसलिए बंजर भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाना केवल भूमि सुधार का कार्य नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण प्रयास भी है।

उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ भूमि अपघटन की चुनौती लंबे समय से विद्यमान रही है। प्रदेश में लगभग 28.78 लाख हेक्टेयर भूमि विभिन्न प्रकार की भूमि अपघटन समस्याओं से प्रभावित है, जबकि लगभग 6.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र ऊसर भूमि के रूप में चिन्हित किया गया है। ऐसी भूमि पर खेती करना अत्यंत कठिन माना जाता है, जिसके कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होता है और किसानों की आय में भी अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाती। इस चुनौती को अवसर में बदलने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए चरणबद्ध तरीके से ऊसर भूमि सुधार कार्यक्रमों का सफल संचालन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक के सहयोग से संचालित ऊसर भूमि सुधार परियोजनाओं के माध्यम से इस दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। प्रथम चरण में 45 हजार हेक्टेयर भूमि के लक्ष्य के विरुद्ध 68 हजार हेक्टेयर ऊसर भूमि का सफल सुधार किया गया। इसके बाद दूसरे चरण में प्रदेश के 18 जनपदों में 1.50 लाख हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 1,89,714 हेक्टेयर भूमि को उपचारित किया गया। वहीं तीसरे चरण में 32 जनपदों में 1.30 लाख हेक्टेयर लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 1.42 लाख हेक्टेयर भूमि का सफल सुधार किया गया। इस प्रकार उत्तर प्रदेश ऊसर भूमि सुधार निगम अब तक लगभग 4 लाख हेक्टेयर ऊसर भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाकर किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने में सफल रहा है। किसी भी विकास कार्यक्रम की वास्तविक सफलता केवल लक्ष्यों की प्राप्ति से नहीं, बल्कि उसके स्थायी परिणामों से आंकी जाती है। इसी उद्देश्य से रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग केंद्र (आरएसएसी-यूपी) ने आधुनिक उपग्रह चित्रो, भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), डिजिटल विश्लेषण तथा क्षेत्रीय सर्वेक्षण के माध्यम से उपचारित भूमि की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया। यह अध्ययन केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भूमि सुधार परियोजनाओं की प्रभावशीलता का तकनीकी सत्यापन भी था। परियोजना के अंतर्गत औरैया, आजमगढ़, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, जौनपुर, कन्नौज, कासगंज, कानपुर देहात तथा सीतापुर सहित 10 जनपदों का चयन किया गया। प्रत्येक जनपद के दो-दो गांवों में उपचारित भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण कर उसकी वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया।

**उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ भूमि अपघटन की चुनौती लंबे समय से विद्यमान रही है। प्रदेश में लगभग 28.78 लाख हेक्टेयर भूमि विभिन्न प्रकार की भूमि अपघटन समस्याओं से प्रभावित है, जबकि लगभग 6.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र ऊसर भूमि के रूप में चिन्हित किया गया है। ऐसी भूमि पर खेती करना अत्यंत कठिन माना जाता है, जिसके कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होता है और किसानों की आय में भी अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाती। इस चुनौती को अवसर में बदलने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए चरणबद्ध तरीके से ऊसर भूमि सुधार कार्यक्रमों का सफल संचालन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक के सहयोग से संचालित ऊसर भूमि सुधार परियोजनाओं के माध्यम से इस दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। प्रथम चरण में 45 हजार हेक्टेयर भूमि के लक्ष्य के विरुद्ध 68 हजार हेक्टेयर ऊसर भूमि का सफल सुधार किया गया।**

उपग्रह आधारित मानचित्रण और स्थल निरीक्षण के समन्वित अध्ययन ने यह सुनिश्चित किया कि प्राप्त निष्कर्ष पूरी तरह वैज्ञानिक और प्रमाणिक हों। अध्ययन के परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहे। चयनित 20 गांवों में लगभग 90 प्रतिशत ऊसर भूमि का सफल सुधार पाया गया तथा इन क्षेत्रों में नियमित रूप से कृषि उत्पादन किया जा रहा है। जो भूमि कभी अनुपयोगी मानी जाती थी, वही आज किसानों के लिए अन्न, आय और आत्मविश्वास का आधार बन रही है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि आधुनिक विज्ञान और प्रभावी सरकारी योजनाओ के समन्वय से प्राकृतिक चुनौतियों को भी विकास के अवसर में बदला जा सकता है। इस परियोजना का लाभ केवल कृषि उत्पादन तक सीमित नहीं है। भूमि की उत्पादकता बढ़ने से किसानों की आय में वृद्धि हुई है,

# विरोध करना जनतंत्र की सार्थकता की पहली शर्त

शासन भले ही कोई भी चला रहा हो, पर जनतंत्र में असली शासक जनता ही होती है। जनता ही अपने वोट से शासन चलाने का अधिकार देती है या कहना चाहिए अवसर देती है। अब्राहम लिंकन ने जनतंत्र को परिभाषित करते हुए जनतांत्रिक सरकार को 'जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा' बताया था। ऐसे में जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों से इतनी अपेक्षा तो की ही जानी चाहिए कि वे अपने असली शासक को उचित सम्मान देंगे। जनता को अपने शासकों से यह पूछने का अधिकार है कि वे जो कर रहे हैं वह क्यों कर रहे हैं और यदि ऐसा लगता है कि चुनी हुई सरकार कुछ ग़लत कर रही है, तो इसके खिलाफ आवाज़ उठाने का पूरा अधिकार जनता को है। सच कहें तो इस तरह की निगरानी रखना जनता का अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना ज़रूरी है कि जनतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित शासक राजा नहीं होता, और न ही जनता प्रजा होती है। जनता का यही अधिकार और कर्तव्य उसे चौकीदार की भूमिका निभाने का दायित्व भी देता है। इस चौकीदार से अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी चुनी हुई सरकार के काम-काज पर नजर रखेगा और यदि कुछ ग़लत हो रहा है तो न केवल उसे उजागर करेगा, बल्कि ग़लत के खिलाफ आवाज़ भी उठायेगा- विरोध करना, ग़लत के खिलाफ प्रदर्शन करना हर जागरूक नागरिक का अधिकार है। इस अधिकार की रक्षा जनतांत्रिक व्यवस्था में जुड़ी सभी संस्थाओं, जिसमें पुलिस प्रमुख है, का कर्तव्य है। पर जब निर्वाचित प्रतिनिधि स्वयं को राजा समझने लगे और पुलिस यह समझने लगे कि वह जनता की नहीं, सरकार की सेवक है तो इसे जनतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के प्रतिकूल ही माना जायेगा। लेकिन, क्या ऐसा होता है? दुर्भाग्य से इस प्रश्न का उत्तर नकारात्मक है।हाल ही में यह सवाल मुंबई उच्च न्यायालय के एक कर्तव्यनिष्ठ न्यायाधीश ने उठाया था और स्वयं ही इसका उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि 'नागरिकों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का सेवक समझना किसी भी दृष्टि से सही नहीं कहा जा सकता।' न्यायमूर्ति माधव जामदार एक नागरिक को तड़ीपार किये जाने के आदेश को चुनौती देने वाले मामले में टिप्पणी कर रहे थे। नागरिक का अपराध यह था कि उसने सरकार के काम की आलोचना की थी, सरकारी आदेश के विरोध में प्रदर्शन किया था। न्यायमूर्ति ने पुलिस की इस कार्रवाई की तीव्र आलोचना करते हुए जनतंत्र में नागरिक के अधिकारों का हवाला दिया और कड़े शब्दों में कहा, 'यह क्या चल रहा है, सारे नागरिकों को भारत सरकार का गुलाम बनाया जा रहा है... ताकि वे विरोध-प्रदर्शन भी न कर सकें!'जनतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक के पास सबसे महत्वपूर्ण ताकतवर हथियार यही विरोध-प्रदर्शन करना है और उम्मीद की जाती है कि व्यवस्था नागरिक के इस अधिकार के प्रति सम्मान का भाव रखेगी। आज़ादी की लड़ाई के दौरान ही महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से देश की जनता को यह अहसास करा दिया था कि आने वाले भारत में नागरिक के पास यही एक कारगर हथियार होगा। संविधान में अभिव्यक्ति की आज़ादी के इस अधिकार को बहुत ही स्पष्ट रूप से समझा दिया गया है। सरकार की रीति-नीति के विरुद्ध आवाज़ उठाना नागरिक का अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। जब कोई सरकार नागरिक के इस अधिकार पर अंकुश लगाने का प्रयास करती है तो वह लोकतंत्र को सीमित करने की ही कोशिश समझी जानी चाहिए। इन दिनों देश में 'कॉकरोच पार्टी' का आंदोलन चल रहा है। राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर देश के युवा अपनी मांगों के समर्थन में पिछले एक पखवाड़े से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वे 'नीट' की परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में शिक्षा मंत्री को दोषी मानते हैं और इसीलिए उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। युवाओं के इस आंदोलन में जनतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाले लोग उन्हें समर्थन भी दे रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक अधिकारों की रक्षा के प्रति लगातार सजग रहने वाले योगेंद्र यादव भी कॉकरोच पार्टी के इस प्रदर्शन का समर्थन करने पहुंचे थे। अपने भाषण में उन्होंने लगभग पंद्रह साल पहले इसी जगह हुए भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन का हवाला देते हुए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने बताया कि तब भी शुरुआती दौर में आंदोलनकारियों की संख्या तो लगभग आज जैसी ही थी, पर तब जंतर मंतर का यह प्रदर्शन स्थल इतना छोटा नहीं था। उन्होंने कहा, 'जंतर-मंतर अब छोटा हो गया है' और यह छोटा होना एक मैदान का क्षेत्रफल कम होना नहीं है, 'हमारा लोकतंत्र सिकुड़ता जा रहा है।' हमारे लोकतंत्र के सिकुड़ने की यह बात हल्के में लिए जाने की बात नहीं है। सरकार की रीति-नीति पर नजर बनाये रखना और कुछ ग़लत लग रहा है तो उसका विरोध करना जनतंत्र की सार्थकता की पहली शर्त है। लोकतंत्र के सिकुड़ने का अर्थ है उन मूल्यों और आदर्शों का कमजोर पड़ना जो शासन-प्रणाली को अर्थवान बनाते हैं। लोकतंत्र के सिकुड़ने का यह काम अनायास नहीं हो रहा, लोकतंत्र को संकुचित किया जा रहा है। दो तरीके हो सकते हैं ऐसा करने के- पहला तो यह कि सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने वालों को बल प्रयोग करके कमजोर बनाया जाये और दूसरा ऐसे प्रदर्शन की उपेक्षा करके सत्ता के विरोधियों को हतोत्साहित किया जाये। सरकारें यह दोनों तरीके अपनाती हैं। पांच-छह साल पहले 2020-2021 में किसान आंदोलन को जिस तरह से दबाया गया था, वह देश ने देखा था। यह बात सही है कि तब लगभग एक साल तक चले इस आंदोलन के सामने सरकार को अंततः झुकना पड़ा था, पर जिस तरह किसानों को सरकार की उपेक्षा का शिकार होना पड़ा था, वह भी किसी से छिपा नहीं रहा। सत्ताशीर्ष पर बैठे लोग चाहते तो अपने बंगले से निकलकर कुछ ही दूरी पर आंदोलन करते किसानों से मिलकर समस्या का समाधान आसानी से कर सकते थे, पर उन्होंने कुल मिलाकर आंदोलनकारियों को थका देने की नीति अपनायी थी। सरकार का यह रवैया किसी भी दृष्टि से जनतांत्रिक मूल्यों-मर्यादाओं के अनुकूल नहीं था।



# हिमालय की गोद में खिला फूलों का स्वर्ग

हिमालय केवल पर्वतों की शृंखला नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत आधार है। इसकी हिमाच्छादित चोटियां जितनी भव्य हैं, उतनी ही समृद्ध इसकी जैव-विविधता, लोकसंस्कृति और प्राकृतिक परंपराएं भी हैं। उत्तराखंड का उत्तरकाशी जनपद गंगोत्री, दयारा बुग्याल, हर-की-दून, डोडीताल और नचिकेता ताल जैसी अनेक प्राकृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। इन्हीं के बीच स्थित मांझी वन फूलों की घाटी अत्यंत मनोहारी स्थल है। यह केवल रंग-बिरंगे पुष्पों का मैदान नहीं, बल्कि हिमालयी पारिस्थितिकी, जैव-विविधता और प्रकृति के साथ मानव के सह-अस्तित्व का अद्भुत उदाहरण है। वर्तमान समय में पर्यटन प्रायः उन स्थानों तक सीमित हो गया है जहां सड़कें, होटल और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों, जबकि हिमालय का वास्तविक सौंदर्य उन पगडंडियों पर बिखरा है जहां देवदार की सुगंध, पक्षियों का मधुर कलरव और प्रकृति की नीरवता आज भी अक्षुण्ण है। मांझी वन ऐसी ही एक अनमोल धरोहर है, जहां पहुंचकर मनुष्य स्वयं को प्रकृति का अभिन्न अंग अनुभव करता है।वर्षा ऋतु के आगमन के साथ यह घाटी अपने सबसे मनोहारी रूप में दिखाई देती है। महीनों तक बर्फ से ढकी रहने वाली धरती जैसे ही सूर्य की ऊष्मा और वर्षा की नमी प्राप्त करती है, वैसे ही हजारों प्रकार के जंगली पुष्प खिल उठते हैं। लाल, पीले, नीले, बैंगनी, गुलाबी और सफेद फूलों से सजी पूरी घाटी किसी विशाल प्राकृतिक चित्रकला का आभास कराती है। इन पुष्पों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें किसी ने लगाया नहीं है। कठोर जलवायु, ऊंचाई और सीमित संसाधनों के बीच प्रकृति ने इन्हें हजारों वर्षों में स्वयं विकसित किया है। यही कारण है कि यह क्षेत्र वैज्ञानिकों के लिए जैव-विविधता का महत्त्वपूर्ण अध्ययन-केंद्र तथा प्रकृति-प्रेमियों के लिए अनुपम आकर्षण है। मांझी वन की यात्रा स्वयं में एक अविस्मरणीय अनुभव है। मार्ग में देवदार, भोजपत्र और बुरांश के घने वन यात्रियों का स्वागत करते हैं। पहाड़ी ढलानों से उतरते झरने, शीतल समीर और मिट्टी की सोंधी सुगंध वातावरण को अनुपम ताजगी से भर देते हैं। प्रातःकाल जब सूर्य की पहली किरणें हिमालय की बर्फीली चोटियों पर पड़ती हैं, तो वे स्वर्णिम आभा से दमक उठती हैं।






**मेष** -मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में वृद्धि लेकर आ सकता है। कार्यस्थल पर आपको अतिरिक्त जिम्मेदारियां निभानी पड़ सकती हैं, जिन्हें आप अपनी समझदारी से पूरा करेंगे।

**वृषभ** -वृषभ राशि के जातकों को आज कार्य और व्यापार में प्रतिस्पर्धा के बीच धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता होगी। किसी के उकसावे में आकर लिया गया निर्णय नुकसान पहुंचा सकता है।

**मिथुन** -मिथुन राशि के जातकों के लिए आज व्यापार से जुड़े नए प्रस्ताव सामने आ सकते हैं, जिन पर गंभीरता से विचार करना लाभकारी रहेगा। प्रशासनिक अथवा सरकारी कार्यों में प्रगति के संकेत मिल रहे हैं।

**कर्क** -कर्क राशि के जातकों को आज हर कार्य सोच-समझकर करने की आवश्यकता है। अनावश्यक बहस और विवाद से दूरी बनाए रखना आपके हित में रहेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास मजबूत होगा, जिससे कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां या अधिकार मिलने की संभावना है।

**सिंह**-सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन कार्यों को गति देने वाला रहेगा। लंबे समय से मन में चल रही योजनाएं साकार होने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कन्या** -कन्या राशि के जातकों को आज अनावश्यक भागदौड़ से बचना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यदि कोई कानूनी या न्यायालय से जुड़ा मामला चल रहा है, तो उसमें राहत मिलने के संकेत दिखाई दे रहे हैं।

**तुला** -तुला राशि के जातकों को आज विभिन्न क्षेत्रों से सहयोग प्राप्त होने की संभावना है। हालांकि व्यवहार में जिद या अहंकार का भाव रखने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। विनम्रता और समझदारी से लिए गए निर्णय लाभदायक रहेंगे।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन धैर्य और सूझबूझ के साथ आगे बढ़ने का है। किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय लेने से पहले सभी पहलुओं की अच्छी तरह समीक्षा करें।

**धनु** -धनु राशि के जातकों को आज पारिवारिक मामलों, विशेषकर संतान से जुड़े विषयों में संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चाहिए। केवल तर्क के बजाय भावनाओं को भी महत्व देना आवश्यक रहेगा।

**मकर** -मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन परिश्रम से भरा रह सकता है। कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। पारिवारिक मामलों में कुछ तनाव की स्थिति बन सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

**कुंभ** -कुंभ राशि के जातकों की आय में सुधार होने के संकेत हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं या प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार मिलने से परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**मीन** -मीन राशि के जातकों को आज आर्थिक मामलों में किसी पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करने से बचना चाहिए। स्वास्थ्य सामान्य से थोड़ा कमजोर रह सकता है, इसलिए सावधानी बरतना आवश्यक होगा। कार्यक्षेत्र को लेकर मन में कुछ चिंता बनी रह सकती है, लेकिन अपनी कार्यकुशलता और एकाग्रता बढ़ाकर परिस्थितियों को अपने पक्ष में किया जा सकता है।

# मिशन 2027 उत्तर प्रदेश में फिर कमल खिलाने की तैयारी

### विकास और कानून व्यवस्था के दम पर भाजपा का बड़ा दांव विपक्ष अब भी दिशा की तलाश में

उत्तर प्रदेश की राजनीति ने एक बार फिर चुनावी रफ्तार पकड़ ली है। विधानसभा चुनाव में अभी समय है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने मिशन 2027 की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। पार्टी संगठन से लेकर सरकार तक हर स्तर पर समीक्षा कर रही है। बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक बैठकों का सिलसिला तेज हो गया है। उम्मीदवारों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जा रहा है और संगठन को पहले से अधिक मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की जा रही है। भाजपा का स्पष्ट लक्ष्य लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश की सत्ता में वापसी करना है। भाजपा का मानना है कि चुनाव केवल नारों से नहीं बल्कि संगठन की मजबूती और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने से जीते जाते हैं। यही कारण है कि पार्टी ने प्रत्येक बूथ को मजबूत करने का अभियान शुरू कर दिया है। बूथ समितियों को सक्रिय किया जा रहा है। शक्ति केंद्रों और मंडलों में नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा नेतृत्व चाहता है कि चुनाव आने तक संगठन पूरी तरह तैयार रहे और हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय दिखाई दे।

इस बार भाजपा केवल पुराने समीकरणों पर भरोसा नहीं करना चाहती। पार्टी के भीतर विधायकों और मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा शुरू हो चुकी है। जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता संगठन के साथ तालमेल और विकास कार्यों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। माना जा रहा है कि करीब चालीस प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट बदले जा सकते हैं। इसका उद्देश्य केवल नया चेहरा लाना नहीं बल्कि जनता के बीच बेहतर प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवारों को अवसर देना है। भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि पार्टी में टिकट का आधार केवल पुराना राजनीतिक अनुभव नहीं बल्कि जनता की सेवा और कार्यक्षमता होगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा लगातार विकास और कानून व्यवस्था को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करती रही है। पिछले वर्षों में एक्सप्रेसवे हवाई अड्डों मेडिकल कॉलेजों औद्योगिक परियोजनाओं धार्मिक पर्यटन और आधारभूत ढांचे के विस्तार को सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में गिनाया जाता है। अयोध्या काशी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास ने भी भाजपा के राजनीतिक अभियान को नई मजबूती दी है। कानून व्यवस्था भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी चुनावी ताकत मानी जाती है। पार्टी का दावा है कि अपराध और माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई ने प्रदेश की तस्वीर बदली है। निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और आम नागरिक में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि वर्ष 2027 का चुनाव भी विकास और मजबूत कानून व्यवस्था के मुद्दे पर ही लड़ा जाएगा। भाजपा की रणनीति केवल सरकार के कामकाज तक सीमित नहीं है। संगठन के भीतर भी अनुशासन और एकजुटता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में अलग अलग स्तर पर कई शक्ति केंद्र उभरे हैं। ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि चुनाव से पहले किसी भी प्रकार का आंतरिक असंतोष सार्वजनिक रूप से सामने न आए। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का संदेश दिया गया है। सहयोगी दलों के साथ तालमेल भी भाजपा की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर प्रारंभिक स्तर पर विचार शुरू हो गया है। भाजपा जानती है कि सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को संतुलित रखना चुनावी सफलता के लिए आवश्यक होगा। इसलिए सहयोगियों को सम्मानजनक भागीदारी देने की तैयारी भी दिखाई दे रही है। दूसरी ओर विपक्ष भी चुनावी मैदान में सक्रिय होने की कोशिश कर रहा है लेकिन अभी तक वह कोई स्पष्ट रणनीति या साझा दृष्टि प्रस्तुत नहीं कर पाया है। अलग अलग दल अपने अपने स्तर पर सरकार की आलोचना कर रहे हैं लेकिन जनता के सामने ऐसा व्यापक विकास मॉडल नहीं रख पाए हैं जो मतदाताओं को नया भरोसा दे सके। विपक्ष के भीतर नेतृत्व और गठबंधन को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केवल सरकार की आलोचना करके चुनाव नहीं जीते जा सकते। जनता अब विकास रोजगार निवेश आधारभूत सुविधाओं और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर ठोस योजनाएं देखना चाहती है। यदि विपक्ष इन विषयों पर स्पष्ट कार्यक्रम नहीं देता तो उसके लिए भाजपा को चुनौती देना आसान नहीं होगा।

भाजपा का दावा है कि पिछले वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदली है। गांवों तक सड़कें पहुंची हैं। बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है। गरीबों के लिए आवास और शौचालय जैसी योजनाओं का विस्तार हुआ है। महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में भी सरकार लगातार काम कर रही है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोचिंग के लिए निकली छात्रा लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज




**सहजनवा, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के पीपरी गांव की रहने वाली एक छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा 6 जुलाई को घर से नौसढ़ स्थित कोचिंग के लिए निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीपरी निवासी खुशी मझवार, पुत्री स्वर्गीय रामलखन, रोज की तरह कोचिंग के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। मोबाइल और अन्य माध्यमों से संपर्क करने का प्रयास भी सफल नहीं हुआ। इसके बाद परिवार ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और कई स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। आखिरकार छात्रा की मां जोनहा देवी ने गीडा थाने पहुंचकर घटना की लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि छात्रा के संभावित आने-जाने के रास्तों की जांच की जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। परिजनों ने छात्रा का जल्द पता लगाने की मांग की है।

### युवती से गाली-गलौज का विरोध करना भाइयों को पड़ा भारी, मारपीट के बाद मुकदमा दर्ज



**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में एक युवती से कथित गाली-गलौज का विरोध करना उसके भाइयों को भारी पड़ गया। विरोध करने पर दोनों भाइयों के साथ मारपीट किए जाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नसीरपुर निवासी विजय यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 जून 2026 को उनकी बहन घर के सामने सड़क पर मोबाइल फोन से बात करते हुए जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के जोगेंद्र यादव ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की।

घटना की जानकारी मिलने पर विजय यादव और उनके भाई ने जोगेंद्र यादव से इस संबंध में पूछताछ की। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर जोगेंद्र यादव और उसके भाई गोरख यादव ने दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक दक्षिणी से की और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर गोला पुलिस ने जोगेंद्र यादव और गोरख यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 351(3) एवं 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की संदिग्ध मौत: फंदे से लटका मिला शव

**हाथ में मिला सुसाइड नोट बना रहस्य**
**दो बचियो के सिर से उठा पिता का हाथ, पत्नी हुई बढोश, जांच में जुटी ख़जनी पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी/गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के छताई के (धुवहां) गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गांव निवासी बृजेश कुमार गौड़ (पुत्र स्वर्गीय रामदास गौड़) का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना के बाद सबसे बड़ा रहस्य मृतक के हाथ में मिला सुसाइड नोट बन गया है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल नोट में क्या लिखा है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार, सुबह काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो बृजेश का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही खजनी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के हाथ में मिले सुसाइड नोट को पुलिस ने महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए सुरक्षित कर लिया है। हालांकि पुलिस ने नोट की सामग्री के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है। इसी कारण गांव में तरह-तरह की चर्चाएं और कयास लगाए जा रहे हैं। घटना के समय मृतक की पत्नी मायके में थी। पति की मौत की सूचना मिलते ही वह घर पहुंची तो यह मंजर देखकर बेसुध हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बृजेश अपने पीछे दो बच्ची अनन्या 10 वर्ष निकिता 8 वर्ष को छोड़ गया । वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था। ग्राम प्रधान धुवहां रमेश सिंह ने बताया कि सुबह सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर का फाटक खुला मिला। वहीं मृतक के भाई ने बताया कि काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो शक होने पर उसे तोड़ा गया। अंदर जाकर देखा तो बृजेश फंदे से लटका हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि सुसाइड नोट की जानकारी उन्हें नहीं दी गई है।

एसएसआई रामदयाल यादव ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सुसाइड नोट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि मामला आत्महत्या का है या मौत के पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## दस घंटे में गोला पुलिस का बड़ा एक्शन: महिला से लूटा मंगलसूत्र बरामद, दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार (गोरखपुर)।** दिनदहाड़े महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार हुए बाइक सवार दो लुटेरों को गोला पुलिस ने महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर शानदार सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटा गया पीले धातु का मंगलसूत्र और वारदात में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर बाइक (UP52 CE 2912) भी बरामद कर ली है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। एसपीआरए दक्षिण दिनेश कुमार पुरी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी सीपी पांडेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक इन्द्रजीत कुशवाहा और पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपितों तक पहुंच बनाई। शुक्रवार सुबह करीब 9:40 बजे तरैना पुलिया के पास से राहुल यादव (28) और निशांत उर्फ सन्नी यादव (25), निवासी ग्राम पहौरिया, थाना बड़हलगंज, को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे कोटिया नायक गांव निवासी जानकी देवी, पत्नी संजय यादव, चंद चौराहा स्थित अमन मोबाइल शॉप से मोबाइल बनवाकर ऑटो की तलाश में पैदल जा रही थीं। तभी पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। घटना के बाद गोला पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से लूटा गया मंगलसूत्र और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है। दोनों आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया है तथा उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

## वृहद वृक्षारोपण के लिए पशुपालन विभाग ने जुटाए 500 पौधे



**बैतालपुर, देवरिया।** रविवार को होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को लेकर पशुपालन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर विकास खंड बैतालपुर की विभागीय टीम ने नेरूई अमवां पौधशाला से करीब 500 फलदार एवं छायादार पौधे प्राप्त किए। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकांत तिवारी ने बताया कि इन पौधों को विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न पशुपालन संस्थानों के परिसर में लगाया जाएगा। पौधारोपण के लिए गड्ढे पहले ही तैयार कर लिए गए हैं, ताकि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय पर रोपण किया जा सके। पौधे लाने वाली टीम में सुभाष चंद, चेतन मणि और सोनू राजभर भी शामिल रहे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पौधारोपण के बाद उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि अधिकतम पौधे जीवित रह सकें और अभियान सफल हो।

## साइबर क्राइम का पुलिस अधिकारी बताकर छानबे हजार छः सौ रुपए खाते से उड़ाया केस दर्ज



**सहजनवां गोरखपुर:** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कविसा निवासी एक व्यक्ति को जालसाज ने साइबर क्राइम का पुलिस बताकर उसके खाते से छानबे हजार छः सौ रुपया उड़ा दिया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के कविसा निवासी राजेश कुमार चौधरी पुत्र स्व पंचराम चौधरी के मोबाइल नम्बर पर 3 जून को सुबह 8.15 बजे के करीब एक अनजाने नम्बर से फोन आया कि साइबर क्राइम पुलिस अधिकारी बोल रहे है। तुम्हारे मोबाइल से अश्लील वीडियो वायरल हुआ है। दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़ित उसके झांसे में आ गया। और गूगल पे से जालसाज के खाते में आठ बार में छानबे हजार छः सौ रुपया भेज दिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने 1930 पर फोनकर ट्रांजेक्शन को होल्ड कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जालसाज के खिलाफ ठगी का केस दर्ज कर लिया है।

## स्कूल चलो अभियान पर निकाली गई जागरूकता रैली

**एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा: राजेश त्रिपाठी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर** गोला तहसील क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मदरिया गोला में स्कूल चलो अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी एवं ब्लॉक प्रमुख गोला कुसुमावती देवी ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली को रवाना किया। रैली को रवाना करते हुए विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि अगर एक ही बच्चा विद्यालय नहीं जाता है और शिक्षा से मरहूम हो जाता है तो सरकार का जो स्कूल चलो अभियान संकल्प है वह पूरा नहीं हो पाएगा, उन्होंने समस्त अभिभावकों से निवेदन किया कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजे।ब्लॉक प्रमुख कुसुमावती देवी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। खंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया जाता है। प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार राय ने कहा कि स्कूल चलो अभियान रैली, जनसंपर्क, घर-घर संपर्क तथा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जाता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन तथा अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाती हैं। यह अभियान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, साक्षर समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान महेंद्र शर्मा विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार सिंह, मुकेश राय, रागिनी सिंह, इंदुमती देवी इंदुमती कुमारी, पुष्पा, विवेक, मनोज ए आर पी गोला गोविंद पटेल रामनयन शुक्ला, अरविंद पटेल, मनीष पाठक, सुशील तिवारी, हरकेश सिंह, अमित राय, आदि शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्राम सभा के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# पडरौना विधायक निधि से निजी विद्यालयों पर मेहरबानी?

**MLALADS पोर्टल की सूची ने खड़े किए कई सवाल**
**वर्ष 2025-26 की प्रस्ताव सूची में एक दर्जन से अधिक निजी विद्यालयों में शिक्षण कक्ष व भवन निर्माण के प्रस्ताव, पारदर्शिता और पात्रता पर उठे प्रश्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कुशीनगर।** विधानसभा क्षेत्र पडरौना से विधायक क्षेत्र विकास निधि (MLALADS) के वर्ष 2025-26 की प्रस्ताव सूची में बड़ी संख्या में निजी विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों में भवन निर्माण और शिक्षण कक्ष निर्माण के प्रस्ताव दर्ज होने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के विधायक क्षेत्र विकास निधि (MLALADS) पोर्टल पर उपलब्ध सूची के अनुसार कई निजी शिक्षण संस्थानों में 4 लाख रुपये से लेकर 9.50 लाख रुपये तक की लागत से निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। पोर्टल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार बलकुड़िया स्थित एन.डी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 6 लाख, बसडीला के श्रीनाथ इंटर कॉलेज में 6 लाख, जंगल अमवा के गोपाल प्रसाद गुप्ता इंटर कॉलेज में 9 लाख, दानदोपुर के के.के. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 7 लाख तथा लीलाधर छपरा के सरस्वती देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में 7 लाख के शिक्षण कक्ष निर्माण के प्रस्ताव दर्ज हैं। इसी प्रकार बबुईया हरपुर स्थित स्व. राजमंगल गुप्त स्मारक स्कूल में 4 लाख, रोआरी के द चिल्ड्रेन एकेडमी में 9 लाख, किन्नर पट्टी के श्रीमती सरस्वती देवी जूनियर हाई स्कूल में 4 लाख, नरचोचवा (गुलहरिया टोला) के रामबचन इंडियन पब्लिक प्राथमिक विद्यालय में 5 लाख, नरचोचवां के रामबचन इंडियन पब्लिक स्कूल में 6 लाख, जटहां बाजार के विश्वा पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में 9.50 लाख तथा श्रीमती लाची देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में 9.50 लाख के प्रस्ताव सूचीबद्ध हैं।

सूची में विकास खण्ड विशुनपुरा के ग्राम कंठीछपरा स्थित एम.एस.डी. कॉन्वेंट स्कूल में ?9 लाख की लागत से शिक्षण कक्ष निर्माण तथा जंगल बकुलहा स्थित कोदई किसान वीर एकलव्य इंटरमीडिएट कॉलेज में ?9.50 लाख की परियोजना भी दर्ज है। इन प्रस्तावों के सार्वजनिक होने के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि विधायक निधि का उपयोग निजी शिक्षण संस्थानों में किन नियमों और पात्रता शर्तों के आधार पर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निजी संस्थानों को निधि से लाभ दिया गया है तो यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि संबंधित संस्थान योजना की किन शर्तों को पूरा करते हैं और इन परिसंपत्तियों का उपयोग किस प्रकार सार्वजनिक हित में होगा।

**नागरिकों की मांग** अब क्षेत्र के नागरिकों की मांग है कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इन सभी प्रस्तावों की पात्रता, स्वीकृति प्रक्रिया तथा निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक करें, ताकि किसी प्रकार की भ्रांति न रहे और विधायक निधि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

# स्कूल चलो अभियान को लेकर निकली जागरूकता रैली

**उत्कृष्ट नामांकन करने वाले 15 शिक्षक सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कुशीनगर।** स्कूल चलो अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को विकासखंड पडरौना स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) पर जनजागरूकता रैली, शैक्षिक संगोष्ठी, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा उत्कृष्ट नामांकन करने वाले शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (वर्तमान में डायट प्राचार्य) अनिल कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने की, जबकि नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी अमित चौहान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का बुके, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जनजागरूकता रैली निकाली। रैली में शिक्षा के प्रति जागरूकता संबंधी नारों के माध्यम से अभिभावकों से प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराने और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की गई। मुख्य अतिथि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने के साथ प्रत्येक घर तक शिक्षा का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल चलो अभियान केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक बच्चे की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और विद्यालयों के समग्र विकास का अभियान है। उन्होंने शिक्षकों से नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही विकासखंड में सर्वाधिक नामांकन करने वाले 15 विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट नामांकन करने वाले शिक्षक उमाशंकर सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी एवं रमेश गौड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि घर-घर संपर्क, अभिभावकों से संवाद और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विद्यालयों में नामांकन बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, ब्लॉक इकाई पडरौना के अध्यक्ष रविंद्र नारायण पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर इंद्रजीत मणि त्रिपाठी, प्रवीण कुमार पाण्डेय, उमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र के हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करे।

## बिना भरे दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर कराने का आरोप

**किसानों में आक्रोश, रेलवे मुआवजा भुगतान प्रक्रिया पर उठे सवाल, पारदर्शिता की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** छितौनी- तमकुही रोड नई रेल परियोजना अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान को लेकर प्रभावित किसानों में संकट गहराता जा रहा है। किसानों ने कहा कि मुआवजा प्रक्रिया की पूरी तरह पारदर्शी नहीं है तथा ना पूरी जानकारी भरे दस्तावेज़ों हस्ताक्षर कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है । किसानों ने मांग की है कि प्रभावित व्यक्ति को दस्तावेज़ों अवार्ड लिस्ट और मुआवजा की कैलकुलेशन शीट उपलब्ध कराई जाय।

**किसानों के बयान** प्रमोद कुमार गुप्ता: जब तक दस्तावेज़ों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब किसी भी कागज पर हस्ताक्षर कराना त नहीं है। **गजानंद गुप्ता:** मुआवजा निर्धारण की पूरी न्या सार्बजनिक होनी चाहिए, ताकि सभी नानों को अपने अधिकारों की स्पष्ट कारी मिल सके।

**संतोष जायसवाल:** कई किसान आज भी मुआवजे की स्थिति को लेकर असमंजस । प्रशसन से पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया जाने की मांग करते हैं। **नरेश मद्धेसिया:** किसान लंबे समय से न्यायपूर्ण वजे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन को प्रभावित किसानों के साथ समान व्यवहार शेत करना चाहिए। **बलिस्टर जायसवाल:** प्रशासन प्रभावित किसानों बाथ खुली बैठक कर सभी दस्तावेज़ों और ब्वजा निर्धारण की प्रक्रिया स्पष्ट करने चाहिए।

**धर्मेंद्र गुप्ता, शिवनारायण यादव:** किसानों ने योजना के लिए अपनी भूमि दी है, इसलिए समयबद्ध, न्यायसंगत और पारदर्शी तरीके आवजा मिलना चाहिए।

**किसानों का आरोप** किसानों का आरोप है कि भुगतान प्रक्रिया से पूर्व अपर जिलाधिकारी (न्याधिक) कार्यालय, कुशीनगर/देवरिया की ओर से 28 जनवरी 2026 को जारी नोटिस के आधार पर उप भूमि अध्याप्ति कार्यालय में बुलाए गए किसानों से बिना पूरी जानकारी भरे दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जा रहा है। इसको लेकर प्रभावित किसानों में असंतोष और चिंता व्याप्त है।

**किसानों की प्रमुख मांगे** अवार्ड लिस्ट सार्बजनिक की जाए, मुआवजा निर्धारण की कैलकुले शीट उपलब्ध कराई जाए, सभी प्रभावित किसानों को दस्ता की प्रमाणित प्रति दी जाए, बिना जानकारी व विवरण के दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर न कराए, भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनाई जाए। **सांसद से मुआवजा भुगतान हेतु उठाई गई मांग** प्रभावित किसानों ने कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि मुआवजा भुगतान को पारदर्शी बनाया जाए और उन्हें मुआवजा भुगतान अविलंब कराई जाय।

## एकल अभियान के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ, 40 जिलों के कार्यकर्ता जुटे



**देवरिया।** शहर के कसया ढाला स्थित बरनवाल सेवा सदन में शुक्रवार से एकल अभियान प्रभाग-4 के तीन दिवसीय नैपुण्य (प्रशिक्षण) वर्ग का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में पूर्वी, मध्य और दक्षिणी उत्तर प्रदेश के करीब 40 जिलों से गतिविधि प्रमुख, प्रभारी और समिति के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, वरिष्ठ व्यवसायी हरेंद्र जायसवाल, केंद्रीय टोली सदस्य राघवेंद्र सैनी और अरविंद कन्नौजिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। राजेश्वर सिंह ने कहा कि एकल अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, आरोग्य, प्राकृतिक खेती और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय टोली सदस्य राघवेंद्र सैनी ने कहा कि एकल अभियान के माध्यम से प्रभाग के 12 हजार गांवों को आदर्श ग्राम बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए समाज जागरण, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती, योग, आयुर्वेद, ग्राम स्वराज, नागरिक कर्तव्य और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेंद्र जायसवाल ने की। इस दौरान अरविंद कन्नौजिया, संजय सूर्या, देवनारायण, प्रहलाद, सर्वेश नाथ त्रिपाठी, मार्कण्डेय मिश्रा, पवन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोहिया भवन में 184 सड़क सुरक्षा मित्रों को मिला प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अम्बेडकरनगर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को लोहिया भवन सभागार में 184 सड़क सुरक्षा मित्रों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के मूल सिद्धांतों, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सरकारी नियमों तथा स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि पंचायती राज एवं जनपद के प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करे तथा यातायात नियमों का पालन करे। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं में सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करने में अभिभावकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सरकार सड़क सुरक्षा अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है, लेकिन जनसहभागिता के बिना सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना संभव नहीं है। उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों की तत्काल सहायता करने की अपील करते हुए बताया कि सरकार राहबीर योजना के तहत मददगार व्यक्तियों को सम्मानित और प्रोत्साहित भी करती है। उन्होंने सड़क सुरक्षा मित्र अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कर्नल संजीव शर्मा (CoERS, आईआईटी मद्रास) ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे अधिक असर युवा वर्ग पर पड़ रहा है। उन्होंने सड़क सुरक्षा मित्रों को समाज और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग का आश्वासन दिया। वरिष्ठ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. एस.डी. मिश्रा ने सीपीआर और प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद के शुरुआती कुछ मिनट घायल की जान बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसके बाद CoERS, आईआईटी मद्रास के प्रिंसिपल प्रोजेक्ट ऑफिसर पंकज मेहरा ने सड़क सुरक्षा ऑडिट, स्कूल जोन सुरक्षा, दुर्घटनास्थल प्रबंधन और सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, एआरटीओ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी सहभागिता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य सड़क सुरक्षा मित्रों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देने और जनजागरूकता गतिविधियों का नेतृत्व करने के लिए सक्षम बनाना रहा।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 31 जुलाई तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** प्रभारी प्राचार्य लाल सिंह ने बताया है कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतापगढ़ में सत्र 2027-28 हेतु कक्षा 6 में 80 सीटों पर प्रवेश हेतु निःशुल्क आवेदन 31 जुलाई तक वेबसाइट https://navodaya.gov.in पर कर सकते है। परीक्षा की तिथि 28 नवम्बर निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि अभ्यर्थी जो जिले के प्रमाणिक निवासी है और शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रतापगढ़ जिले के सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा-5 में पढ़ रहे है, जहां जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हो रहा है और जिसमें वे प्रवेश पाना चाहते है। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शिक्षण सत्र में अध्ययनरत रहे हो तथा सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 3 व 4 उत्तीर्ण की हो एवं 01मई 2015 से 31जुलाई 2017 के बीच जन्म हुआ हो (दोनो तारीख शामिल)। अधिक जानकारी के लिये हेल्प डेस्क नम्बर 9450775198 व 8004052718 पर सम्पर्क कर सकते है।

## उन्नाव में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का जनपदीय अधिवेशन सम्पन्न

**नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग का जनपदीय अधिवेशन शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह निरीक्षण भवन, सिंचाई विभाग में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में सर्वसम्मति से नई जनपद कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान इंजीनियर धर्मेन्द्र कुमार को जनपद अध्यक्ष, इंजीनियर सौरभ को जनपद सचिव, इंजीनियर अभिषेक को जनपद उपाध्यक्ष, इंजीनियर रमेश कुमार गौतम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इंजीनियर उमाकांत गौतम को प्रचार सचिव, इंजीनियर अतुल कुमार उपाध्याय को वित्त सचिव तथा इंजीनियर अंजली शुक्ला को जनपद लेखा संप्रेक्षक निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

इस अवसर पर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर नितेंद्र श्रीवास्तव, प्रांतीय महासचिव इंजीनियर राकेश कुमार यादव, प्रांतीय संरक्षक इंजीनियर ओ.पी. राय, अतिरिक्त महासचिव (मध्य) इंजीनियर विनय कुमार यादव, लखनऊ मंडल अध्यक्ष इंजीनियर चंद्र दत्त शर्मा, लखनऊ जनपद अध्यक्ष इंजीनियर संजीव कुमार मिश्रा, अलीगढ़ मंडल के उप महासचिव ओम प्रकाश, सीतापुर जनपद अध्यक्ष इंजीनियर अमित कुमार वर्मा सहित विभिन्न जनपदों एवं खंडों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान विभागीय हितों की रक्षा, अभियंताओं की समस्याओं के प्रभावी समाधान, संगठन की मजबूती तथा कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए अभियंताओं के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## भीम आर्मी के अतुल वाल्मीकि को पुलिस ने किया घर में नजर बंद



**बरेली।** मेरठ की पीड़िता ललिता गौतम के परिवार से मिलने जा रहे सांसद एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद के कार्यक्रम से पूर्व बरेली में भीम आर्मी के नेता अतुल वाल्मीकि को बीती रात से उनके आवास पर पुलिस ने घर में ही नजर बंद कर उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया है। अतुल वाल्मीकि ने बताया किसी भी नागरिक या सामाजिक कार्यकर्ता को बिना किसी स्पष्ट कानूनी आदेश के उसके घर में रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। लोकतंत्र में अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाना और पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन के पास कोई वैधानिक आदेश है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए। बिना लिखित आदेश के किसी व्यक्ति की स्वतंत्र आवाजाही पर रोक लगाना उचित नहीं है।

## बरेली में पागल कुत्ते ने पांच साल की बच्ची पर किया हमला

**बरेली।** बहेड़ी के गांव मलकपुर में पांच साल की उपासना गंगवार पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची के मुंह और गर्दन को बुरी तरह नोच लिया। बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुत्ते से बच्ची को बचाने पहुंचे पिता व गांव के दो अन्य लोगों को भी काटकर घायल कर दिया। गांव मलकपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार की पांच साल की पुत्री उपासना एक घर से दूसरे घर जा रही थी। स्वजन ने बताया कि रास्ते में कुत्ते ने उपासना पर हमला कर दिया। उसने बच्ची की गर्दन पर वार किया। इसके बाद उसके चेहरे को बुरी तरह से नोच डाला। उसका ओठ और गाल गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके गहरे-गहरे घाव हो गए और चेहरा देखना मुश्किल हो गया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पिता और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पिता ने डंडे और ग्रामीणों ने ईट-पत्थर फेंककर किसी तरह से कुत्ते को भगाया, लेकिन इस दौरान उसने धर्मेंद्र के भी पैर में काट लिया। बुरी तरह से घायल बच्ची को स्वजन बहेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे चिकित्सक ने जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया है।

## योगी सरकार का कड़ा रुख: बरेली में बिजली की बदहाली पर नपे दो बड़े अधिकारी

**बरेली।** जिले की बिजली व्यवस्था पर लगातार उठ रहे सवाल के चलते मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम ज्ञान प्रकाश व अधीक्षण अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह का गुरुवार रात स्थानांतरण कर दिया गया। यह दोनों अधिकारी लंबे समय से उपभोक्ताओं को बिजली समस्या से निजात नहीं दिल पा रहे थे। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश का स्थानांतरण मध्यांचल मुख्यालय लखनऊ कर दिया गया। इनकी जगह मध्यांचल लखनऊ में तैनात अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार सिंह को प्रोन्नति देते हुए मुख्य अभियंता बनाकर बरेली में तैनाती दी गई है। यह मूलतः मिर्जापुर के रहने वाले हैं। वहीं अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह को दक्षिणाचल विद्युत वितरण निगम आगरा में संबद्ध किया गया है। जिले की खराब विद्युत अव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण स्थानांतरित किया गया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक में भी बिजली का मुद्दा उठा था। नए मुख्य अभियंता के लिए भी विद्युत व्यवस्था को पटरी पर लाने की चुनौती रहेगी।

## बहराइच में दबंगों ने महिला को लोहे की रॉड से पीट पीटकर किया घायल

**बहराइच।** हुजूरपुर इलाके की रहने वाली महिला को मामूली कहासुनी में दबंगों ने पीट दिया। सिर पर लोहे की राड से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। गंभीरावस्था में उसे सीएचसी चिरैयाटांड़ ले जाया गया, जहां सात टांके चिकित्सकों ने उसके सिर में लगाए। आरोप है कि इसके बाद भी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। हुजूरपुर के खानपुर मधनगरा निवासी पुष्पा देवी ने अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि सात जुलाई की देर शाम पड़ोस के रहने वाले दबंगों ने उनकी मामूली कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज होकर उन्होंने हमला बोल दिया। लात-घूसों से पिटाई करने के साथ ही सिर पर लोहे के राड से प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। घटना की जानकारी पीड़िता ने थाने पर दी, पुलिस ने उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए सीएचसी चिरैया टांड़ भेजा, जहां सिर में चिकित्सकों ने सात टांके लगाकर उसकी हालत गंभीर बताई।

# 100 फीट ऊंचे टावर पर 19 घंटे तक डटा रहा युवक

## पुलिस-प्रशासन के छूटे पसीने; घंटों की मशक्कत के बाद उतारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तिलहर-शाहजहांपुर।** कछियानीखेड़ा स्थित डिग्री कॉलेज परिसर में लगे बीएसएनएल के करीब 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़े युवक ने 19 घंटे तक पुलिस और प्रशासन की नींद उड़ा दी। गुरुवार रात शुरू हुआ हाई-वोल्टेज घटनाक्रम शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे खत्म हुआ, जब अधिकारियों की लंबी समझाइश और कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सकुशल नीचे उतारा जा सका। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस, प्रशासन और परिजनों की सांसें अटकी रहीं। गुरुवार रात करीब आठ बजे मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी निवासी आकाश यादव अचानक मंदिर के पास स्थित बीएसएनएल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। रातभर पुलिस मोबाइल फोन के जरिए युवक से बातचीत करती रही, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। युवक लगातार खुद को पुलिस प्रताड़ना का शिकार बताते हुए कार्रवाई की मांग करता रहा। शुक्रवार सुबह उसके पिता गुड्डू और मां अनीता को मौके पर बुलाया गया। मामला बढ़ता देख एडीएम अरविंद कुमार, एसडीएम जीत सिंह राय, तहसीलदार अजहर अंसारी, ग्रामीण एसपी दीक्षा भंवरे, सीओ इशिका सिंह, प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा समेत पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी मौके पर डेरा डाले रहे। बातचीत के दौरान युवक ने आरोप लगाया कि कटरा थाने में दर्ज मुकदमों के बाद उसे लगातार प्रताड़ित किया गया।

उसने हरियाणा में नौकरी के दौरान 50 हजार रुपये की साइबर ठगी और फैक्ट्री ठेकेदार द्वारा शोषण का भी आरोप लगाया। युवक का कहना था कि कहीं भी उसकी सुनवाई नहीं हुई, जिससे उसका व्यवस्था पर भरोसा खत्म हो गया। स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब युवक ने अपने पास सल्फास की गोलियां और खाने-पीने का सामान होने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती।घंटों तक चली मान-मनौव्वल के बावजूद युवक सीबीआई या सेना के अधिकारियों से बात कराने और सेना में नौकरी दिलाने की मांग पर अड़ा रहा। आखिरकार एडीएम अरविंद कुमार ने धैर्यपूर्वक बातचीत कर उसे भरोसा दिलाया। इसके बाद पुलिस टीम टावर पर चढ़ी और सुरक्षा उपायों के बीच युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। नीचे उतरते ही पुलिस उसे अपने साथ थाने ले गई। मानसिक स्थिति की होगी जांच सीओ इशिका सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही है। उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर उसे बरेली स्थित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान रेफर किया जाएगा।

## पुलिस ने होटल्स रेस्टोरेंट और ढाबों को चेक कर दिए दिशा निर्देश

**कोंच(जालौन)-** अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने और शांति सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने नगर में खुले होटलों, रेस्टोरेंट एवं ढाबों की चेकिंग कर व्यवस्थाएं जांची और संचालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने शुक्रवार को नगर में अलग-अलग स्थानों पर खुले होटलों, रेस्टोरेंट एवं ढाबों की चेकिंग की। पुलिस ने होटलों में ठहरने वाले लोगों की होने वाली एंट्री से संबंधित रजिस्टर चेक करते हुए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति जांची। प्रभारी निरीक्षक ने होटल संचालकों को निर्देश दिए कि जो भी व्यक्ति होटल में ठहरता है उसका पूरा विवरण स्पष्ट रूप से दर्ज करें और संदिग्ध व्यक्ति अथवा संदिग्ध सामान नजर आए तो इसकी सूचना तत्काल ही पुलिस को दें। रेस्टोरेंट एवं ढाबों के संचालकों को भी निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शराब जुआ से लेकर अन्य अवैध गतिविधियों को न होने दें वरना कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कोई व्यक्ति यदि अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

# कांवड़ यात्रा पर पुलिस सख्त

## हाफिजगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रिठौरा।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को थाना हाफिजगंज परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नई परंपरा की शुरुआत कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस बेहद सख्ती से निपटेगी। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष संतोष कुमार, चौकी प्रभारी रिठौरा राजीव कुमार शर्मा, एसआई सुनील कुमार, एसआई हरवीर सिंह, एसआई सुरेंद्र कुमार शर्मा, एसआई अवधेश सिंह, एसआई चंद्र वीर सिंह, एसआई आकाश चौधरी और एचएम क्राइम रवींद्र चौधरी ने क्षेत्र से आए संभ्रांत नागरिकों और ग्राम प्रधानों से कांवड़ मार्ग, आवागमन की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीधा संवाद किया। पुलिस अधिकारियों ने रूट और संवेदनशीलता को लेकर स्थानीय लोगों से जरूरी इनपुट और सूचनाएं भी एकत्र कीं। थानाध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त (पेट्रोलिंग) करती रहेंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। अफवाहों पर ध्यान न दें और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। इस मौके पर प्रमुख रूप से कलीम आजाद, संजय, हरपाल, राजा मौर्या, अंकित मौर्या, सचिन साहू, शाकिर अंसारी, राजेंद्र कुमार, हरीश बाबू सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और सेवादार मौजूद रहे।

# आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य के लिए पौधारोपण है जरूरी- विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** नगर में हाटा स्थित कान्हा गौशाला के समीप बने पार्क में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कोंच इकाई द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने किया। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपाइयों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान लोगों को अपनी माताओं के सम्मान के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें, ताकि हरित वातावरण का निर्माण हो सके। इस दौरान शिवसिंह कुशवाहा, अनिल कपूर, बाबूराम पाल, महेंद्र सोनी लला, अनिल अग्रवाल, प्रदीप वर्मा, विपिन पटेल, गौरव तिवारी, विविध श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धौरहरा वन रेंज के हरदी गांव में घर में निकला अजगर

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा वन रेंज के अंतर्गत हरदी गांव में एक घर के अंदर अजगर निकल आने से इलाके में हड़कंप मच गया। अजगर को देखते ही परिवार और आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और सभी वन विभाग की टीम के पहुंचने का इंतजार करने लगे। बताया जा रहा है कि अजगर घर के अंदर काफी देर तक मौजूद रहा। वीडियो चर्चा में: घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अजगर के साथ दुकान में रखी इफको यूरिया की बोरियां भी दिखाई दे रही हैं। इसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, वीडियो में दिखाई दे रही सामग्री और उसके संबंध में किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू करने की कार्रवाई में जुटी है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे किसी भी जंगली जीव के पास न जाएं और तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

## बीमार भाई के लिए दवा लेने निकले थे दो सगे भाई, सड़क हादसे ने दोनों की जिंदगी छीन ली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर।** बीमार भाई के लिए दवा लेने निकले दो सगे भाइयों की शुक्रवार तड़के लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन की भीषण टक्कर में एक भाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के दो बेटों की मौत से गांव अमनपुर गौटिया में मातम पसर गया। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। क्षेत्र के गांव अमनपुर गौटिया निवासी अजय शर्मा अपने छोटे भाई विजय शर्मा (35) के साथ शुक्रवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे बाइक से तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने जा रहे थे। परिजनों के अनुसार, रात में विजय की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। घर में दवा न होने पर दोनों भाई तत्काल अस्पताल के लिए निकले थे। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर इंडियन गैस एजेंसी के पास लकड़ी की टाल के सामने पहुंचते ही अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही पीआरवी-112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां चिकित्सकों ने विजय शर्मा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अजय शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। एक ही दिन में परिवार के दो बेटों की मौत से घर में कोहराम मच गया। विजय शर्मा अपने पीछे पत्नी रितु, पुत्र कार्तिक तथा पुत्रियां मानसी और नित्या को छोड़ गए हैं। पिता रामभरोसे, मां बिमला देवी, भाई संजय और नीरज तथा बहनें नीमा देवी और नीलम देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि




विजय शर्मा पहले फैक्ट्री में काम करते थे, जबकि अजय शर्मा कपड़ों की सिलाई का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। एक ही हादसे में दोनों भाइयों की मौत ने परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर गहरा आघात पहुंचाया है। सीओ इशिका सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना होना सामने आया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जाएगी।

# श्री राम मंदिर का श्रेय लेने वाली भाजपा चढ़ावा चोरी मामले पर अब चुप है - पप्पू यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** बिहार से कांग्रेस सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने शुक्रवार को कानपुर के तिलक हॉल स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर केंद्र सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण का राजनीतिक श्रेय लेने वाली भाजपा अब इस मामले पर पूरी तरह चुप है। यदि मंदिर में चढ़ावे और दान से जुड़ी अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं तो बीजेपी को सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। अयोध्या जाने के सवाल पर पप्पू यादव ने कहा, 'हम 24 घंटे अयोध्या और भगवान राम के आदर्शों में जीते हैं। भगवान राम ने देश और समाज के लिए त्याग, सत्य और मर्यादा का संदेश दिया था। कांग्रेस और मैं हमेशा उन्हीं आदर्शों के साथ जनता की सेवा करने का प्रयास करते हूं। हमारे नेता राहुल गांधी भी भगवान राम के बताए सत्य और न्याय के मार्ग पर देश के करोड़ो लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के उस बयान का भी जिक्र हुआ, जिसमें उन्होंने राम मंदिर के दर्शन के बजाय केवल हनुमानगढ़ी जाने की बात कही थी। इस पर पप्पू यादव ने दावा किया कि 'उन्हें पहले से पता था कि मंदिर में लगातार चोरी हो रही है। इसलिए उन्होंने ऐसा बयान दिया।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राम मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं और पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। पप्पू यादव ने आगे आरोप लगाया कि मंदिर में मिलने वाले दान और चढ़ावे की पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने देश के प्रमुख मंदिरों में आने वाले दान का उल्लेख



करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े धन का पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ प्रबंधन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह की वित्तीय अनियमितता हुई है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रेस वार्ता में कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** विहिप एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के तहत शुक्रवार को कांशीराम कॉलोनी स्थित मल्टीस्टोरी (कंपोजिट) विद्यालय परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पौधारोपण भी किया गया। चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. देवदत्त, फार्मासिस्ट सुधांशु सिंह, सहायक दीपिका, हिमांशु राय, अरविंद, पुष्पेंद्र और विजय सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरत के अनुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। शिविर का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे और स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपे गए। कार्यकर्ताओं और



नागरिकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विहिप नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि सेवा कार्य और पर्यावरण संरक्षण समाज के प्रति हर नागरिक का दायित्व है। ऐसे कार्यक्रम सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने के साथ लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर नगर संयोजक चंदन सोनी, महेंद्र चंदेरिया, जिला गौरक्षा प्रमुख गौरव सोनी, देवेश नाहर, संकेत, सुयश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिगों के हाथों में ई-रिक्शा की कमान, यात्रियों की जान जोखिम में

**लखीमपुर-खीरी/निघासन।** निघासन कस्बे में यातायात नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि 10 से 12 वर्ष तक के नाबालिग बच्चे ई-रिक्शा चलाकर सवारियां ढो रहे हैं। इससे न केवल उनकी अपनी सुरक्षा बल्कि यात्रियों और अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ रही है।स्थानीय नागरिकों द्वारा बनाए गए एक वीडियो में एक सफेद ई-रिक्शा मुख्य सड़क पर चलता दिखाई दे रहा है। दावा किया जा रहा है कि वाहन एक नाबालिग चला रहा था, जबकि उसमें कई यात्री भी सवार थे। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति मोटर वाहन नहीं चला सकता। ई-रिक्शा एक व्यावसायिक वाहन है, जिसके संचालन के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण (आरसी) और आवश्यक परमिट अनिवार्य हैं। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

## अछनिया समिति पर खाद की कमी किसान परेशान

**मितौली खीरी-** के अछनियां सघन सहकारी समिति क्षेत्र में खाद की भारी कमी से किसान परेशान हैं। खरीफ सीजन के दौरान समिति को अप्रैल से जुलाई तक मात्र पांच ट्रक खाद ही उपलब्ध कराई गई है, जिससे लगभग 28-29 गांवों के किसानों को पर्याप्त उर्वरक नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति से किसानों में गहरा रोष है। समस्या के समाधान के लिए समिति अध्यक्ष संजय दीक्षित की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें मुगलीपुर समिति के अध्यक्ष रवि तिवारी सहित कई अन्य समिति अध्यक्ष भी मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से खाद की आपूर्ति बढ़ाने की मांग उठाई गई। समिति अध्यक्ष संजय दीक्षित ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में एडीओ कोऑपरेटिव से बात की थी। एडीओ ने दावा किया कि समिति द्वारा आरटीजीएस नहीं किया गया है। हालांकि, बैंक से प्राप्त आरटीजीएस विवरण के अनुसार, 7 जुलाई 2026 को भुगतान कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद समिति को अब तक खाद नहीं मिली है। दीक्षित ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की अन्य समितियों को लगभग दस ट्रक खाद भेजी गई है, जबकि अछनियां किसान सेवा समिति को केवल पांच ट्रक खाद ही प्राप्त हुए हैं। इस असमान वितरण से किसान और समिति के कर्मचारी दोनों चिंतित हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आगामी सोमवार या मंगलवार तक पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिली, तो वह इस्तीफा देने पर विचार करेंगे।

## भाकियू पंचायत में किसानों ने उठायी स्थानीय समस्याएं





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत शुक्रवार को नवीन कृषि मंडी परिसर स्थित किसान भवन में विनोद कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचायत में मौजूद क्षेत्रीय किसानों ने अपनी स्थानीय समस्याएं शिकायत उठाई, जिसके उपरांत संगठन के पदाधिकारियों ने प्रभारी तहसीलदार को 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर शीघ्र ही कार्यवाही किए जाने की मांग की। संगठन के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल की अगुवाई में प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल को सौंपे गए मांगपत्र में प्रमुख रूप से शासन द्वारा बंद की गई गौशालाओं को पुनः संचालित कराने की मांग उठाई गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित गौशालाएं जल्द शुरू नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इसके अलावा कई गांवों में जर्जर एवं झुके हुए विद्युत पोल बदलने, मनमाने तरीके से बढ़ाए गए घरेलू बिजली कनेक्शनों के भार को पूर्ववत करने तथा बिजली आपूर्ति खासकर ग्रामीण इलाकों की व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। विभिन्न गांवों में संपर्क मार्ग की सड़कों, इंटरलॉकिंग, पुलिया का निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, तालाबों की सफाई, अन्ना पशुओं के विचरण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पंचानन कोंच से क्योलारी मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी झाड़ियों की सफाई कराने की भी मांग मांगपत्र में शामिल रही। संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि ब्लॉक स्तर की बैठकों में बीडीओ, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित और जिम्मेवार अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए ताकि गांवों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। संगठन के पदाधिकारियों ने उक्त सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान दर्जनों की संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# तालाब बन गई सड़क, दुबहा गाँव में आवागमन ठप

## बच्चों का स्कूल जाना आना हुआ मुश्किल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** निघासन जनपद के निघासन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबहा में मार्ग की तालाब जैसी बदहाल हालत ने ग्रामीणों की जिंदगी बेहाल कर दी है मानसून की तेज बारिश के बाद सड़क पर जमी गंदगी और पानी ने ऐसा मंजर बना दिया है कि छोटे बच्चे स्कूल तक नहीं पहुँच पा रहे महिलाएँ बाजार रसोई के काम नहीं कर पा रही और घरों में पानी भरने से दैनंदिन जीवन चरमराया हुआ है लोगो ने repeatedly ग्राम प्रधान और 1076 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है पर अब तक किसी सरकारी अधिकारी ने समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया !स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क में गहरे गड्ढे और जाम हुई नालियों के कारण पानी ने पूरे मार्ग को तालाब में बदल दिया है नालियों की सफ़ाई नहीं होने और मरम्मत न किए जाने से पानी निकास न होने के कारण कई घरों के आंगन व रसोई तक में पानी भर गया है ग्रामीणों की बढ़ती आशंका यह भी है कि पानी भरने से कीड़े मकोड़े और संक्रमित बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा जिससे स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है! दोनों तरफ की आवाज़ें सुनने पर पता चला कि स्थानीय लोगों ने खड़ंजा लगाने नाली की मरम्मत व सफाई कराने की जोरदार मांग की है गांव के एक बुजुर्ग ने बताया हमने कई बार ग्राम प्रधान को कहा 1076 पर शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई बच्चे कीचड़ में स्कूल नहीं जा पाते टीचर भी परेशान हैं एक युवती ने कहा कि बाजार या स्वास्थ्य केंद्र जाने में जीवन कठिन हो गया है खाना बनाने में पानी की दिक्कत आ रही है तो कीड़ों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

ग्राम पंचायत कार्यालय और निघासन तहसील से बातचीत की कोशिश में कोई ठोस जवाब नहीं मिला स्थानीय प्रशासन की उदासीनता पर ग्रामीण गुस्से में हैं और जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पंचायत स्तर पर आंदोलन किया जाएगा ग्रामीणों का कहना है कि मामूली मरम्मत और नाली साफ कराने से समस्या का तत्काल समाधान संभव है और बड़ा जोखिम टाला जा सकता है स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार जलभराव और गंदे पानी से



जलजनित बीमारियाँ त्वचा रोग और मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियाँ फैलने का खतरा बना रहता है बच्चों और बुजुर्गों की प्रतिरक्षा कम होने के कारण इन्हें विशेष खतरा है इसलिए प्रशासन को त्वरित कदम उठाकर नाली मरम्मत पानी का निकास और खड़ंजा बिछवाने का काम शुरू करना चाहिए! गांव की वर्तमान स्थिति ने दिखा दिया है कि छोटी छोटी अव्यवस्थाएँ कैसे बड़े जनस्वास्थ्य संकट में बदल सकती हैं निघासन तहसील व जिला प्रशासन से आग्रह है कि वह मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लें तुरंत मरम्मत व सफाई कार्य कराकर ग्रामीणों की परेशानियों का स्थायी समाधान करें अन्यथा ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ने की आशंका है और यह मामला जल्द ही उच्च अधिकारियों तक पहुंच सकता है।

## हाईवे किनारे मरा पड़ा कुत्ता, नहीं हटा रहा एनएचएआई; राहगीरों ने उठाए सवाल

उचौलिया, लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे निकट हीरो एजेंसी के पास कई दिनों से एक मरा हुआ कुत्ता पड़ा होने के बावजूद उसे नहीं हटाया गया है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इससे आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी खतरा पैदा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक मृत पशु को हटाने की कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही बरती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और एनएचएआई से मृत पशु को तत्काल हटवाने तथा हाईवे की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि राहगीरों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### हेड कांस्टेबल मिथिलेश व चंद्र प्रकाश को दी गई भावभीनी विदाई



**चुनार, मीरजापुर।** सी ओ कार्यालय चुनार में तैनात हेड कांस्टेबल मिथिलेश यादव एवं चंद्रप्रकाश का सोनभद्र स्थानांतरण होने पर विभाग के सहयोगियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा ने दोनों लोगों को राधा कृष्ण का चित्र देकर उन्हें विदाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान हेड कांस्टेबल पंकज वर्मा, जयप्रकाश सिंह, राजेश यादव, राम अवतार सिंह, सुनील यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### राजमिलान में पशु चोरों का आतंक, गांव में मचा हडकंप

**09 पशु चोरी,पशुपालक का लाखों का नुकसान, बड़े वाहन से चोरी की आशंका**



**बीजपुर/सोनभद्र-** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम राजमिलान में पशु चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। गांव निवासी केशी कुमार गुर्जर पुत्र दिनेश राम गुर्जर जो पशुपालन कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं, के पशुबाड़े से अज्ञात चोर 3 भैंस, 3 पड़िया और 3 पड़वा चोरी कर ले गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित द्वारा थाना बीजपुर में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 9 जुलाई 2026 की रात अज्ञात चोर उनके पशुबाड़े से सभी पशुओं को खोलकर ले गए। सुबह जब वह पशुबाड़े पहुंचे तो सभी पशु गायब मिले। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग सका। ग्रामीणों का कहना है कि एक साथ 9 बड़े मवेशियों की चोरी बिना किसी बड़े वाहन के संभव नहीं है, इसलिए आशंका जताई जा रही है कि संगठित पशु चोर गिरोह किसी बड़े वाहन से मौके पर पहुंचा और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाना बीजपुर में तहरीर देकर चोरी गए पशुओं की बरामदगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही पशु चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और पशु चोर गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिला अधिकारी के निर्देश पर देवापुर पचवल-भटौली मार्ग का SDM ने किया निरीक्षण, किसानों से की बात



**मीरजापुर** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर उपजिलाधिकारी/ SLAO मीरजापुर गुलाब चन्द्र ने आज प्रस्तावित देवापुर पचवल से भटौली मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्ष्ठरूगुलाब चन्द्र ने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। किसानों ने मार्ग निर्माण से होने वाले लाभ और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी चिंताओं को SDM के सामने रखा। मार्ग निर्माण हेतु आने वाली भूमि और परिसम्पत्तियों का अंश निर्धारित करने के लिए SDM/SLAO ने PWD के इंजीनियर बी के पाण्डेय के साथ मौके का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार सदर और PWD विभाग को संयुक्त रूप से सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग के बनने से देवापुर, पचवल और भटौली क्षेत्र के दर्जनों गांवों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी और कृषि उत्पादों को मंडी तक पहुंचाना आसान हो जाएगा। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए ही भूमि अधिग्रहण और मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# अष्टभुजा हत्याकांड में सभी आरोपी बरी

**» एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में दिया संदेह का लाभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिर्जापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के अष्टभुजा वाहन स्टैंड पर 10 अगस्त 2022 में हुए चर्चित हत्याकांड में एमपी-एमएलए कोर्ट ने बिहार के पूर्व विधायक सुनील पांडेय समेत सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने साक्ष्यों और गवाहों के परीक्षण के बाद आरोप सिद्ध न होने पर सभी अभियुक्तों को संदेह का लाभ देते हुए बरी करने का आदेश दिया। अष्टभुजा वाहन स्टैंड के पास गोली लगने से थाना ब्रह्मपुर बक्सर बिहार निवासी कन्हैया प्रसाद घायल हुए थे। जिला स्तर पर इलाज के बाद वाराणसी रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

बताया गया कि निर्णय से पूर्व न्यायालय में अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों का परीक्षण किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने पाया कि अभियोजन आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में सफल नहीं हो सका। इसके आधार पर सभी अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया गया। इस मामले में बिहार के पूर्व विधायक सुनील पांडेय उर्फ नरेंद्र पांडेय भी आरोपित थे। उनके आरोपी होने के कारण मुकदमे की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। अन्य आरोपितों में संतोष कुमार, अनूप कुमार ठाकुर, सोमराज सिंह, प्रसन्नराज, सिद्धार्थ कुमार खरे, गोल्डी सिंह उर्फ तुषार तथा फौजी उर्फ नंदगोपाल पांडेय शामिल थे। आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष अग्रवाल ने न्यायालय में पैरवी की। न्यायालय के निर्णय के बाद सभी आरोपितों को मुकदमे से दोषमुक्त कर दिया गया।

## थाना चुनार पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** चुनार थाना पर दिनांकः 10.07.2026 को वादी मुन्ना गुप्ता पुत्र घनश्याम दास गुप्ता निवासी साहबराम गोला थाना चुनार जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त (दामाद) के विरूद्ध पैसे की लेनदेन के विवाद को लेकर वादी के पुत्र व पड़ोसी पर चोकू से हमला करने, धमकी व गाली-गलौज के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0-292/2026 धारा 109(1),118(1),351(3),352 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी चुनार को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में



थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए दिनांकः 10.07.2026 को उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त अब्दुल रब पुत्र लल्लू निवासी मुहल्ला पीरवाजी शहीद थाना चुनार जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 109(1),118(1),351(3),352 बीएनएस में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय/जेल भेजा गया।

### जिला वन ट्रिलियन डॉलर (ओटीडी) सेल की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सकल जिला घरेलू उत्पाद में 12.10 प्रतिशत की वृद्धि, विकास सूचकांकों में सुधार पर जोर**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वन ट्रिलियन डॉलर (ओटीडी) सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जनपद का सकल जिला घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 46,929 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष 2023-24 की तुलना में 5,084 करोड़ रुपये अधिक है। इस प्रकार जनपद ने 12.10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। जनपद की प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.55 प्रतिशत की सहभागिता तथा प्रति व्यक्ति आय 1,69,563 रुपये दर्ज की गई, जो प्रदेश की औसत प्रति व्यक्ति आय से अधिक है। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य एवं वन विभाग सहित प्राथमिक क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा करते हुए अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए।

# भदोही में होगा 12.44 लाख पौधों का वृहद वृक्षारोपण

**» 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील, तैयारियों की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए सत निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** प्रदेश सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत 12 जुलाई को प्रदेशभर में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसके तहत भदोही जनपद में 12 लाख 44 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की तैयारियों की समीक्षा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा और जिलाधिकारी शैलेष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में की गई। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 23 विभागों को लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। वृक्षारोपण की निगरानी के लिए विभागाध्यक्षों को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा उन पर निगरानी के लिए जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गड्ढों की खुदाई, पौधों का उठान और अन्य तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी विवेक कुमार यादव ने बताया कि जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम विकासखंड भदोही के ग्राम पंचायत काशी नरेश विश्वविद्यालय हॉस्टल परिसर में आयोजित होगा। इसमें प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निकाय प्रतिनिधि सहित जनप्रतिनिधि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करेंगे। इस दौरान जामुन, अर्जुन, सेमल, आम, बरगद, पीपल, पाकड़, आंवला, नीम, शीशम और कंजी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, लायंस क्लब, नेहरू युवा केंद्र, रेड क्रॉस सोसाइटी, आपदा मित्रों, होमगार्ड, एनएसएस, एनसीसी तथा सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिए कि जिन विभागों ने समय से पौधों का उठान नहीं किया है, उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए। लापरवाही बरतने वाले विभागों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मनरेगा के माध्यम से मोरवा और वरुणा नदी तटों पर भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि वन विभाग को 3.36 लाख, ग्राम विकास विभाग को 4.74 लाख, कृषि विभाग को 1.56 लाख 700, पंचायती राज विभाग को 59 हजार, उद्यान विभाग को 59 हजार तथा अन्य विभागों को भी उनके निर्धारित लक्ष्य के



अनुसार पौधरोपण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष अभियान के तहत महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कपि वन, ऊर्जा वन, अविरल धारा वन, मिशन छाया और पौराणिक वन जैसी विशेष अवधारणाओं पर भी कार्य किया जाएगा। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर 'वंदे मातरम वाटिका', रक्षाबंधन पर 'भाई-बहन वृक्षारोपण', शिक्षक दिवस पर 'एक पेड़ गुरु के नाम', तथा आम भंडारा और सहजन भंडारा जैसे विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने पौधों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए ट्री गार्ड, बायो फेंसिंग और सुरक्षा खाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि लगाए गए पौधों का बेहतर संरक्षण हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शुभांगी शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी विवेक कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, एआरटीओ राम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, सभी अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर होटल, ढाबा व दुकान संचालकों के साथ पुलिस की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** आगामी सावन माह की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को भदोही थाना परिसर में होटल, ढाबा, मदिरा एवं मीट-मछली दुकान संचालकों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी और अपराध निरीक्षक के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी ने कहा कि सावन माह के दौरान जिले से बड़ी संख्या में कांवड़ यात्रियों का आवागमन होगा। ऐसे में कानून-व्यवस्था, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने होटल एवं ढाबा संचालकों को स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने, उचित मूल्य पर सेवाएं देने तथा परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

मदिरा विक्रेताओं को लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने, नाबालिगों को शराब न बेचने तथा दुकानों पर अनावश्यक भीड़ न लगने देने के निर्देश दिए गए। वहीं



मीट-मछली दुकानदारों से स्वच्छता बनाए रखने और कूड़े का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस ने यात्रा मार्गों पर अतिक्रमण न करने, पार्किंग व्यवस्था का पालन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में थाना प्रभारी भदोही सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। होटल, ढाबा एवं अन्य प्रतिष्ठानों के संचालकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### शादी का झासा देकर भगाने व दुष्कर्म करने के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** लालगंज थाना पर दिनांकः 02.07.2026 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की पुत्री को बहला-फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-262/2026 धारा 87 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त महिला सम्बन्धित अपराध की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक लालगंज को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांकः 10.07.2026 को उपनिरीक्षक सुजीत कुमार सेठ मय पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त रमजान अली पुत्र मुबारक अली निवासी ग्राम तेन्दुआकलां थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को अन्तर्गत धारा 87,69 बीएनएस में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

### भारी मात्रा में बैटरी के साथ चोर गिरफ्तार



**मिर्जापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत काफी दिनों से ट्रकों की बैटरियों के गायब होने सूचना लगातार मिल रही थी, जिसपर कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को अहरौरा पुलिस थानाध्यक्ष अजय मिश्रा के संचालन में बड़ी सफलता हाथ लगी।दो शातिर चोरो को पुलिस ने दबोचा एक अभी भी पकड़ से बाहर है। पुलिस प्रशासन द्वारा पकड़े गए चोरों के निशान देही पर 30 ट्रक की बैटरी को बरामद किया गया है। पकड़े गये शातिर खड़ी बड़ी वाहनों से बैटरी चोरी करते थे। गिरोह बन्द चोर चालक को गुमराह करके बनाते थे चोरी की योजना करते थे बैटरी गायब। आये दिन पहाड़ियों के किनारे खड़ी वाहनों को बनाते थे निशाना ।चोरी की बैटरी को जंगल मे बने झोपडी मे रखते थे चोर। सुरागकसी से पुलिस को मिली बड़ी सफलता। पकड़े गए चोरों की पहचान लवकुश पुत्र हरिवंश उम्र 21 वर्ष निवासी घाटमपुर थाना अहरौरा श्रवण कुमार पुत्र राम प्यारे बिंद सिरसी नियमताबाद जिला चंदौली के रूप में हुई है।

## शिकायतकर्ता ने हेड कांस्टेबल पर धमकी देने का लगाया आरोप, वीडियो हो रहा वायरल

**» देह व्यापार की शिकायत करने वाले ने हेड कांस्टेबल पर कार्रवाई की मांग करते हुए हटाए जाने की किया मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट ड्रमंडगंज निवासी द्वारिका प्रसाद केशरी ने ड्रमंडगंज थाने के एक हेड कांस्टेबल पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। द्वारिका प्रसाद केशरी ने बीते 29 जून को ड्रमंडगंज घाटी हनुमान मंदिर के पास तथा लहुरियादह,भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में देह व्यापार का धंधा किए जाने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। वायरल हो रहे वीडियो में शिकायतकर्ता यह कह रहा है कि देह व्यापार का धंधा करवाए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई। ऊपर से ड्रमंडगंज थाने के दीवान नारायण शर्मा दो सिपाहियों और दारोगा के साथ मेरे घर आए और धमकी देने लगे कि तुम्हें दारू गांजा के धंधे में फर्जी मुकदमा लगाकर फंसा देंगे। वीडियो में बता रहे हैं कि देह व्यापार का धंधा करवाने वाले युवक द्वारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। वायरल हो रहे वीडियो में शिकायतकर्ता कह रहा है कि हनुमान मंदिर के पास माता,बहन बेटियां जाती हैं लेकिन पास में हो रहे देह व्यापार के धंधे से ट्रक के चालक खलासी गंदी नीयत से देखते हैं। हनुमान मंदिर के पास हो रहे गलत कार्य को बंद कराने की मांग की। शिकायतकर्ता ने हेड कांस्टेबल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए हटाए जाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में हेड कांस्टेबल नारायण कुमार शर्मा ने बताया कि देवहट गांव निवासी द्वारिका प्रसाद केशरी ने आइजीआरएस पर आनलाइन शिकायत की थी उसी शिकायत के संबंध में पूछताछ करने के लिए बुधवार की रात एसआई पुनीत गुप्ता के साथ उनके घर पर गया था। उनके द्वारा धमकी देने का गलत आरोप लगाया जा रहा है। मेरे द्वारा शिकायतकर्ता को कोई धमकी नही दी गई थी।

## एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत RSETI परिसर में 100 पौधों का वृहद वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और प्रकृति के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI), भदोही परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत 100 पौधों का वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक, भदोही श्री अमित कुमार गुप्ता ने पौधारोपण करते हुए कहा कि प्रकृति और माँ दोनों ही जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देने का दायित्व है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला वन अधिकारी, भदोही श्री विवेक कुमार यादव का विशेष सहयोग रहा। उनके मार्गदर्शन में परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए, जिससे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने पौधारोपण के साथ- साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने तथा स्वच्छ वातावरण के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक श्री भारद्वाज उपाध्याय ने मुख्य अतिथि, वन विभाग एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करता रहेगा।

## सी0एम0 डैशबोर्ड के रैकिंग में विकास कार्यों में सोनभद्र को मिला प्रदेश में दूसरा स्थान

**» जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन से हासिल हुई उपलधि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा सुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की ओर से किए जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर साफ दिखाई देने लगा है। प्रदेश स्तर पर जारी जून माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में विकास कार्यों के मामले में सोनभद्र को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के कुशल निर्देशन व प्रभावी नेतृत्व के चलते जनपद सोनभद्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने में सफलता पाई है। जिलाधिकारी ने बताया कि जून माह के जारी आंकड़ों के मुताबिक सोनभद्र ने विकास कार्यों में जनपद में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की गणना के लिए निर्धारित 63 सूचकांकों के सापेक्ष जनपद को 59 सूचकांकों में ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। सोनभद्र ने विकास कार्यों के मामले में 630 अंकों में 610 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि सभी विभागों के बेहतर समन्वय, नियमित अनुश्रवण एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्ध कार्यशैली का परिणाम है।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयास, टीम भावना तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप किए गए सतत कार्यों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के मानक के अनुरूप सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता व जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करते रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनशिकायतों एवं विभिन्न विभागीय प्रकरणों का समयबद्ध, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से जनपद भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में और बेहतर स्थान प्राप्त करेगा।

### विण्ढमगंज पुलिस ने किया वांछित वारंटी को किया गिरफ्तार

**विंढमगंज/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा महिला संबंधी मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में थाना विण्ढमगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में दिनांक 10.07.2026 को थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत वारंट के अनुपालन में एक वारंटी अभियुक्त बलवन्त पुत्र स्वर्गीय राम किशोर उर्फ शम्भू, निवासी ग्राम पतरिहा, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 46 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध मु0नं0-843/2005, धारा 354 भादवि, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र से संबंधित न्यायालयीय वारंट लंबित था। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0-56/2025, धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, थाना विण्ढमगंज, उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव, का0 प्रिन्शु तिवारी शामिल रहे।

## जनसंख्या नहीं, मानव पूंजी बने विकास की आधारशिला- डॉ चन्दन कुमार द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार मिर्जापुर** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ चंदन कुमार द्विवेदी ने विश्व जनसंख्या दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाये जाने वाले विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य यह समझना है कि जनसंख्या किसी देश के लिए अवसर और चुनौती–दोनों हो सकती है। भारत आज विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है।लगभग डेढ़ अरब लोगों की यह आबादी यदि शिक्षित, स्वस्थ, कुशल और उत्पादक बनती है,तो यही भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी शक्ति सिद्ध होगी। इसके विपरीत, यदि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और रोजगार की आवश्यकताओं की अनदेखी की जाती है, तो यही जनसंख्या आर्थिक एवं सामाजिक दबाव का कारण भी बन सकती है। भारत आज एक महत्वपूर्ण जनांकिकीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

देश की बड़ी आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है, जिसे अर्थशास्त्री जनसांख्यिकीय लाभांश कहते हैं। यह अवसर स्थायी नहीं होता; इसका लाभ तभी मिलता है जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध हों। यदि ऐसा नहीं हुआ तो यही लाभांश बेरोजगारी, सामाजिक असंतोष और आर्थिक विषमता में परिवर्तित हो सकता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत की कुल प्रजनन दर में उल्लेखनीय कमी आई है और अनेक राज्यों में यह प्रतिस्थापन स्तर तक पहुँच चुकी है। यह जनसंख्या स्थिरीकरण की दिशा में सकारात्मक संकेत है। दूसरी ओर, जीवन प्रत्याशा बढ़ने के कारण वृद्धजन आबादी भी तेजी से बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में भारत को वृद्धजन स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन व्यवस्था और दीर्घकालिक देखभाल जैसी नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए आज की जनसंख्या नीति को केवल जन्मदर तक सीमित रखने के बजाय जीवन-चक्र आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

विकसित भारत 2047 का सपना केवल आर्थिक विकास दर बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। इसके लिए मानव पूंजी में निवेश सबसे महत्वपूर्ण होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, कौशल



विकास, डिजिटल साक्षरता, अनुसंधान एवं नवाचार, महिला शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाना भारत की विकास यात्रा को नई गति प्रदान कर सकता है। विश्व जनसंख्या दिवस हमें यह भी स्मरण कराता है कि जनसंख्या नियंत्रण से अधिक महत्वपूर्ण है जनसंख्या का गुणवत्तापूर्ण विकास। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छ पर्यावरण, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ। यही विकसित भारत की वास्तविक पहचान होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दुष्कर्म के अभियोग में अभियुक्त गिरफ्तार, पूर्व में 02 और जा चुके हैं जेल

**प्रतापगढ़।** थाना कुंडा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नया का पुरवा सुजौली निवासी वादी की तहरीर के आधार पर उनकी माता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना कुंडा पर मु0अ0सं0 231/2026 मो0 अशरफ उर्फ धोनी पुत्र जियाउद्दीन, रिजवान पुत्र मोईनउद्दीन एवं हसन पुत्र फहीम खान, निवासीगण ग्राम नया का पुरवा सुजौली, थाना कुंडा, जनपद प्रतापगढ़ के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। कुण्डा पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में थाना कुण्डा पर दर्ज मुकदमा से संबंधित अभियुक्त रिजवान पुत्र स्व0 अब्दुल मोईद निवासी ग्राम सुजौली उम्र 26 वर्ष को थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत दिलेरगंज चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

### पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ना का मुकदमा हुआ दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दहेज उत्पीड़न को लेकर लालगंज पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के मोनी का पुरवा अगई निवासिनी प्रियंका पाण्डेय पुत्री संतोष पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका विवाह इसी वर्ष फरवरी में लेदई का पुरवा देवापुर निवासी जितेन्द्र मिश्र उर्फ लल्लू पुत्र तीर्थराज के साथ हुआ था।पीड़िता के मुताबिक बीती बारह जून को पति जितेन्द्र मिश्र व जेठ नागेन्द्र तथा देवर अरविन्द ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियो ने पीड़िता को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपियो द्वारा उसके स्त्रीधन को जबरिया रख लिया गया है। वही आरोपियो द्वारा पीड़िता व उसके पिता को शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति जितेन्द्र समेत तीन के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व धमकी तथा दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

### आम भंडारा अभियान के तहत स्कूली बच्चों को बांटे गए आम के पौधे




**सिद्धार्थनगर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा संचालित आम भंडारा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्कूली बच्चों के बीच आम के पौधों का वितरण किया गया। बुढऊ स्थित वन पौधशाला के वन दरोगा चंद्रिका प्रसाद के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय रजवापुर एवं कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल बुढऊ में 25-25 आम के पौधे विद्यार्थियों को वितरित किए गए। साथ ही दोनों विद्यालय परिसरों में एक-एक आम के पौधे का रोपण कर बच्चों को पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प दिलाया गया।वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय रजवापुर के प्रधानाध्यापक योगेश मौर्य, कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल बुढऊ के प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र त्रिपाठी, गिरीश श्रीवास्तव, अनिल कुमार, नितिन कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### सिद्धार्थनगर में मोटर पंप में उतरे करंट से महिला की मौत



**सिद्धार्थनगर** जिले के ढेबरुआ थाना क्षेत्र के औदही कलां में मोटर पंप में करंट उतरने से उसकी चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह हुई इस घटना से पूरे परिवार में शोक व्याप्त हो गया। ढेबरुआ थानाक्षेत्र के औदही कलां की रहने वाली गुड़िया देवी(49) पत्नी स्व.छेदी शुक्रवार की सुबह लगभग छः बजे नहाने जाते समय नल में लगे पानी के मोटर में उतरे करंट की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उसे लेकर ढेबरुआ एक निजी चिकित्सक के गए। जहां उन्होंने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बानगंगा नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया। परिजनों के मुताबिक मृतका के पति की मौत लगभग आठ वर्ष पहले हो चुका है।

# 650 खाद्य नमूना मामलों के निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में गुरुवार देर सायंकाल कैम्प कार्यालय सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, मिलावट रोकने, औषधियों की निगरानी तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के दौरान विभाग द्वारा की गई प्रवर्तन कार्यवाहियों तथा अन्य विभागीय गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने खाद्य पदार्थों के फेल नमूनों से संबंधित मामलों पर विशेष गंभीरता दिखाते हुए न्याय निर्णयन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी की अदालत में लंबित लगभग 650 वादों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने तथा निर्णयित प्रकरणों में आरसी जारी करने एवं धनराशि की वसूली की अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना के अंतर्गत लिए गए फेल नमूनों के मामलों में संबंधित प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में 'ईट राइट स्कूल' एवं 'ईट राइट कैम्पस' अभियान की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग से जनपद के ऐसे विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जिन्हें खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किया जा सके। इसके साथ ही नगरीय निकायों एवं विकास खंड स्तर पर 'क्लीन स्ट्रीट फूड हब' विकसित करने के लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए, ताकि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

औषधि नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को जनपद में संचालित थोक एवं फुटकर मेडिकल स्टोरों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश



दिए। उन्होंने विशेष रूप से नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने तथा ऐसे मामलों में नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने उन किराना दुकानों को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां नियमों के विरुद्ध दवाओं की बिक्री की जा रही है, ताकि उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। बैठक में उप मुख्य चिकित्साधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी, सहायक प्रबंधक उद्योग, राजस्व निरीक्षक नगर पालिका, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा व्यापार संगठन के प्रतिनिधि मोहम्मद अनाम सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएम ने मार्गो के चौड़ीकरण परियोजनाओं की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में चिलबिला-अमेठी एवं प्रयागराज-अयोध्या मार्ग चौड़ीकरण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विद्युत लाइनों के स्थानांतरण, पेड़ों की कटाई, धार्मिक स्थलों के समन्वित स्थानांतरण, किसानों को देय भुगतान एवं अन्य अवरोधों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जा सके। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, डीएफओ आशुतोष गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 10 और कक्षा 12 के मेरिटोरियस छात्र-छात्राओं का फेलिसिटेशन प्रोग्राम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदन से हुआ। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दयाराम मौर्य, विशिष्ट अतिथि रोशन लाल उमरवैश्य, डॉ विनय श्रीवास्तव, आनन्द मोहन ओझा छात्र छात्राएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की वार्षिक मैगजीन स्पन्दन- न्यू एन्जिल्स रिव्यू- से किया गया।

तत्पश्चात कक्षा 12 की पायल, अंशिका चन्द्रा वंशिका, अदिति, अनन्या आयुषि, महक, अंशिका उपाध्याय, तनिष्का और रचित और कक्षा 10 की टाप 20 छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ सम्मान पत्र देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में सभी बच्चों के उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और बताया कि कड़ी मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। मैनेजर एच.आर. फातिमा जीनत, प्रिंसिपल विपिन कुमार सोनी एवं पूरा एन्जिल्स परिवार ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया और विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन आर.के. सिंह द्वारा किया गया।प्रिंसिपल विपिन कुमार सोनी ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विद्यालय आगे भी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहयोग करता रहेगा।चेयरपर्सन डॉक्टर शाहिदा ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सबको अपना स्नेहिल आशीर्वाद दिया।

# चंदा चोरी पर मोदी की चुप्पी: प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भगवान श्रीराम मंदिर चन्दा चोरी मामले में केन्द्र की मोदी सरकार पर चन्दा चोरी करने वाले बड़े लोगों को बचाने के प्रयास का आरोप लगाया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सीधे तौर पर इस घिनौने कृत्य में अयोध्या में भगवान श्रीराम के पवित्र मंदिर में चंदा चोरी के बड़े गुनहगारों को मोदी सरकार बचा रही है। उन्होंने कहा कि चंदा चोरी की घटना महज इत्तेफाक नहीं बल्कि यह पूरी तरह से सुनियोजित संगठित गैंग द्वारा किया जा रहा था। उन्होने कहा कि यह संगठित गैंग चंदे के रूपयो की चोरी कर धनराशि को बाहर ले जाता था। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एक दो बार नहीं बल्कि चालीस दिनों में सत्तर बार इस चोरी की धरपकड़ हुई। उन्होने आश्चर्य जताया कि इस गैंग द्वारा चोरी की धनराशि को शेयर बाजार तथा सट्टा बाजार में खुलेआम लगाया जाता था। कहा कि गंभीर पहलू यह भी है कि चंदे चोरी की रकम से लोगों को ब्याज पर कर्ज दिये जाते थे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बड़े खुलासे के बावजूद लोगों के बीच यह सवाल कौंध रहा है कि सीधे तौर पर जिम्मेदार चम्पत राय सहित अन्य प्रमुख दोषी जेल में न होकर अब तक जेल के बाहर हैं। उन्होने कहा कि इस गोरखधंधे में इससे बड़ा तथ्य और क्या उजागर होगा कि इन्हीं चंपतराय की आईडी का इस्तेमाल किया जा रहा था। सांसद प्रमोद तिवारी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में जांच हुई तो यह सामने होगा कि इस लूट की निन्यान्वे प्रतिशत धनराशि कहीं अन्यत्र जा रही थी। सांसद प्रमोद तिवारी ने भाजपा को यह भी नसीहत दी है कि वह यह झूठ तथा भ्रम फैलाना बंद करे कि कांग्रेस पार्टी ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर कभी सवाल उठाया था। उन्होने कहा कि 1989 में स्व0 राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में सरदार बूटा सिंह के गृहमंत्री रहते अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि का शिलान्यास हुआ था। उन्होने भाजपा को उसका अतीत याद दिलाते हुए तंज कसा कि महज एक वोट से हारने के बाद इस्तीफा देने वाले स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ने सरकार कुर्बान कर दी थी और इसके विपरीत भाजपा इस तरह के कृत्य से चाल, चरित्र और चेहरे की खराबी का घिनौना प्रदर्शन कर रही है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान शुक्रवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## पुलिस द्वारा 04 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लीलापुर के उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान न्यायालय द्वारा जारी वारंट थाना लालगंज से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्तों राजेश शुक्ला पुत्र गंगा शिवराम, भोलानाथ शुक्ल पुत्र भगवत प्रसाद शुक्ला निवासी गण मिसिमऊ थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।थाना लीलापुर के उ0नि0 प्रशान्त कुमार मय उ0नि0 एजाज अहमद मय हमराह द्वारा वांछित वारण्टी अभियुक्त थाना जेठवारा से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्तों सुभाष कुमार पुत्र बेनीराम निवासी ग्राम बलीपुर परसन थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 40 वर्ष प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 लहरी कुमार ग्राम बलीपुर परसन थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 33 वर्ष को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## एडीएम ने सर्पदंश से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी, बरसात में सतर्क रहने की अपील

» सांप काटने पर झाड़-फूंक नहीं, तुरंत अस्पताल पहुंचें- अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** बरसात के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य कुमार प्रजापति ने जनपदवासियों के लिए सर्पदंश से बचाव, पहचान, प्राथमिक उपचार एवं उपचार संबंधी विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। उन्होने लोगों से अपील की है कि सावधानी और समय पर उपचार ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। एडवाइजरी में बताया गया है कि सांप की भारत में लगभग 270 से अधिक प्रजातियों में प्रमुख रूप से करैत, कोबरा, रसेल वाइपर और सॉ-स्केल्ड वाइपर को सबसे खतरनाक माना जाता है।

करैत सांप का रंग चमकदार काला या नीला, सफेद पतली धारियाँ होती है। काटने पर बहुत हल्का दर्द या बिल्कुल दर्द नहीं होता, लेकिन जहर बहुत तेजी से असर करता है। मांसपेशियों में लकवा, सांस लेने में दिक्कत होती है। रात समय में ज्यादा सक्रिय होता है। कोबरा सांप का रंग काला, भूरा या पीला, फन फैलाने पर पीछे 'ओम' या 'चश्मा' जैसा निशान होता है, इसके काटने से तेज दर्द, सूजन, उल्टी, सांस रुकना, मांसपेशियों में कमजोरी होती है, यह दिन और रात दोनों में सक्रिय रहता है। रसेल वाइपर सांप का रंग पीले-भूरे रंग पर गहरे गोल निशान होता है, इसके काटने से तेज दर्द, सूजन, रक्तस्राव, उल्टी, गुर्दे फेल हो सकते हैं। यह दिन में सक्रिय रहता है, खासकर खेतों में। सॉ-स्केल्ड वाइपर का रंग भूरा या ग्रे, जिगजैग पैटर्न का होता है, इसके काटने से बहुत दर्द, सूजन, खून जमने की समस्या, आंतरिक रक्तस्राव होता है। यह रात में सक्रिय होता है।

उन्होने बताया कि सर्पदंश होने पर घबराने के बजाय पीड़ित को शांत रखें, काटे गए अंग को अधिक हिलने-डुलने न दें तथा घाव को साफ पानी और साबुन से धोकर बिना देर किए निकटतम सरकारी अस्पताल पहुंचाएं। यदि संभव हो तो सांप के रंग या आकार को याद रखें, लेकिन उसे पकड़ने या मारने का प्रयास बिल्कुल न करें।एडवाइजरी में यह भी बताया गया है कि मान्यता प्राप्त अस्पतालों में पॉलीवेलेंट एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) विषैले सांपों के जहर के उपचार में प्रभावी है। पीड़ित को जितनी जल्दी एंटीवेनम उपचार मिल जाएगा, उसके स्वस्थ होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सर्पदंश की किसी भी घटना में तत्काल 108 अथवा 102 एम्बुलेंस, 112 आपातकालीन सेवा या 1077 जिला आपदा नियंत्रण कक्ष पर संपर्क करें तथा निकटतम पीएचसी/सीएचसी या सरकारी अस्पताल में पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार अवश्य प्राप्त करें।

# हाईकोर्ट के आदेश पर कब्र से निकाला गया युवक का शव

» तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड की दोबारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सड़क हादसे से मौत की पुष्टि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** जनपद के हसनगंज क्षेत्र में युवक आरिफ की मौत के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर कब्र से शव निकालकर तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड द्वारा दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में युवक की मौत सड़क दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के कारण होना बताया गया है। रिपोर्ट में हत्या अथवा किसी अन्य प्रकार की हिंसक वारदात के स्पष्ट संकेत नहीं पाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 27 जून को हसनगंज क्षेत्र निवासी आरिफ अपने पड़ोसी जुनैद के साथ घर से निकला था। शाम करीब चार बजे जुनैद ने परिजनों को सूचना दी कि फरीदीपुर मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे पहले एक निजी अस्पताल और बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के समय परिवार शोक में होने के कारण बिना पोस्टमार्टम कराए मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। बाद में मृतक के पिता सलीम ने बेटे की मौत को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया कि शरीर पर मिले चोटों के निशान सामान्य सड़क दुर्घटना से मेल नहीं खाते। इसी आधार पर उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर शव को कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को मजिस्ट्रेट की निगरानी में शव को कब्र से निकालने, पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने तथा मेडिकल बोर्ड से दोबारा पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी (सीओ) एवं मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। पोस्टमार्टम हाउस में डॉ. आशुतोष वार्ष्णेय, डॉ. तौसीफ हुसैन रिजवी



और डॉ. असलाउद्दीन की तीन सदस्यीय मेडिकल टीम ने दोबारा पोस्टमार्टम किया। मेडिकल बोर्ड ने अपनी जांच में पाया कि शव पर मौजूद चोटें सड़क दुर्घटना में लगने वाली चोटों से मेल खाती हैं। परीक्षण में हत्या या किसी अन्य प्रकार की हिंसक घटना के प्रमाण नहीं मिले। बोर्ड ने प्राथमिक तौर पर युवक की मौत सड़क हादसे में लगी चोटों के कारण होना बताया है। अब दोबारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस उपलब्ध साक्ष्यों एवं विवेचना के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई करेगी। मृतक आरिफ अपने परिवार में चार बहनों और दो भाइयों के बीच था। उसकी मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

# 36.92 करोड़ रुपये के बकायेदार वाहन स्वामियों पर परिवहन विभाग की सख्ती

» 15 दिन में टैक्स जमा करें, वरना होगा वाहन सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** जनपद में वाहन कर (टैक्स) बकाया रखने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। एआरटीओ (प्रशासन) अरविंद यादव के नेतृत्व में विभाग बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। लंबे समय से वाहन कर जमा न करने वालों को स्पीड पोस्ट के माध्यम से नोटिस भेजे जा रहे हैं। निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया कर जमा न करने वाले वाहन स्वामियों के वाहनों को विशेष अभियान चलाकर सीज किया जाएगा। परिवहन विभाग के अनुसार जनपद में 3,799 वाहन ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जिन पर 20 हजार रुपये या उससे अधिक का वाहन कर बकाया है। इन वाहनों पर कुल 36.92 करोड़ रुपये का राजस्व लंबित है। शासन के निर्देशों के अनुरूप बकाया वसूली में तेजी लाने के लिए विभाग ने व्यापक अभियान शुरू कर दिया है।

एआरटीओ (प्रशासन) अरविंद यादव ने बताया कि नोटिस मिलने के बाद वाहन स्वामियों को 15 दिन का अंतिम अवसर दिया जाएगा। यदि इस अवधि में बकाया कर जमा नहीं किया गया तो सड़क पर मिलने वाले ऐसे वाहनों को तत्काल सीज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई वाहन स्वामी कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से वाहन छिपाने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध जिलाधिकारी के माध्यम से रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी कराया जाएगा और भू-राजस्व की भांति कानूनी प्रक्रिया अपनाकर बकाया कर की वसूली सुनिश्चित की जाएगी। परिवहन विभाग ने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहन का टैक्स स्टेटस समय रहते जांच लें और बकाया कर जमा कर दें, ताकि सीजिंग और अन्य कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

एआरटीओ अरविंद यादव की पारदर्शी कार्यशैली और सख्त प्रशासनिक रुख के चलते जिले में राजस्व वसूली अभियान को नई गति मिली है। विभाग की सक्रियता से कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं ईमानदारी और नियमों के अनुरूप की जा रही कार्रवाई की आमजन और जिम्मेदार नागरिकों द्वारा सराहना भी की जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार




**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया। डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर की टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 126/2026 धारा 65(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को शुक्रवार को डोमसरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा दिया,गिरफ्तार अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम डोमसरा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है, गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय, हे0 का0 सरोज कुमार यादव, रि0 का0 विशाल बौद्ध व रि0 का0 कृष्ण कुमार शामिल रहें।

# संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन से खरीफ फसलों की बढ़ेगी पैदावार: डॉ. प्रदीप कुमार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र सोहना में 6 से 10 जुलाई तक 'खरीफ फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराकर फसल उत्पादन बढ़ाने तथा मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाना था।समापन अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रबंधन, जैव उर्वरकों तथा जैविक स्रोतों के समन्वित उपयोग से खेती की लागत कम होने के साथ ही फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।प्रशिक्षण के दौरान ई. अशोक कुमार पाण्डेय ने कृषि यंत्रीकरण, डॉ. शेष नारायण सिंह ने कृषि प्रसार एवं तकनीकी हस्तांतरण, डॉ. सर्वजीत बीज ने गुणवत्तापूर्ण बीज एवं बीज उपचार, डॉ. प्रवेश कुमार ने मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने उद्यान फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन तथा डॉ. सुनील सिंह, डॉ. मार्कण्डेय सिंह एवं नीलम सिंह ने अपने-अपने विषयों पर किसानों को व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं समयबद्ध प्रयोग, जैव उर्वरकों के उपयोग, हरी खाद, फसल अवशेष प्रबंधन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। साथ ही किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में रामलगन, रामसागर, अर्जुन कुशवाहा, राजकुमार धर, रवि चौधरी, ज्वाला प्रसाद सहित भारी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया।

## पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जनता के बीच लेकर पहुंचे प्रदेश सचिव



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस डॉ. नादिर सलाम ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के विभिन्न गावं का भ्रमण कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों, विचारधारा को जनता के बीच बताया। उन्होंने जन समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं विधानसभा 302 शोहरतगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. नादिर सलाम ने विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के अंतरी बाजार, महमूदवा ग्रांट, बभनी बाजार, पकड़ी बाजार, शोहरतगढ़ बाजार, गड़ाकूल में पहुंचकर जन समस्याओं को गंभीरता से सुना। लोगों ने प्रदेश सचिव के सामने क्षेत्र के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क तथा अन्य जनहित के मुद्दों पर बातचीत की। डॉ. नादिर सलाम ने सभी को विश्वास दिलाया कि जनता की आवाज़ को पूरी मजबूती के साथ कांग्रेस पार्टी ध्यान देगी और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश सचिव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश व प्रदेश को सही देकर सही ढंग से स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी की समस्या को दूर कर क्षेत्र का सही ढंग से विकास कर सकती है। इस दौरान इकबाल अहमद, शमसुज्जुहा, सुनील शर्मा, अल्ताफ हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

## बेटी के जन्म के बाद विवाहिता को घर से निकालने का आरोप



**सुलतानपुर।** एक दलित विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर बेटी के जन्म के बाद जातिसूचक शब्द कहकर प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि स्थानीय थाने में सुनवाई नहीं होने पर उसने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने और न्याय दिलाने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। पीड़िता का आरोप है कि बेटी के जन्म के बाद पति, सास और ससुर का व्यवहार बदल गया। वे उसे अपने साथ रखने से इनकार करने लगे तथा कथित रूप से जातिसूचक शब्द कहकर प्रताड़ित करने लगे।

## संचालकों द्वारा बिना डिग्री की धड़ल्ले से बेची जा रही दवाईयां

» मरीजों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

» जिम्मेदार बने हुए हैं मूकदर्शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** लोटन विकास क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बनियाडीह,सेमरहवा, हरबंशपुर,ठेठरी,सिकरी सहित ग्रामीण अंचलों में संचालित मेडिकल स्टोरों पर मनमाने ढंग से बिना किसी डिग्री के ही धड़ल्ले से दवाइयाँ बेची जा रही हैं। जबकि जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि नियमानुसार मेडिकल स्टोर पर दवा बेचने के लिए लाइसेंसधारी योग्य फार्मासिस्ट का मौजूद रहना अनिवार्य है ।लेकिन इसका कोई अनुपालन नही हों रहा है। कहीं दुकान के मालिक,तो कहीं अन्य परिजन ही दवाओं की बिक्री कर रहे है। सूत्रों की माने तो कई जगहों पर दुकान मालिक स्वयं या उनके परिजन बिना किसी डिग्री के ही दवाइयाँ बेच रहे हैं। इससे न केवल कानून का उल्लंघन हो रहा है।

बल्कि मरीजों की जिंदगी भी खतरे में पड़ रही है। कई जगह ये दुकानदार अपने मन से दवा दे देते है। चिकित्सक मानते हैं कि बिना प्रशिक्षित फार्मासिस्ट के दवा वितरण बेहद खतरनाक है। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग और मानसिक रोग जैसी गंभीर बीमारियों की दवाइयाँ यदि गलत तरीके से दी गई।तो मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। लोगों का मानना है कि विभागीय लापरवाही से स्वास्थ्य व औषधि निरीक्षण विभाग इस पर आंख मूंदे हुए है। जांच के नाम पर खानापूरी होती है और दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इससे बिना फार्मासिस्ट मेडिकल स्टोर चलाने वालों के हौसले बुलंद हैं। बताया जाता है कि जांच अधिकारी आते हैं और मेडिकल स्टोर संचालकों से मिलकर फिर चले जाते हैं। कार्रवाई करने से परहेज़ करते हैं। जो कि निरीक्षण टीम के ऊपर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

## अलीगढ़ में तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने मचाई तबाही, कारों को टक्कर मारने के बाद दुकान में घुसा

**इगलास (अलीगढ़)।** तेज रफ्तार में दौड़ रहे अनियंत्रित कंटेनर ने बुधवार रात इगलास कस्बे में बड़ी तबाही मचाई। कंटेनर ने पहले दो कारों को टक्कर मारी, इसके बाद दुकान और घर में घुसकर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना देर रात की होने के चलते गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। कंटेनर सासनी की तरफ से इगलास की ओर आ रहा था। रास्ते में रात 12 बजे सनी रोड स्थित डबल नहर के पास मां अंबे रिसोर्ट के सामने खड़ी दो कारों को टक्कर मारने के बाद कंटेनर चालक उसे तेज रफ्तार में दौड़ाने लगा। कार मालिक कंटेनर का पीछा करने लगे। इस पर चालक ने गति और बढ़ा दी। इसके बाद तेज गति में अनियंत्रित कंटेनर को रोड किनारे बनी दुकानों को तोड़ते हुए अंदर घुस गया।अलीगढ़ में तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने मचाई तबाही, कारों को टक्कर मारने के बाद दुकान में घुसा पूरी घटना में गनीमत यह रही कि बाजार बंद होने की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### पबिया में मत्स्य पालकों के बीच 50 हजार मछली जीरा का हुआ वितरण

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड के पबिया में शुक्रवार को मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य पालकों के बीच 50 हजार उन्नत किस्म के मछली जीरा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्षा दीपिका बेसरा एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी रीतु रंजन ने लाभुकों को मछली जीरा एवं मछली चारा उपलब्ध कराया। जिप अध्यक्ष व जिला मत्स्य पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य क्षेत्र में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देना और मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि वितरित किया गया उन्नत किस्म का मछली जीरा तेजी से बढ़ने वाला है, जिससे बेहतर उत्पादन मिलने की संभावना है।उन्होंने मत्स्य पालकों से मछलियों के उचित पोषण के लिए समय-समय पर चारा देने की अपील की। कहा कि नारायणपुर क्षेत्र का वातावरण मत्स्य पालन के लिए अनुकूल है और वैज्ञानिक तरीके से पालन करने पर किसान अच्छी आमदनी अर्जित कर सकते हैं। इस अवसर पर मत्स्य पालकों ने विभाग की पहल की सराहना करते हुए योजना का लाभ उठाने का संकल्प लिया।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति हुए घायल

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर गिरीडीह मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के आशाडीह के पास सड़क दुर्घटना में एक सहायक अध्यापक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना शुक्रवार सुबह 10 बजे की है। सड़क हादसे में घायल की पहचान उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के सहायक अध्यापक सह सचिव सुभाष दत्ता के रूप में हुई है। घटना के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार हो रहा है। जानकारी के अनुसार, नारायणपुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह में कार्यरत सहायक अध्यापक सह सचिव सुभाष दत्ता अपने बाइक से नारायणपुर से घर नावाडीह जा रहे थे। इसी दौरान आसाडीह गांव के पास सीमेंट लोड ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिजनों ने उन्हें तत्काल धनबाद जिले के गोविंदपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर नारायणपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया वही ट्रक चालक भागने में कामयाब रहा है। पुलिस दुर्घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### पानापुर करियात में हार्डवेयर कारोबारी को गोली मारने में दो गिरफ्तार

पानापुर करियात थाना क्षेत्र के शेरूकाही चौक स्थित किरण एजेंसी नामक हार्डवेयर दुकान में घुसकर कारोबारी सुभाष कुमार उर्फ मुन्ना ठाकुर (48) को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गोली कारोबारी के दाहिने हाथ के ऊपरी हिस्से में लगी थी। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए देर रात तक ड्रोन की मदद से इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। कारोबारी के पिता महेश ठाकुर ने बताया कि वह और सुभाष दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान सुबोध तिवारी अपने माता-पिता के साथ दुकान में पहुंचा। आरोप है कि सुबोध ने सुभाष पर गोली चला दी। गोली लगते ही वह घायल होकर गिर पड़े, जबकि आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पानापुर करियात थाना पुलिस के अलावा कांटी, करजा सहित कई थानों की पुलिस तथा एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीपीओ पश्चिमी वन सुचित्रा कुमारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। बाद में ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर के नेतृत्व में बलहां गांव के लीची बागान समेत आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने ड्रोन कैमरे की सहायता से भी आरोपितों की तलाश की, जिसके बाद दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

### अंबाबारी कब्रिस्तान में चलाया सफाई अभियान

**लोहरदगा, झारखण्डः-** लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव स्थित अंबाबाड़ी कब्रिस्तान में नावाडीह कब्रिस्तान कमेटी के नेतृत्व में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रमदान कर कब्रिस्तान परिसर की साफ-सफाई की। सफाई अभियान के दौरान युवाओं ने परिसर में उगी झाड़ियों और पुटूस के पौधों को काटकर हटाया तथा पूरे क्षेत्र को साफ और व्यवस्थित बनाने का कार्य किया। अभियान के बाद कब्रिस्तान परिसर पहले की तुलना में अधिक स्वच्छ और व्यवस्थित नजर आया। स्थानीय लोगों ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहयोग का अच्छा उदाहरण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता तथा संरक्षण समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कब्रिस्तान कमेटी के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सफाई अभियान समय-समय पर चलाए जाएंगे, ताकि परिसर की स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहे।

# पाकुड़िया में बिजली संकट गहराया

## मोबाइल चार्जिंग, व्यवसाय, पढ़ाई और घरेलू कार्य प्रभावित

### उपभोक्ताओं ने नियमित 20 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग उठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पिछले कई दिनों से प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति और लगातार लो वोल्टेज की समस्या से आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार, 10 जुलाई को बड़ी संख्या में प्रखंड मुख्यालय एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि कुछ समय पहले बिजली व्यवस्था में थोड़ा सुधार देखने को मिला था, लेकिन पिछले कई दिनों से फिर से बिजली की स्थिति बदतर हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि लो वोल्टेज के साथ बिजली एक घंटे तक भी लगातार नहीं रह पा रही है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों ने बताया कि बिजली की भारी कटौती और कम वोल्टेज के कारण मोबाइल एवं इन्वर्टर चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा ज़ेरॉक्स, वेल्डिंग, ई-रिक्शा (टो-टो) की बैटरी चार्जिंग जैसे छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। घरेलू पंखे, लाइट एवं अन्य विद्युत उपकरण भी ठीक से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित होने से अभिभावकों में भी गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि वर्तमान समय में बिजली सामाजिक और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। ऐसे में पाकुड़िया प्रखंड में प्रतिदिन कम से कम 20 घंटे नियमित एवं पर्याप्त वोल्टेज के साथ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या की स्थलीय जांच कर शीघ्र आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को नियमित और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति मिल सके। समाचार प्रेषण तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति लगातार बाधित रही। बिजली बार-बार आती-जाती रही और कुछ मिनटों तक भी स्थिर नहीं रह सकी, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई।

# खान सर की जमानत पर फैसला टला

## अब 13 जुलाई को अदालत सुनाएगी आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** पटना में चर्चित कोचिंग विवाद से जुड़े मामले में खान सर उर्फ फैजल खान को जमानत के लिए अभी और इंतजार करना होगा। शुक्रवार को जिला अदालत में उनकी जमानत याचिका पर फैसला सुनाया जाना था। हालांकि, डिस्ट्रिक्ट जज की अनुपस्थिति के कारण अदालत आदेश जारी नहीं कर सकी। इसके बाद मामले की अगली तारीख 13 जुलाई तय की गई है। अब उसी दिन अदालत यह फैसला करेगी कि खान सर को जमानत मिलेगी या नहीं। इस मामले पर उनके छात्रों, समर्थकों और कानूनी जानकारों की नजरें टिकी हुई हैं। खान सर की जमानत याचिका पर अदालत में सुनवाई पहले ही पूरी हो चुकी है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को आदेश आने की उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन जिला जज के उपलब्ध नहीं रहने के कारण फैसला टालना पड़ा। अब 13 जुलाई को अदालत अंतिम निर्णय सुनाएगी। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से कानूनी तैयारियां जारी हैं। यह मामला पटना के मुसल्लहपुर हाट इलाके के दो बड़े कोचिंग संस्थानों से जुड़ा हुआ है। एक तरफ खान ग्लोबल स्टडीज़ के संचालक फैजल खान उर्फ खान सर हैं। वहीं दूसरी ओर ज्ञान बिंदु जीएस अकादमी के निदेशक रौशन आनंद हैं। दोनों संस्थानों के बीच लंबे समय से प्रतिस्पर्धा और विवाद की स्थिति बनी हुई थी। छात्रों की संख्या, रिजल्ट और टॉपर के क्रेडिट को लेकर भी आरोप-प्रत्यारोप लगे। इसी तनातनी ने बाद में कानूनी विवाद का रूप ले लिया। दो जून की रात खान सर के कोचिंग सेंटर पर विवाद की घटना सामने आई थी। खान सर की ओर से आरोप लगाया गया कि कुछ लोगों ने सेंटर पर हमला किया। तोड़फोड़, पत्थरबाजी और फायरिंग के आरोप भी लगाए गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कई लोगों से पूछताछ की। बाद में सामने आए वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच का दायरा बढ़ाया गया। इसी मामले में खान सर और उनके बॉडीगार्ड्स के खिलाफ भी कार्रवाई हुई।

### 12 जुलाई को सीएम सम्राट चौधरी के संभावित मुजफ्फरपुर दौरे की तैयारी तेज

**मुजफ्फरपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 12 जुलाई को संभावित मुजफ्फरपुर दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी और एसएसपी समेत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। संभावित दौरे को लेकर डीएम और एसएसपी ने सिकंदरपुर मन, लेक फ्रंट, रिवर फ्रंट, सिकंदरपुर स्टेडियम, एमआईटी और पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री सिकंदरपुर मन का निरीक्षण करने के साथ लेक फ्रंट, रिवर फ्रंट और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा ले सकते हैं। इसके बाद सिकंदरपुर स्टेडियम का भी निरीक्षण प्रस्तावित है। मुख्य कार्यक्रम एमआईटी परिसर में आयोजित किए जाने की संभावना है, जहां मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और संबोधन कर सकते हैं।

### बिहार में पुलिस ने बनाए विशेष अंतरजिला नाके

बिहार में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने और अंतरजिला अपराधियों के भागने के रास्तों को ब्लॉक करने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी कवायद शुरू की है। राज्य के मुजफ्फरपुर समेत 7 जिलों के सीमावर्ती इलाकों में विशेष पुलिस नाके खोले जा रहे हैं। इसकी शुरुआत मुजफ्फरपुर के सिवाईपट्टी इलाके से कर दी गई है। पिछले दिनों मुजफ्फरपुर के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र में एक हत्या की बड़ी वारदात हुई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और पाया कि अपराधी वारदातों को अंजाम देकर आसानी से दूसरे जिलों की सीमाओं में प्रवेश कर जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले से सटे सिवाईपट्टी के सीमावर्ती इलाके में तुरंत एक विशेष नाका स्थापित कर दिया गया है। मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोतिहारी सीमा से सटे सिवाईपट्टी इलाके में विशेष नाका चालू कर दिया गया है।

# बरही में राशन दुकान का स्टील शेड काटकर चोरी

### बॉडीगार्ड अपनी ही लाइसेंसी पिस्तौल से चली गोली से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के तिलैया रोड स्थित कोबरा गेट के सामने एक राशन दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर हजारों रुपये मूल्य के राशन सामान और नकदी की चोरी कर ली। मामले को लेकर दुकानदार ने बरही थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज करने तथा कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, बेदगी गांव पोस्ट रसोईयाधमना निवासी संजय राणा पिता राम स्वरूप राणा की राशन दुकान तिलैया रोड पर कोबरा गेट के सामने स्थित है। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई 2026 की रात अज्ञात चोर दुकान के पीछे लगे स्टील के शेड को काटकर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखे लगभग 15 से 16 हजार रुपये मूल्य के राशन सामग्री, जिसमें चावल, दाल, तेल, बिस्किट सहित अन्य खाद्य सामग्री शामिल है, चोरी कर ली। इसके अलावा गल्ले में रखे लगभग 1,500 से 1,700 रुपये नकद भी अपने साथ ले गए।

दुकानदार ने आवेदन में बताया है कि उन्हें चोरी करने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने पुलिस से मामले में अज्ञात चोरों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने तथा चोरी गए सामान और नकदी की बरामदगी की मांग की है। बरही पुलिस मामले में कांड संख्या 241/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# पाकुड़िया में रुक-रुक कर हो रही मानसूनी वर्षा से धान के बीजों को लाभ

### किसान तेज बारिश की प्रतीक्षा में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** पाकुड़िया प्रखंड में रुक-रुक कर हो रही मानसूनी वर्षा से किसानों में उम्मीद जगी है। हालांकि अब तक पर्याप्त और लगातार बारिश नहीं होने के कारण बड़े पैमाने पर धान की रोपनी शुरू नहीं हो सकी है। हल्की वर्षा से धान के बीजों को लाभ मिल रहा है, लेकिन व्यापक स्तर पर रोपाई के लिए तेज बारिश की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इन दिनों क्षेत्र में कभी हल्की बारिश तो कभी धूप का सिलसिला जारी है। आसमान में घने काले और सफेद बादल उमड़ने-घुमड़ने के बावजूद अब तक मूसलाधार वर्षा नहीं हुई है। बंगला पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह का अंतिम सप्ताह चल रहा है, जिससे किसानों की चिंता भी बढ़ने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा होती है तो पूरे प्रखंड में बड़े पैमाने पर धान की रोपनी प्रारंभ हो जाएगी। उनका कहना है कि वर्तमान समय रोपनी के लिए अनुकूल है और अगस्त माह तक रोपाई का कार्य पूरा हो जाने की उम्मीद है। किसानों ने बताया कि उनकी खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर है, इसलिए देर से ही सही, अच्छी बारिश होने पर खेती की स्थिति सामान्य हो जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जहां निचली भूमि में पर्याप्त जलभराव हो रहा है, वहां धान की रोपनी शुरू होने की संभावना बन गई है। धान की नर्सरी पूरी तरह तैयार है और पर्याप्त वर्षा होते ही एक साथ बड़े पैमाने पर रोपाई का कार्य आरंभ हो जाएगा। इधर, हल्की वर्षा के दौरान प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप सड़क किनारे बनी पक्की नाली की समुचित सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी पीसीसी सड़क पर बहने लगा। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से नालियों की शीघ्र सफाई कराने की मांग की है, ताकि वर्षा के दिनों में जलजमाव और आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।

# डोईया के युवक का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

### सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : जितेन्द्र यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के डोईया गांव निवासी डाकबाबू के परिवार के लिए गर्व का क्षण आया है। परिवार के पोते का भारतीय सेना में मेडिकल ऑफिसर (लेफ्टिनेंट) के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पांडेयबारा पंचायत के समाजसेवी जितेंद्र यादव ने बताया कि चयनित युवक ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। उनके पिता शंभू यादव भारतीय सेना के पूर्व सैनिक हैं। पुत्र ने भी पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए देश सेवा का मार्ग चुना है। जानकारी के अनुसार, चयनित युवक ने वर्ष 2022 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की और अब भारतीय सेना में मेडिकल ऑफिसर (लेफ्टिनेंट) के रूप में चयनित हुए हैं। वे 10 जुलाई को मिलिट्री हॉस्पिटल, जोधपुर (राजस्थान) में अपनी सेवा प्रारंभ करेंगे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नमन विद्या से हुई। इसके बाद कक्षा 5 से 10 तक की पढ़ाई आर्मी पब्लिक स्कूल, रानीखेत (उत्तराखंड) में तथा 10+2 की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, बबलगांव से पूरी की। इसके बाद उन्होंने चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। जितेंद्र यादव ने बताया कि हाल के वर्षों में चौपारण प्रखंड से लेफ्टिनेंट पद पर चयन की यह चौथी बड़ी सफलता है। इससे पहले सोहरा, बारा और पपरो गांव के युवाओं ने भी इस



प्रतिष्ठित पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। अब डोईया गांव भी इस गौरवशाली सूची में शामिल हो गया है। चयन की खबर मिलते ही डोईया सहित पूरे चौपारण क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने चयनित लेफ्टिनेंट और उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

### अरवल में स्नेक कैचर नहीं; दहशत में जीने को मजबूर ग्रामीण

**अरवल।** जिले में प्रति वर्ष दर्जनों लोग सर्पदंश के शिकार होकर अपना जान गवाते हैं इनमें ज्यादातर लोग किसान और मजदूर वर्ग के होते हैं। बरसात शुरुआत होते ही सदर अस्पताल में सर्पदंश के शिकार लोग प्रतिदिन अपना इलाज करने पहुंचते हैं। चिकित्सकों के अनुसार समय से अस्पताल पहुंचने पर एंटी स्नेक वेनम दिया जाता है जिससे सांप काटने के शिकार लोगों को जान बच जाती है। समय से अस्पताल नहीं पहुंचने वाले लोगों के शरीर में जहर फैल जाता है एंटी स्नेक वेनम भी काम नहीं करता है ऐसी स्थिति में पीड़ित की मौत हो जाती है। वन विभाग के पास एक भी स्नेक कैचर नहीं होने से जिले के लोग दहशत में रहते हैं। जिला सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी गीतांजलि ने बताई की पिछले वर्ष 7 लोगों की मौत सर्पदंश के कारण जिले में हुआ था जिसमें 6 लोगों के परिजनों को चार चार लाख की सहायता राशि उपलब्ध करा दिया गया है। इस वर्ष अब तक एक की मौत सर्पदंश से हुई है। इधर आम लोगों का मानना है कि जिलेभर में सांप काटने से प्रतिवर्ष 20 से अधिक लोगों की मौत होती है।

# बाढ़ कोर्ट में पकड़ौआ विवाह पर बवाल

### युवक बोला- छोटी से शादी करनी थी, बड़ी बहन से जबरन करा दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाढ़।** सिविल कोर्ट परिसर में पकड़ौआ विवाह को लेकर एक अजीब स्थिति पैदा हो गई। लड़का पक्ष ने जबरदस्ती शादी करने का आरोप लगाकर रजिस्ट्री ऑफिस में कोर्ट मैरिज से इंकार कर दिया। लड़का का आरोप है कि वह लड़की की बहन से शादी करने के लिए राजी था, जबकि उसकी शादी जबरन बड़ी बहन से गांव के मंदिर में करा दी गई। वहीं लड़की पक्ष ने लड़के पर बीस लाख रुपए दहेज मांगने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर कोर्ट परिसर में अफरातफरी की स्थिति रही। नीतीश कुमार दो महीने पहले अपने किसी रिश्तेदार की शादी में गए थे, तभी उनकी महिला से मुलाकात हुई। वह हाथीदह की रहनेवाली हैं। उनका एक बच्चा भी है। पति से तलाक के बाद वे अपनी मां के साथ ही रह रही हैं। दो महीने से दोनों के बीच फोन पर लगातार बातचीत हो रही थी। नीतीश बुधवार को बेगूसराय में जीडी कॉलेज गए थे, वहीं महिला ने उन्हें अपने घर छोड़ने के लिए कहा। नीतीश का आरोप है कि वे उसे घर छोड़ने के लिए गए, तब उनके परिवार के लोगों ने रात भर घर पर ही रुक जाने के लिए कहा। इसके बाद रात में जबरदस्ती मारपीट कर उनकी गांव के ही एक मंदिर में शादी करा दी गई, जबकि वे उसकी बहन से शादी करने के लिए राजी थे। महिला पटना में किसी निजी हॉस्पिटल में नर्स हैं। वहीं उनके स्वजन का कहना है कि लड़का पक्ष बीस लाख रुपए दहेज मांग रहा है। शादी के बाद जब वे कोर्ट मैरिज के लिए रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे, तब नीतीश ने शादी के पेपर पर साइन करने से मना कर दिया। हंगामा बढ़ता देख कोर्ट परिसर में मौजूद गार्ड ने दोनों को पकड़कर बाढ़ थाने की पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस अब आगे मामले की जांच में जुटी है।

# बलिया के सीडीओ ओजस्वी राज का तबादला

### आलोक कुमार होंगे जिले के नए मुख्य विकास अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गुरुवार देर रात जारी आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची में बलिया के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ओजस्वी राज का भी स्थानांतरण कर दिया गया। शासन ने गोंडा के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आलोक कुमार को बलिया का नया मुख्य विकास अधिकारी नियुक्त किया है। उनके जल्द ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। तबादला आदेश के अनुसार, आलोक कुमार के सामने जिले में चल रही विकास परियोजनाओं को गति देने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और प्रशासनिक कार्यों में समन्वय स्थापित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। वहीं, बलिया के निवर्तमान सीडीओ ओजस्वी राज को मथुरा-वृंदावन नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। उन्होंने लगभग तीन वर्षों तक बलिया में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास, मनरेगा, पंचायत व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण और विभिन्न सरकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा कर उनके बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया। अपने कार्यकाल में ओजस्वी राज ने प्रशासनिक पारदर्शिता, समयबद्ध कार्य निष्पादन और विकास कार्यों की सतत निगरानी को प्राथमिकता दी। उनकी कार्यशैली के कारण कई विकास योजनाओं में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया। प्रशासनिक गलियारों में ओजस्वी राज की पहचान एक कर्मठ, अनुशासित और जनहित के प्रति संवेदनशील अधिकारी के रूप में रही। उनका कार्यकाल बड़े विवादों से दूर रहा और उन्होंने शांत, संतुलित एवं प्रभावी तरीके से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। अब जिले की निगाहें नए सीडीओ आलोक कुमार पर होंगी, जिनसे विकास कार्यों को नई गति देने और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की उम्मीद की जा रही है।

### पीएम सूर्य घर योजनाः उपभोक्ताओं को मिल रही 78,000 तक की सब्सिडी, BPL परिवारों को मुफ्त सोलर

**सिकटी (अररिया)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सिकटी में आवेदन प्रक्रिया जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर रूफटाफ सोलर पैनल लगाने पर 78 हजार तक की केंद्रीय सब्सिडी का लाभ मिलेगा। जबकि बीपीएल परिवारों का सारा खर्च सरकार वहन करेगी। सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सब्सिडी के माध्यम से क्षेत्र के सभी किसान व आम नागरिक प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। सिकटी विद्युत विभाग के कनीय अभियंता रोहित कुमार राज ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए यह अपील की है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार द्वारा भारी अनुदान दिया जा रहा है। एक किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर सरकार द्वारा 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती है, जबकि इसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 60 हजार रुपये आती है। इसी तरह, दो किलोवाट के सिस्टम पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी का प्रविधान है, जिसकी कुल लागत करीब एक लाख रुपये बैठती है। वहीं, तीन किलोवाट या उससे अधिक का सोलर सिस्टम लगाने पर उपभोक्ताओं को अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी, जिसकी कुल अनुमानित लागत लगभग दो लाख 10 हजार रुपये है।

# सम्राट चौधरी ने बुलाई एनडीए की बैठक

### जिला स्तर पर साथ बैठेंगे सहयोगी दलों के नेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** पटना में शुक्रवार को एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है, जिसमें विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और सरकार-संगठन के बीच समन्वय को मजबूत करने पर जोर रहेगा। बैठक में गठबंधन के सभी घटक दलों के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, मंत्री और प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक का उद्देश्य केवल राजनीतिक रणनीति तय करना नहीं, बल्कि जिला और ब्लॉक स्तर तक संवाद और तालमेल को बढ़ाना है। गठबंधन का मानना है कि स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय से योजनाओं का लाभ तेजी से लोगों तक पहुंच सकेगा। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति और जमीनी चुनौतियों पर भी चर्चा की जाएगी। संगठन और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में इसे अहम पहल माना जा रहा है।

**जिलों से मिले फीडबैक के आधार पर बनेगी कार्ययोज**

एनडीए जिलाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति और विकास कार्यों की जानकारी साझा करेंगे। बैठक में जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय जरूरतों पर विशेष रूप से चर्चा होगी। चुनाव के बाद मिले फीडबैक की समीक्षा भी बैठक का महत्वपूर्ण हिस्सा रहने वाली है। जमीनी स्तर से प्राप्त सुझावों के आधार पर योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने की तैयारी है। गठबंधन का मानना है कि स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बनाई गई योजनाएं अधिक सफल होती हैं। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

**ग्रामीण विकास और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी प्राथमिकता**

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष जोर रहेगा। रोजगार, आधारभूत संरचना और कृषि क्षेत्र से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। गांवों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे, इसके लिए नई रणनीति पर विचार होगा। स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासनिक समन्वय बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। एनडीए का लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर बिहार के आर्थिक विकास को गति देना है। इसके लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की योजना है।

**सीमावर्ती जिलों और सुरक्षा व्यवस्था पर भी रहेगा फोकस**

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय की बैठक में सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश दिए गए थे। घुसपैठ और तस्करी रोकने के लिए निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों की बदलती



जनसांख्यिकीय स्थिति पर प्रशासनिक सतर्कता बढ़ाने की बात कही गई थी। सूत्रों के अनुसार, पटना की बैठक में इन मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। सुरक्षा और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति तैयार की जा सकती है। गठबंधन जिला स्तर तक एक समान कार्यप्रणाली विकसित करने पर जोर देगा।

**विकास, सुशासन और सुरक्षा को लेकर बनेगा साझा रोडमैप**

एनडीए की कोशिश विकास, सुशासन और सुरक्षा के मुद्दों पर एकीकृत रणनीति तैयार करने की है। सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल को इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिला स्तर से प्राप्त सुझावों के आधार पर आगे की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। बैठक के जरिए योजनाओं की निगरानी और जवाबदेही को भी मजबूत करने की तैयारी है।गठबंधन का मानना है कि जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ेगी। इसी उद्देश्य के साथ पटना की बैठक को बिहार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली में माफिया का दुस्साहस, सरकारी जमीन पर कब्जा कर चलाई पार्किंग

**पूर्वी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पार्किंग माफिया सरकारी अधिकारियों व सरकार और निगम पर हावी हैं। कबीर नगर क्षेत्र में कई माफिया ने मिलकर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के नाले के बराबर की जमीन पर अवैध कब्जा कर पार्किंग चला रहे हैं। जिस जगह पर पार्किंग बनाई है, वहां पर नाले की गाद पड़ी हुई है, जिसे समतल किया हुआ है। मंगलवार रात कार ठीक से खड़ी करने के चक्कर में पार्किंग का एक कर्मचारी मारुति की सियाज कार लेकर पास के सिंचाई विभाग के नाले में जा गिरा। क्रेन के जरिये कार को नाले से निकाला गया। यह कार एक निजी कंपनी की है। यह कंपनी कृषि मंत्रालय में ठेके पर कार की सेवाएं देती है। कार चालक राहिल की शिकायत पर वेलकम थाना पुलिस ने पार्किंग के कर्मचारी अनस के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने, दूसरे के जीवन को खतरे में डालने समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

## दिल्ली में बैंक्वेट हॉल पर कब्जे के विवाद में चलीं गोलियां, आरोपी फरार

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में एक बैंक्वेट हॉल पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते ही विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने पांच राउंड हवाई फायरिंग कर दी। बताया गया कि गोलियां चलाने वाले पक्ष के लोग वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। उधर, वारदात की सूचना मिलने पर मधु विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मधु विहार थाना पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## दोस्त की शादी की खुशियां मातम में बदलीं, गाड़ी की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र के जेवर-रबूपुरा मार्ग पर बृहस्पतिवार शाम दोस्त की शादी की तैयारियों को पूरा कर बरात में जाने के लिए निकला आर एंड आर कॉलोनी का रहने वाला युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। कार सवारों ने उसे घायल देखकर जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल युवक को डॉक्टरों ने तुरंत आईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया लेकिन रात करीब नौ बजे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जेवर की आर एंड आर कॉलोनी के दयानतपुर खेडा निवासी रूपेश उम्र 24 वर्ष पुत्र हरीशचंद के दोस्त अभिषेक की बृहस्पतिवार को बरात जा रही थी। रूपेश उसकी शादी के लिए नए नोटों की माला लेकर जेवर से दयानतपुर गांव पहुंचा था। शाम को बरात की सभी तैयारियां पूरी होने के बाद व बरात में जाने के लिए तैयार होने को अपने घर बाइक से लौट रहा था। रास्ते में जेवर रबूपुरा मार्ग पर ढुड़ेरा गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से रूपेश घायल हो गया।

## 2 गोदामों में लगी आग, फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियों ने पाया काबू

**नई दिल्ली।** अलीपुर स्थित ठेके वाली गली में शुक्रवार देर रात दो गोदामों में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ और न ही किसी के हताहत होने की सूचना है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि गोदामों के टिन शेड के भीतर बड़ी मात्रा में रखे कार्डबोर्ड और फॉइल पेपर के रोल्स ने आग को तेजी से फैलने में मदद की, जिससे देखते ही देखते दोनों गोदाम आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने धुआं और आग की लपटें उठती देख तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

## राजघाट के कृत्रिम झील में मछलियों की रहस्यमयी मौतों ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** राजघाट के शक्ति स्थल परिसर में बने कृत्रिम झील में अचानक सैकड़ों छोटी-बड़ी मछलियों की रहस्यमयी मौत ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) समेत आम पर्यटकों की चिंता बढ़ा दी है। ये मरी मछलियां झील की सतह पर तैरने के साथ किनारे भी फैली हुई है। जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध भी फैल गई है। यहां आने वाले पर्यटकों और आम लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। पर्यटक इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा कर रहे हैं। झील के आसपास तैनात सुरक्षाकर्मियों की मानें तो मछलियों की मौत के पीछे दो बड़े कारण हो सकते हैं पहला, हाल ही में हुई तेज वर्षा से दूषित पानी का झील में आना तथा दूसरा पिछले कुछ दिन तक जारी गर्मी के चलते झील का जलस्तर कम होना हो सकता है। जिससे पानी में आक्सीजन का स्तर कम हो गया था। वर्तमान में स्थिति यह है कि झील का पानी पूरी तरह काला और गंदा हो चुका है और सतह पर हर तरफ प्लास्टिक की बोतलें व अन्य कूड़ा-कचरा तैरता हुआ दिखाई दिया।

# इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी का भाजपा में विलय

### 16 पार्षद भाजपा में शामिल; एमसीडी में भाजपा के पार्षदों की संख्या 139 हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में औपचारिक विलय हो गया। पार्टी अध्यक्ष मुकेश गोयल के नेतृत्व में आईवीपी के सभी 16 पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा के पार्षदों की संख्या बढ़कर 139 हो गई।दिल्ली भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने विलय की घोषणा की। इस दौरान महापौर प्रवेश वाही, निगम में नेता सदन जयभगवान यादव, भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा में शामिल हुए सभी पार्षदों और कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी में पूरा सम्मान और कार्य करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब इन वार्डों की जनता को केंद्र और दिल्ली सरकार की 'ट्रिपल इंजन' व्यवस्था के विकास कार्यों का पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता को सेवा का माध्यम मानकर दिल्ली के विकास के लिए काम कर रही है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी का भाजपा में विलय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकास की नीतियों से प्रभावित होकर लिया गया निर्णय है।

उन्होंने कहा कि इससे 16 वार्डों के लाखों लोगों को सरकार की विकास योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने के बाद दिल्ली में सभी पार्षदों को समान रूप से विकास कार्यों के लिए फंड उपलब्ध कराया गया है। मुकेश गोयल ने कहा कि वर्ष 2023 में आम आदमी पार्टी की नगर निगम सरकार के दौरान उन्हें नेता सदन बनाया गया था, लेकिन उस कार्यकाल में विकास कार्य नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्षदों को पर्याप्त बजट नहीं मिला और केवल बयानबाजी होती रही। उन्होंने कहा कि इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने के बाद भाजपा का सहयोग मिला, इसलिए सभी 16 पार्षदों ने सर्वसम्मति से बिना किसी शर्त भाजपा में शामिल होने का फैसला किया।

**भाजपा में शामिल हुए 16 पार्षद**

मुकेश गोयल (वार्ड-15), हेमचंद गोयल (181), देवेंद्र कुमार (196), उषा शर्मा (72), दिनेश कुमार (2), सुमन अनिल राणा (22), मनीषा जसवीर कराला (33), बाबी जी (43), रूनाक्षी शर्मा (88), राजेश लाडी (99), साहिब कुमार (107), राखी यादव (108), कमल भारद्वाज (148), लीना कुमार (149), हिमानी जैन (153) और अशोक पांडेय (109)

## चंडीगढ़ नगर निगम के दो कर्मचारी बर्खास्त, एक निलंबित

**चंडीगढ़।** रायपुर कलां स्थित गौशाला में ड्यूटी के दौरान गोसेवक से मसाज और हाथ-पांव दबवाने का वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम ने कड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम ने सैनिटरी इंस्पेक्टर ईश्वर सिंगला और मल्टीटास्किंग वर्कर गौरव को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही नियमित सैनिटरी जमादार सुच्चा सिंह को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में सैनिटरी इंस्पेक्टर और मल्टीटास्किंग वर्कर गौशाला परिसर में बेंच पर लेटे हुए गोसेवक से मसाज कराते दिखाई दे रहे थे। मामला सामने आने के बाद नगर निगम के मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ (एमओएच) ने कार्रवाई के आदेश जारी किए। दोनों आउटसोर्स कर्मचारियों की एजेंसी को भी उनकी सेवाएं समाप्त करने की लिखित सूचना भेज दी गई है। गौरतलब है कि रायपुर कलां की यही गौशाला कुछ महीने पहले भी मृत गायों के शवों का ढेर मिलने के कारण सुर्खियों में रही थी। उस समय भी नगर निगम ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी।

## होशियारपुर के टांडा थाना प्रभारी का पुलिस लाइन में तबादला

### रंगदारी के आरोपों की होगी जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**होशियारपुर।** होशियारपुर के टांडा थाना प्रभारी (एसएचओ) निरीक्षक गुरिंदरजीत सिंह नागरा पर लगे कथित रंगदारी (एक्सटॉर्शन) के आरोपों के बाद पंजाब पुलिस ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन, होशियारपुर स्थानांतरित कर दिया है। यह कार्रवाई अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई से जुड़े खुलासों, मीडिया रिपोर्ट्स तथा इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे दावों के सामने आने के बाद की गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, टांडा के तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक गुरिंदरजीत सिंह नागरा पर मियानी हत्या प्रकरण में कुछ लोगों को फंसाने की धमकी देकर 4 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 3.82 करोड़ रुपये) की कथित रंगदारी मांगने के आरोप लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह मामला उस समय सामने आया जब अमेरिका के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय द्वारा एक अभियोग (इंडिक्टमेंट) सार्वजनिक किया गया, जिसमें कथित रंगदारी की साजिश का उल्लेख किया गया है। पंजाब पुलिस ने पूरे मामले की तथ्यपरक जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक किसी भी आरोप की पुष्टि नहीं की जा सकती। फिलहाल निरीक्षक गुरिंदरजीत सिंह नागरा का तबादला प्रशासनिक स्तर पर किया गया है। वहीं, उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया है।

## चंडीगढ़ में ग्रीनरी बढ़ाने पर जोर, कुछ ही देर में 5 हजार पौधे लगे

**चंडीगढ़।** शहर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर निगम की ओर से वन महोत्सव का शुभारंभ सेक्टर-38 में किया गया। कार्यक्रम में यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की और नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। वन महोत्सव के तहत स्कूल शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के करीब 1100 वालंटियरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर लगभग 5000 पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।प्रशासक ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के बीच पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधे की जिम्मेदारी ले, तो शहर को अधिक हरा-भरा बनाया जा सकता है।

# पंजाब के किसानों का चंडीगढ़ कूच

### लोग परेशान; व्यवस्था संभालने में पुलिस के छूटे पसीने



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पंजाब के किसानों ने चंडीगढ़ में कूच किया है। पुलिस को ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा, जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। जाम में फंसकर लोग परेशान हुए। व्यवस्था संभालने में पुलिस के पसीने छूटे। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा। किसानों सेक्टर-34 स्थित प्रदर्शनी ग्राउंड में महापड़ाव और विशाल रैली के लिए जुटे। दोपहर दो बजे तक किसान बसों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ट्रकों में बैठकर आते रहे। चंडीगढ़ पहुंचने पर शराब के ठेकों पर किसानों की भीड़ लगी रही। वहीं, पुलिस को शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडवाइजरी जारी करनी पड़ी। शहर में कई रूट बदले गए। इससे लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए ज्यादा सफर तय करना पड़ा। पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों से गुजरने की अपील की। बसों में भरकर और उनकी छतों पर बैठकर किसान और उनके समर्थक चंडीगढ़ पहुंचे। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने शहर में चौक-चौराहों पर घेराबंदी रखी।

# जालंधर ग्रामीण पुलिस ने हेरोइन तस्करी गिरोह पर कसा शिकंजा

### 309 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जालंधर।** जालंधर ग्रामीण पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 309 ग्राम हेरोइन तथा एक टाटा सफारी वाहन बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र से हेरोइन लाकर करतारपुर और कपूरथला क्षेत्रों में उसकी आपूर्ति करते थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एस. हरविंदर सिंह विर्क के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक (जांच) विनीत अहलावत (आईपीएस) तथा उप पुलिस अधीक्षक (जांच) लखविंदर सिंह के पर्यवेक्षण में केंद्रीय जांच एजेंसी (सीआईए) स्टाफ के प्रभारी निरीक्षक पुष्प बाली के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र से हेरोइन लाकर करतारपुर और कपूरथला में उसकी आपूर्ति कर रहे हैं। सूचना के आधार पर 7 जुलाई 2026 को उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव दयालपुर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने नव निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त और सघन जांच अभियान के दौरान एक टाटा सफारी वाहन के पास खड़े दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख, पुत्र तरसेम सिंह, निवासी गांव भिंडी सैदां, थाना भिंडी सैदां, जिला अमृतसर तथा सरबजीत सिंह उर्फ घुक, पुत्र गुरनाम सिंह, निवासी गांव भागूपुर बेट, थाना भिंडी सैदां, जिला अमृतसर के रूप में बताई। तलाशी के दौरान सुखप्रीत सिंह के पास से 169 ग्राम तथा सरबजीत सिंह के पास से 140 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस प्रकार कुल 309 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना करतारपुर, जिला जालंधर ग्रामीण में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 21(सी), 61 एवं 85 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने शीघ्र धन अर्जित करने के उद्देश्य से हेरोइन की तस्करी शुरू की थी।



सरबजीत सिंह के करतारपुर और कपूरथला क्षेत्रों में रिश्तेदार होने के कारण उसने वहां ग्राहकों का नेटवर्क तैयार कर लिया था। दोनों आरोपी अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र से कम कीमत पर हेरोइन लाकर विभिन्न स्थानों पर उसकी आपूर्ति करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा रिमांड के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले में हेरोइन के मूल स्रोत, आपूर्ति श्रृंखला, तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों तथा आगे-पीछे के सभी संबंधों की गहन जांच की जा रही है। साथ ही, मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों की पहचान कर उन्हें विधि के अनुसार जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

# ऑटो लिफ्टर और मोबाइल चोर गिरफ्तार

### पांच चोरी के मोबाइल व एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड एएटीएस ने ऑटो चोरी और मोबाइल चोरी की वारदातों में शामिल एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक चोरी की होंडा मोटरसाइकिल और पांच चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उसकी गिरफ्तारी से चोरी के छह मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर्स एक्ट समेत 10 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है।पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई 2026 को एएटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक आदतन ऑटो लिफ्टर दक्षिण जिले में चोरी की मोटरसाइकिल पर आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर अमित दत्त शर्मा, प्रभारी एएटीएस के नेतृत्व तथा एसीपी ऑपरेशंस ऋतुराज के पर्यवेक्षण में हेड कांस्टेबल ईश्वर, हेड कांस्टेबल नरेंद्र, कांस्टेबल राम दयाल और कांस्टेबल अशोक की टीम ने जाल बिछाकर एक संदिग्ध युवक को होंडा मोटरसाइकिल सहित रोक लिया। वाहन की जांच करने पर मोटरसाइकिल चोरी की निकली। इसके बाद आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से पांच चोरी के मोबाइल फोन भी बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान 25 वर्षीय कासिम खान पुत्र अलीमुद्दीन, निवासी लोनी, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसने वाहन चोरी और मोबाइल चोरी की कई वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस अब उसके साथियों तथा चोरी का सामान खरीदने वाले लोगों की पहचान में जुटी है।जांच में सामने आया कि आरोपी सार्वजनिक स्थानों पर बिना निगरानी खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाकर चोरी करता था। इसके बाद उन्हीं चोरी की मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल कर भीड़भाड़ वाले बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। चोरी किए गए मोबाइल फोन स्थानीय रिसीवरों को बेचकर वह जल्द पैसा कमाता था। पुलिस की नजर से बचने के लिए वह लगातार अपना क्षेत्र बदलता रहता था और चोरी की मोटरसाइकिलों पर असली नंबर प्लेट लगाकर चलता था।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी, व चोरी का सामान रखने, के आर्म्स एक्ट तथा गैंगस्टर्स एक्ट सहित 10 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक चोरी की होंडा मोटरसाइकिल




और पांच चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ई-एफआईआर संख्या 00789/2026 थाना आर.के. पुरम, ई-एफआईआर संख्या 80067566/2025 थाना महरौली, ई-एफआईआर संख्या 80107957/2025 थाना मालवीय नगर, ई-एफआईआर संख्या 80110874/2025 थाना तिगड़ी, ई-एफआईआर संख्या 80110719/2025 थाना फतेहपुर बेरी तथा ई-एफआईआर संख्या 80025247/2026 थाना मैदानगढ़ी सहित कुल छह मामलों का खुलासा हुआ है।दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनन्त मित्तल (आईपीएस) ने बताया कि एएटीएस की सतर्कता, खुफिया सूचना और त्वरित कार्रवाई के चलते एक शातिर ऑटो लिफ्टर एवं मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने, आरोपी के अन्य साथियों की गिरफ्तारी और अतिरिक्त चोरी का सामान बरामद करने के लिए आगे की जांच कर रही है।

## लुधियाना में अवैध कॉलोनियों पर ग्लाडा की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना।** पंजाब के आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां तथा ग्लाडा (ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) के मुख्य प्रशासक विकास हीरा के निर्देश पर अवैध एवं अनियोजित विकास के विरुद्ध सख्ती जारी है। इसी क्रम में ग्लाडा ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्लाडा अधिकारियों ने बताया कि बिना वैधानिक स्वीकृति के विकसित की जा रही कॉलोनियों में सस्ते भूखंड देने का लालच देकर लोगों को गुमराह करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। ग्लाडा के अतिरिक्त मुख्य प्रशासक द्वारा जारी ध्वस्तीकरण आदेशों के अनुपालन में 9 जुलाई 2026 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस बल तथा ग्लाडा के नियामक प्रकोष्ठ की प्रवर्तन टीम ने गांव खासी कलां में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान कॉलोनी की सड़कें उखाड़ दी गई तथा वहां किए गए अवैध निर्माण और अन्य संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, नोटिस जारी किए जाने के बावजूद डेवलपर ने अवैध निर्माण

### सड़कें उखाड़ीं और निर्माण ध्वस्त




कार्य बंद नहीं किया, जिसके बाद विशेष दल ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। ग्लाडा ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही विकसित होने से रोकने के लिए आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे। मुख्य प्रशासक ने आम लोगों से अपील की कि वे बिना स्वीकृत कॉलोनियों में भूखंड, भवन अथवा अन्य संपत्ति की खरीदारी से बचें। उन्होंने कहा कि ऐसी कॉलोनियों में जलापूर्ति, सीवर, विद्युत सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत एवं नियमित कॉलोनियों की सूची तथा उनके स्वीकृत मानचित्र ग्लाडा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। किसी भी संपत्ति की खरीद से पहले नागरिकों को इनका अवश्य सत्यापन कर लेना चाहिए।

## ग्रेच्युटी व लीव इनकैशमेंट की गणना के लिए बढ़ाया काल्पनिक DA

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच सेवानिवृत्त हुए राज्य कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने तय किया है कि इस अवधि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण (लीव इनकैशमेंट) की गणना अब अधिक काल्पनिक (नोटशनल) महंगाई भत्ते (डीए) के आधार पर की जाएगी। इससे पात्र कर्मचारियों को पहले की तुलना में अधिक ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट का लाभ मिलेगा। यह जानकारी शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में दो याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से वित्त विभाग (वित्त पेंशन नीति एवं समन्वय शाखा) की छह जुलाई को जारी अधिसूचना अदालत के समक्ष पेश की गई, जिसे न्यायालय ने रिकार्ड पर ले लिया। अधिसूचना में कहा गया है कि मौजूदा निर्देशों के अनुसार एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट की गणना मूल वेतन पर 17 प्रतिशत महंगाई भत्ते को आधार मानकर की जा रही थी। हालांकि सरकार ने माना कि ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण एकमुश्त सेवानिवृत्ति लाभ हैं और इस अवधि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वह राशि नहीं मिल सकी, जो सामान्य परिस्थितियों में उन्हें प्राप्त होती।

## 11 जुलाई को हाईकोर्ट बेंच आंदोलन का विज़न डॉक्यूमेंट

### डॉक्यूमेंट्री और थीम सॉन्ग होगा जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि :** असम के बराक घाटी में गुवाहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच की स्थापना की मांग को जन-जन तक पहुंचाने और आंदोलन को और अधिक संगठित बनाने के उद्देश्य से हाईकोर्ट बेंच डिमांड इम्प्लीमेंटेशन कमेटी, कछार जिला समिति की ओर से 11 जुलाई (शनिवार) शाम 6:30 बजे सिलचर के इलोरा हेरिटेज में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आंदोलन का विज़न डॉक्यूमेंट, डॉक्यूमेंट्री फिल्म तथा थीम सॉन्ग का औपचारिक लोकार्पण किया जाएगा। मुख्य अतिथियों के रूप में एनआईटी सिलचर के निदेशक प्रो. दिलीप कुमार वैद्य तथा जी.सी. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निरंजन राय उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विधि, चिकित्सा, शिक्षा, समाज सेवा, कला एवं संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा समूह उद्घाटन गीत से होगी। इसके बाद नीलांजन पाल रवीन्द्र संगीत प्रस्तुत करेंगे। रूपम सांस्कृतिक संस्था द्वारा समूह गायन तथा निक्कन के कलाकारों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा। समिति ने बराक घाटी के सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों, छात्र-युवा वर्ग तथा आम नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करने की अपील की है। यह जानकारी समिति के महासचिव निखिल पाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## लुधियाना अदालत की फाइल से गायब हुआ अहम दस्तावेज

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने लुधियाना की एक सिविल अदालत के न्यायिक रिकार्ड से महत्वपूर्ण दस्तावेज की प्रति गायब होने के मामले को गंभीर मानते हुए तथ्यात्मक जांच के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि यह पता लगाया जाए कि दस्तावेज रिकार्ड से कैसे गायब हुआ और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। अदालत ने लुधियाना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को तीन माह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को सौंपने का निर्देश दिया है। आदेश की प्रति लुधियाना जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश को भी भेजने के निर्देश दिए गए हैं।जस्टिस हर्ष बुंगर ने यह आदेश उस पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत वादी को संबंधित दस्तावेज को द्वितीयक साक्ष्य अथवा मूल प्रति प्रस्तुत कर साबित करने की अनुमति दी गई थी।

# लुधियाना में ई-रिक्शा सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन अभियान शुरू

### नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना।** लुधियाना की सड़कों को अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त हिमांशु जैन (आईएएस) ने मंगलवार को गुरु नानक देव भवन में आयोजित कार्यक्रम में ई-रिक्शा सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) मनकंवल सिंह चहल भी उपस्थित रहे। इस अभियान का उद्देश्य जिले में यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ ई-रिक्शा संचालन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाना है। ई-रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त हिमांशु जैन ने कहा कि ई-रिक्शा ने सस्ती, सुलभ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराकर अंतिम छोर तक संपर्क व्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि शहरी प्रदूषण कम करने और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में ई-रिक्शा की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन सार्वजनिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था मानव जीवन की सुरक्षा से बढ़कर नहीं हो सकती। यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन की शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीति आगे भी जारी रहेगी।

उपायुक्त ने ई-रिक्शा चालकों से सड़क सुरक्षा को केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा का माध्यम मानने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि चालक गलत दिशा में वाहन न चलाएं, लालबत्ती का उल्लंघन न करें तथा यह सुनिश्चित करें कि उनके ई-रिक्शा में संकेतक, हेडलाइट और परावर्तक (रिफ्लेक्टिव) पट्टियां सही स्थिति में हों, ताकि विशेषकर रात्रि के समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। प्रशासन ने



आम नागरिकों से भी अभियान में सहयोग करने की अपील की है। लोगों से कहा गया है कि वे क्षमता से अधिक सवारियों वाले ई-रिक्शा में यात्रा न करें तथा लापरवाही से वाहन चलाने की सूचना तत्काल यातायात हेल्पलाइन पर दें। प्रशासन का उद्देश्य लुधियाना को सुरक्षित, सुव्यवस्थित, पर्यावरण अनुकूल और दुर्घटना-मुक्त परिवहन व्यवस्था वाला आदर्श जिला बनाना है।

# निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पहुंचीं मंडलायुक्त

## धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी; एक सप्ताह में 500-800 अतिरिक्त श्रमिक लगाने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में निर्माणाधीन डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का शुक्रवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था को एक सप्ताह के भीतर 500 से 800 अतिरिक्त श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि अगली समीक्षा बैठक तक अपेक्षित प्रगति नहीं मिली तो निर्माण कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) को तलब किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय परिसर में बन रहे विभिन्न भवनों की डिजाइन, ड्राइंग एवं निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में चल रहे सिविल कार्य, प्लास्टरिंग, टाइल्स, फॉल्स सीलिंग, लिफ्ट स्थापना तथा अन्य निर्माण गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य का गुणवत्ता परीक्षण एवं तकनीकी सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी खामी सामने न आए। उन्होंने सभी निर्माण कार्य 15 नवंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का शुभारंभ निर्धारित समयसीमा के भीतर कराया जाए। मंडलायुक्त ने विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलपति एवं कुलसचिव के साथ समन्वय स्थापित कर फर्नीचर, कक्षाओं, छात्रावासों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के लिए तत्काल क्रय आदेश जारी करने के निर्देश दिए, ताकि भवन तैयार होते ही विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से संचालित किया जा सके और विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियां बिना किसी विलंब के प्रारंभ हो सकें। इसके अलावा भवनों पर हीट रिफ्लेक्टिव निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने तहसील मेजा के विकास खंड मांडा अंतर्गत ग्राम डेंगूरपुर में गंगा नदी के दाएं तट पर चल रहे बाढ़ एवं कटानरोधी सुरक्षा कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 7.20 करोड़ रुपये की लागत से 222 मीटर लंबाई में कराए जा रहे तट संरक्षण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने ग्राम प्रधान एवं स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर परियोजना के संबंध में उनकी राय और सुझाव भी लिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे बाढ़ एवं कटान से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को स्थायी राहत मिल सके।

# अटल आवासीय विद्यालय बेलहट प्रदेश में प्रथम, छात्रों व शिक्षकों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गांधी सभागार में अटल आवासीय विद्यालय बेलहट (कोरांव) की शैक्षिक गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं को लेकर मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे प्रदेश के सभी अटल आवासीय विद्यालयों में इसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मंडलायुक्त ने कक्षा-10 के टॉपर हर्षित (96.6%) और छात्राओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मोनिका (92.2%) को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने, छात्रों के व्यक्तित्व विकास, पब्लिक स्पीकिंग, डिबेट, निःशुल्क कोचिंग तथा विद्यालय की सुरक्षा, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही लंबित निर्माण कार्य 10 दिन में शुरू कराने और अतिरिक्त खेल मैदान के लिए प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए।

# एनबीडब्ल्यू वारंट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना पूरामुफ्ती पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। पुलिस के अनुसार, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-4, कौशाम्बी द्वारा मुकदमा संख्या 561/17, एनबीडब्ल्यू संख्या 613/18, धारा 135 विद्युत अधिनियम, थाना पूरामुफ्ती जनपद कौशाम्बी से संबंधित गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसी वारंट के अनुपालन में थाना पूरामुफ्ती पुलिस सक्रिय थी।

# वन महोत्सव पर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** वन महोत्सव के अवसर पर जिला गंगा समिति, प्रयागराज एवं सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली पब्लिक स्कूल में पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली और पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में पौधरोपण से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां और स्लोगन लेकर रैली निकाली। रैली के दौरान छात्र-छात्राएं 'पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ ', 'हरियाली होगी, खुशहाली होगी' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते रहे। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुजाता सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी न समझें, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करें, ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए जनसहभागिता आवश्यक है और इसमें युवाओं एवं विद्यार्थियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर शिक्षिका शिवाली श्रीवास्तव, संगीता बालाजी, रीना श्रीवास्तव, संगीता शर्मा, नेहा मखीजा, स्मिता वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जाम नालियां और कूड़े के अंबार से ब्योहरा गांव बेहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेहवरा गांव में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पूर्व प्रधान जयप्रकाश जायसवाल के कार्यालय के पास स्थित नालियां लंबे समय से जाम पड़ी हैं, जिनमें गंदा पानी भरा हुआ है। वहीं सड़क किनारे कूड़े के ढेर लगे होने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सफाईकर्मी नियमित रूप से सफाई कार्य नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण गांव में गंदगी लगातार बढ़ती जा रही है। जाम नालियों के कारण जल निकासी बाधित हो गई है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और नगर प्रशासन से मांग की है कि जाम नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, कूड़े के ढेर हटाए जाएं तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गांव के लोगों को राहत मिल सके और संभावित बीमारियों के खतरे को रोका जा सके।

# चक फैजुल्ला मोहल्ले में जलभराव से

## जनजीवन प्रभावित, बीमारियों का बढ़ा खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चक फैजुल्ला मोहल्ले में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मोहल्ले की सड़कों और गलियों में पानी जमा रहने के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलभराव के कारण गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जलकल विभाग और संबंधित अधिकारियों द्वारा समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और जलकल विभाग से मांग की है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर जलभराव की समस्या का जल्द से-जल्द स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और संभावित बीमारियों के खतरे से बचाव हो सके।

# डॉ. शिवम शर्मा ने किया मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार ग्रहण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दया शंकर त्रिपाठी (ब्यूरो चीफ)**




**ब्यूरो प्रयागराज।** डॉ. शिवम शर्मा ने उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने यह पदभार निवर्तमान मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी की मुख्य यातायात योजना प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के रूप में पदोन्नति के उपरांत ग्रहण किया है। डॉ शर्मा इससे पहले प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के रूप में शर्मा की दूसरी पारी है। इससे पूर्व उन्होंने वर्ष 2021-22 के दौरान भी इस पद का दायित्व संभाला था। डॉ शिवम शर्मा ने इसके पूर्व भी वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, उप मुख्य दावा अधिकारी एवं मंडल ट्रैफिक मैनेजर टूंडला जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है तथा व्यापक प्रशासनिक अनुभव अर्जित किया है। उप मुख्य दावा अधिकारी के रूप में डॉ शिवम शर्मा ने कार्य करते हुए प्रयागराज में रेलवे दावा अधिकरण की पीठ खुलवाने में महती भूमिका निभाई थी। उनके योगदान के लिए उन्हें अधिकरण की प्रधान पीठ के अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसी क्रम में उन्होंने प्रतिनियुक्ति पर भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) में निदेशक पद पर कार्य किया। उन्होंने अपने लगभग तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला में निदेशक के रूप में कार्य किया तथा बाद में सोनीपत स्थित उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में क्षेत्रीय निदेशक के रूप में पदोन्नत हुए। इस अवधि में उन्होंने हरियाणा में खेलों के विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया। डॉ. शर्मा वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक के दौरान भारतीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का भी हिस्सा रहे। श्री शर्मा भारतीय रेलवे यातायात सेवा (IRTS) के वर्ष 2011 बैच के अधिकारी हैं तथा उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से डेंटल सर्जरी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। वे उत्तर मध्य रेलवे के ऊर्जावान एवं गतिशील अधिकारियों में गिने जाते हैं।

**डॉ शर्मा इससे पहले प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के रूप में शर्मा की दूसरी पारी है। इससे पूर्व उन्होंने वर्ष 2021-22 के दौरान भी इस पद का दायित्व संभाला था।**

### सीएचसी में महिला की मौत का रहस्य बरकरार, पांचवें दिन भी नहीं मिला कोई सुराग

**तालबेहट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में ऑक्सीजन प्लांट के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिली महिला की मौत का रहस्य पांचवें दिन भी नहीं सुलझ सका है। मंगलवार को मिले अर्धनग्न एवं सड़ी-गली अवस्था के शव के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस की जांच कई स्तरों पर जारी है, लेकिन अब तक मौत के कारणों का कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। महिला का शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका। ऐसे में चिकित्सकों ने महिला का बिसरा सुरक्षित रख लिया है, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सीएचसी परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और यहां आधा दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहती है।


### रामलीला मैदान की नवीन मार्केट की मुख्य सड़क बनी मुसीबत

**तालबेहट।** नगर के हृदय स्थल रामलीला मैदान स्थित नवीन मार्केट की मुख्य सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-26 का हिस्सा होने के कारण दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। अतिक्रमण के चलते नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे गड्ढों में पानी भर जाता है और वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता। इसके चलते आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

# खुशाली कुमार ने 'दुल्हनिया ले आएगी' के नए गाने 'जलवा' से बढ़ाया शादी का रंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दुल्हनिया ले आएगी के शानदार म्यूजिक एल्बम को मिल रहे प्यार के बीच अब फिल्म का नया गाना 'जलवा' रिलीज कर दिया गया है। यह एक हाई-एनर्जी, रंगारंग और डांस से भरपूर वेडिंग ट्रैक है, जो इस शादी सीजन का नया फेवरेट बनने के लिए तैयार है। खुशाली कुमार पर फिल्माया गया यह गाना अपने दमदार बीट्स, रंगीन विजुअल्स और सेलिब्रेशन से भरपूर माहौल के चलते हर संगीत और शादी की प्लेलिस्ट में जगह बनाने का दम रखता है। 'जलवा' में खुशाली कुमार का आत्मविश्वास से भरा और चुलबुला अंदाज देखने को मिलता है। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार डांस मूव्स और उत्साह से भरपूर परफॉर्मेंस इस गाने को और भी आकर्षक बनाती है। शादी के जश्न, मस्ती और उत्सव का माहौल इस गीत में बेहद खूबसूरती से उभरकर सामने आता है। इस गाने को जाज़िम शर्मा और सुवर्णा तिवारी ने अपनी आवाज़ दी है। संगीत जाज़िम शर्मा ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल जे.पी. गंगवार ने लिखे हैं। गाने का कैची पंजाबी हुक एकम मानुके ने लिखा है। म्यूजिक प्रोग्रामिंग अंशुमान शर्मा ने की है। वहीं, बैंजो पर नासिर, ढोलक पर राहुल कथक का संगीत गाने को और भी जीवंत बनाता है। वोकल्स की रिकॉर्डिंग यूफनी स्टूडियो में पार्था और निशांत द्वारा की गई है, जबकि मिक्सिंग और मास्टरिंग भास्कर शर्मा ने की है। सॉन्ग एडिट संतोष आर्य ने किया है। गाने को लेकर खुशाली कुमार ने कहा, 'जलवा सुनते ही मुझे महसूस हो गया था कि इसमें एक शानदार वेडिंग सॉन्ग बनने के सभी तत्व मौजूद हैं। यह जोश, खुशी और हर दुल्हन के आत्मविश्वास का जश्न मनाता है। इस गाने की शूटिंग करना बेहद मजेदार अनुभव रहा और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इस पर उतना ही थिरकेंगे, जितना हमने इसे बनाते वक्त आनंद लिया। ' वहीं, निर्देशक आकाशादित्य लामा ने कहा, 'जलवा पूरी तरह से 'दुल्हनिया ले आएगी' की भावना को दर्शाता है, जो कि रंगों, उत्साह, संगीत और जश्न से भरपूर है। हमारी कोशिश थी कि ऐसा गाना बनाया जाए, जिसे सुनते ही लोगों का मन डांस करने का हो जाए। संगीत, कोरियोग्राफी और खुशाली की शानदार ऊर्जा ने इस गाने को खास बना दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह इस साल का सबसे पसंदीदा ब्राइडल एंथम बन सकता है। ' सिद्धार्थ बनर्जी, आकाशादित्य लामा और विकास अग्रवाल द्वारा निर्मित दुल्हनिया ले आएगी में खुशाली कुमार, पियूष मिश्रा और महेश मांजरेकर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएँगे।

# बिना लाइसेंस चल रही वजीर बिरयानी पर खाद्य विभाग का छापा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** झांसी रोड स्थित कसाई मंडी क्षेत्र में बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित हो रही एक बिरयानी दुकान पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। विभागीय टीम ने मौके से बिरयानी के नमूने (सैंपल) लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शहर के मोहल्ला कसाई मंडी में बड़ी पानी की टंकी के सामने पुराना शाही रोड पर संचालित वजीर बिरयानी के संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दुकान बिना वैध फूड लाइसेंस के संचालित हो रही है तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। शिकायत मिलने के बाद सहायक आयुक्त (ग्रेड-2) विनोद कुमार शर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकान संचालक से खाद्य लाइसेंस, मीट की खरीद से संबंधित बिल तथा अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। संचालक ने मीट झांसी से खरीदकर लाने की बात कही, किंतु खरीद संबंधी बिल या रसीद प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस पर विभाग ने तत्काल दुकान का संचालन बंद कराने के निर्देश दिए और लाइसेंस प्राप्त होने तक कारोबार न करने की चेतावनी दी। शिकायतकर्ता सिविल लाइन सदनशाह निवासी मो. हबीब ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि दुकान सार्वजनिक एवं नजूल भूमि पर टीनशेड डालकर अवैध रूप से संचालित की जा रही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि बिरयानी तैयार करने में खाद्य तेल के स्थान पर चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है तथा स्वाद बढ़ाने के लिए संदिग्ध पदार्थ मिलाए जाते हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है और विभाग ने स्पष्ट किया है कि नमूनों की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। शिकायत में यह भी कहा गया कि जिले में अधिकृत बूचडख़ाना संचालित नहीं होने के बावजूद संदिग्ध स्रोतों से मांस लाकर उसका उपयोग किया जा रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। बरसात के मौसम में दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से डायरिया, हैजा तथा अन्य संक्रामक बीमारियों की आशंका को देखते हुए विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त (ग्रेड-2) विनोद कुमार शर्मा के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन, मुख्य खाद्य निरीक्षक कलामुद्दीन सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

# प्रयागराज मंडल परिक्षेत्र के सांसदों के साथ बैठक आयोजित

## बैठक में जन सरोकारों और रेलवे के विकास कार्यों पर हुई चर्चा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के प्रतिष्ठित होटल कान्हा श्याम के सभागार में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल के सांसदों एवं उनके सम्मानित प्रतिनिधियों के साथ महाप्रबंधक की एक उच्च स्तरीय एवं महत्वपूर्ण बैठक का सांसद-अलीगढ़ सतीश कुमार गौतम की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मण्डल की हालिया उपलब्धियों को साझा करना, इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की समीक्षा करना जनप्रतिनिधियों से बहुमूल्य सुझाव प्राप्त कर रेल विकास योजनाओं को नई दिशा देना रहा। इस अवसर पर अपने उदबोधन में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह ने कहा कि, हमने अपनी रेलवे की कार्यप्रणाली में लाइन क्षमता की वृद्धि, यात्री सुविधाओं में सुधार एवं उन्नयन, गाड़ियों का संरक्षित संचालन, कर्मचारी कल्याण, पर्यावरण की संरक्षण के लिए हरित पहल की दिशा में विशेष कदम उठाए हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और इसे मजबूत बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से एक बहुत ही सकारात्मक बदलाव आया है, रेल की विभिन्न परियोजनाएं जो वर्षों तक पर्याप्त फ़ंड की अनुपलब्धता के कारण रुक जाते थे, उन कार्यों को करने हेतु सरकार द्वारा अब पर्याप्तल फंड भी उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही उच्चतम स्तर से प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग होने से प्रोजेक्ट पूर्ण होने में तेज़ी आई है। साथ ही भारतीय रेल अपनी कार्यप्रणाली में इनोवेशन और आधुनिक तकनीक का कारगर प्रयोग कर रहे हैं। हम अपने सम्मानित यात्रियों, रेल उपयोगकर्ताओं और आमजन की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें, इस हेतु एआई आधारित रेल मदद पोर्टल (139) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि , प्रयागराज मण्डल, भारतीय रेल के एक महत्वापूर्ण अंग के रूप में रेल की सेवा में निरन्तटर तत्पोर है। हमारा यह मंडल उत्तकर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के महत्वंपूर्ण हिस्सों को देश के अन्य हिस्सोंआ से जोड़ने का कार्य कर रहा है। मंडल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री सिंह ने बताया कि, वित्त वर्ष 2025-26 में कुल आरंभिक यात्री संख्या लगभग 7.40 करोड़ रही एवं यात्री आय के रूप में 1699 करोड़ रुपये और माल लदान से लगभग 893 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई। स्टेशन री-डेव्लपमेंट एवं अमृत स्टेशन के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रयागराज मण्डल में कुल 02 प्रमुख रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन एवं कानपुर सेंट्रल को स्टेशन रीडेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है।इसके अतिरिक्त प्रयागराज मण्डल में अमृत भारत योजना के अंतर्गत शामिल 15 स्टेशनों में से 5 स्टेशनों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष का कार्य प्रगति पर है, जिसे इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जाएगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर की चर्चा करते हुए सूचित किया कि, इसकी वृद्धि के तहत प्रयागराज मण्डल द्वारा 28 किमी. की रेलवे लाईन बिछाई गयी और 03 ब्लॉक सेक्शनों के तृतीय लाइन में 25.18 चरूइलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग आधारित ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली सफलतापूर्वक चालू की गई। कुल 400 चरू में कवच प्रणाली का सफल कमीशनिंग किया गया, जिससे ट्रेन संचालन की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता में वृद्धि हुई।

# यूएफसी इवेंट पर हमले की साजिश का खुलासा

**वाशिंगटन, डी.सी.(एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में जून में आयोजित 'यूएफसी केज-फाइटिंग' कार्यक्रम पर ड्रोन और स्नाइपर हमले की कथित साजिश में संलिप्तता को लेकर बृहस्पतिवार को आठ लोगों पर हत्या और आतंकवाद संबंधी षड़यंत्र के आरोप लगाए गए। यूएफसी द्वारा आयोजित इस मिश्रित मार्शल आर्ट्स मुकाबले में लड़ाकू एक लोहे की जाली से घिरे अष्टकोणीय पिंजरे के अंदर मुकाबले करते हैं। ओहायो में दायर अभियोग में सभी आठ आरोपियों पर दो अलग-अलग साजिशों का आरोप लगाया गया है।पहला आरोप आतंकवादियों को सहायता उपलब्ध कराने की साजिश और दूसरा आरोप संघीय सरकारी क्षेत्र में हत्या करने एवं एक संघीय सरकारी अधिकारी की हत्या करने की साजिश है।नए अभियोग के अनुसार, इस साजिश की शुरुआत मई में हुई थी, जब इस समूह ने धन, आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद, बुलेटप्रूफ



जैकेट, विस्फोटक, ड्रोन, चिकित्सा उपकरण, संचार उपकरण और अन्य सामान इकट्ठा करना शुरू किया। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूएफसी केज-फाइटिंग कार्यक्रम पर संभावित खतरे की 10 जून को जानकारी मिली। यह मिश्रित मार्शल आर्ट्स कार्यक्रम 14 जून को आयोजित होना था। अमेरिकी न्याय विभाग ने पिछले महीने यूएफसी कार्यक्रम पर कथित साजिश के संबंध में देश के अलग-अलग हिस्सों ओहायो, मिसौरी, वाशिंगटन, नेब्रास्का और कैलिफोर्निया में कई आपराधिक शिकायतों की घोषणा की थी।बृहस्पतिवार को घोषित यह अभियोग सरकार की ओर से पूरे मामले को एक साथ जोड़कर ओहायो में एक ही मुकदमे के रूप में चलाने का प्रयास है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों का उद्देश्य हमले के जरिए सरकार को अस्थिर करना था। संघीय हलफनामे के अनुसार, आरोपियों में से एक ने जांचकर्ताओं को बताया कि उनकी योजना विस्फोटकों से


**अमेरिकी न्याय विभाग ने पिछले महीने यूएफसी कार्यक्रम पर कथित साजिश के संबंध में देश के अलग-अलग हिस्सों ओहायो, मिसौरी, वाशिंगटन, नेब्रास्का और कैलिफोर्निया में कई आपराधिक शिकायतों की घोषणा की थी।बृहस्पतिवार को घोषित यह अभियोग सरकार की ओर से पूरे मामले को एक साथ जोड़कर ओहायो में एक ही मुकदमे के रूप में चलाने का प्रयास है।**

लदे ड्रोन कार्यक्रम स्थल पर उड़ाने और उसके बाद भगदड़ मचने पर भाग रहे लोगों पर स्नाइपर से गोलीबारी करने की थी।

# 140 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित जैसलमेर रेलवे स्टेशन तैयार, मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

**हेरिटेज वास्तुकला के साथ आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित स्टेशन बनेगा पश्चिमी राजस्थान की नई पहचान**

**जैसलमेर(एजेंसी)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 140 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित जैसलमेर रेलवे स्टेशन पूरी तरह तैयार हो गया है। हेरिटेज वास्तुकला और आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस यह स्टेशन अब पश्चिमी राजस्थान की नई पहचान बनने जा रहा है। इसके संचालन से यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलने के साथ पर्यटन, स्थानीय व्यापार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि स्टेशन का नया मुख्य भवन जी+2 संरचना में करीब 8,327 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। भवन के बाहरी हिस्से में जैसलमेर के प्रसिद्ध स्वर्णिम पीले पत्थर का उपयोग किया गया है, जिससे स्टेशन को शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप भव्य हेरिटेज स्वरूप मिला है। विशाल प्रवेश और निकास द्वार इसकी आकर्षक पहचान को और मजबूत बनाते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर 10 लिफ्ट, 10 एस्केलेटर, छह मीटर चौड़ाई वाले दो फुट ओवरब्रिज, विशाल



एयर कॉनकोर्स, आधुनिक प्रतीक्षालय, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया, सुव्यवस्थित पार्किंग, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं तथा 480 वर्गमीटर का वाणिज्यिक क्षेत्र विकसित किया गया है। इसके अलावा तीनों प्लेटफॉर्मों पर 10 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में आधुनिक शेड लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को हर मौसम में बेहतर सुविधा मिलेगी। रेलवे ने पर्यटन सीजन में बढ़ने वाली यात्री संख्या को देखते हुए स्टेशन की प्रमुख वाणिज्यिक परिसंपत्तियों का सफलतापूर्वक आउटसोर्सिंग भी कर दी है। स्टेशन परिसर में कियोस्क, रिटायरिंग रूम, डॉरमेटरी, एयर कॉनकोर्स से जुड़े वेटिंग लाउंज, मल्टी-पर्पज हॉल और आधुनिक वाहन पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसके अलावा स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट और आधुनिक कैटरिंग स्टॉल भी स्थापित किए गए हैं। रेलवे के अनुसार इन वाणिज्यिक परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग से प्रतिवर्ष करीब 50 लाख रुपये की गैर-किराया आय होने का अनुमान है, जिससे रेलवे के राजस्व में वृद्धि के साथ यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह पुनर्विकसित स्टेशन न केवल देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के सफर को अधिक सुविधाजनक बनाएगा, बल्कि जैसलमेर के पर्यटन, व्यापार और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।

# पुष्कर जोग ने यूके में अपनी नई हिंदी फिल्म 'अंतराल' की शूटिंग शुरू की

मुंबई एक्टर पुष्कर जोग इन दिनों अपनी आने वाली हिंदी फिल्म 'अंतराल' की शूटिंग के लिए यूनाइटेड किंगडम में हैं, और इस बार कहानी में है प्यार भी... और खतरा भी। पुष्कर ने सोशल मीडिया पर सेट से क्लैपबोर्ड की एक झलक शेयर करते हुए इस नए सफर की शुरुआत की अनाउंसमेंट की। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा, 'यूनाइटेड किंगडम में सेट अपनी अगली हिंदी हॉरर रोमांटिक ड्रामा फिल्म की घोषणा करते हुए उत्साहित हूं। यह एक ब्रिटिश इंडियन क्रॉसओवर फीचर फिल्म 'अंतराल' है, जिसमें मैं और @anisaaniiam हैं।' इस फिल्म में पुष्कर जोग के साथ अनीसा बट नजर आएंगी। फिल्म को गूजबंप्स एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है, जबकि इसे ब्रिटिश इंडियन फिल्ममेकर तेजा सलादी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी निखिल रानाडे संभाल रहे हैं। भारतीय सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले पुष्कर हमेशा ऐसे किरदार चुनते हैं जो उन्हें रचनात्मक रूप से चुनौती दें, और 'अंतराल' भी उसी कड़ी की एक दिलचस्प नई पेशकश है। पुष्कर




**यह एक ब्रिटिश इंडियन क्रॉसओवर फीचर फिल्म 'अंतराल' है, जिसमें मैं और @anisaaniiam हैं।' इस फिल्म में पुष्कर जोग के साथ अनीसा बट नजर आएंगी। फिल्म को गूजबंप्स एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है, जबकि इसे ब्रिटिश इंडियन फिल्ममेकर तेजा सलादी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी निखिल रानाडे संभाल रहे हैं। भारतीय सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले पुष्कर हमेशा ऐसे किरदार चुनते हैं जो उन्हें रचनात्मक रूप से चुनौती दें, और 'अंतराल' भी उसी कड़ी की एक दिलचस्प नई पेशकश है।**

के इस नए अपडेट पर फैंस और इंडस्ट्री दोनों की तरफ से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। हर कोई इस फ्रेश और दिलचस्प फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। यूके में शूटिंग जारी है, और उम्मीद है कि आने वाले हफ्तों में फिल्म से जुड़ी और भी रोमांचक डिटेल्स सामने आएंगी।

# 15 साल बाद मार्वल स्टेडियम से अलग की मेलबर्न रेनेगेड्स ने राहें, एमसीजी होगा नया घरेलू मैदान

मेलबर्न । बिग बैश लीग (बीबीएल) की फ्रेंचाइजी मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपनी पुरुष टीम के घरेलू मैदान को बदलने का फैसला किया है। मेलबर्न रेनेगेड्स ने 15 साल के बाद मार्वल स्टेडियम से अपनी राहें अलग कर ली हैं। आगामी सीजन में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) रेनेगेड्स का घरेलू मैदान होगा। बीबीएल क्लब ने शुक्रवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग की शुरुआत 2011-12 सीजन से की थी और तब से वह अपने ज्यादातर घरेलू मुकाबले मार्वल स्टेडियम में खेलती आ रही थी। इसी मैदान पर टीम ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। रेनेगेड्स ने बीबीएल के आठवें सीजन में खिताब जीता था और उस यादगार सफर का गवाह भी मार्वल स्टेडियम ही बना था। अब क्लब ने मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीजी) के साथ नया समझौता किया है, जिसके तहत बिग बैश लीग के 16वें सीजन से टीम के कुछ खास मुकाबले एमसीजी में खेले जाएंगे। आगामी सीजन में रेनेगेड्स एमसीजी में कुल तीन मैच खेलेगी। इनमें दो मुकाबले वह



घरेलू टीम के रूप में खेलेगी, जिसमें मेलबर्न डर्बी भी शामिल होगा। इसके अलावा एक मैच वह मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ मेहमान टीम के रूप में खेलेगी। रेनेगेड्स इस सीजन में मेलबर्न के जंक्शन ओवल मैदान पर भी अपने दो घरेलू मुकाबले खेल सकती है। इसके अलावा टीम दिसंबर में होने वाले ऐतिहासिक चेन्नई मुकाबले का भी हिस्सा बनेगी। इस बदलाव के चलते जिलॉन्ग में पिछले पांच साल में पहली बार कोई बिग बैश मैच नहीं खेला जाएगा। मेलबर्न क्रिकेट क्लब के सीईओ स्टुअर्ट फॉक्स ने इस बदलाव को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 2026-27 की गर्मियों में एमसीजी का क्रिकेट कार्यक्रम और बड़ा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिग बैश लीग गर्मियों के क्रिकेट कैलेंडर का अहम हिस्सा है और क्लब रेनेगेड्स के स्वागत के लिए उत्साहित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एमसीजी में फैंस को रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने के और ज्यादा मौके मिलेंगे। रेनेगेड्स के कप्तान विल सदरलैंड ने भी एमसीजी में खेलने को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड दुनिया के सबसे प्रसिद्ध खेल स्थलों में से एक है और हर खिलाड़ी वहां खेलने का सपना देखता है। उन्होंने पिछले सीजन में एमसीजी पर हुए डर्बी मुकाबले का जिक्र करते हुए कहा कि वहां का माहौल शानदार था और इससे पता चलता है कि इस मैदान पर बिग बैश क्रिकेट कितना खास हो सकता है। सदरलैंड ने कहा कि टीम के खिलाड़ी भारी भीड़ के सामने खेलने और अपने फैंस के साथ यादगार पल बनाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी माना कि टीम के समर्थकों के लिए यह बदलाव आसान नहीं रहा होगा, लेकिन खिलाड़ी नई शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स के जनरल मैनेजर मैक्स एबॉट ने कहा कि एमसीजी में क्रिकेट खेलना मेलबर्न की गर्मियों की पहचान है। उन्होंने कहा कि टीम दुनिया के सबसे बेहतरीन स्टेडियमों में से एक में अपने घरेलू मुकाबले खेलने को लेकर रोमांचित है। हालांकि, उन्होंने मार्वल स्टेडियम को भी धन्यवाद दिया और कहा कि यह मैदान पिछले 15 वर्षों से रेनेगेड्स की पहचान का हिस्सा रहा है। टीम ने वहां कई यादगार मुकाबले खेले और कई खास पल बनाए। उन्होंने कहा कि मार्वल स्टेडियम हमेशा क्लब के इतिहास में एक विशेष स्थान रखेगा।

# गौरव श्रीवास्तव ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के साथ किया खेल सीआईए एजेंट बनकर दिया धोखा, अरबों रुपये की डिफेंस डील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** एक भारतवंशी गौरव श्रीवास्तव ने पूरे देश की सरकार को चकमा देकर अरबों रुपये का चूना लगा दिया। दरअसल भारतीय मूल के एक कारोबारी ने कथित तौर पर खुद को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए का एजेंट बताकर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के करीब आया। आरोप है कि उसका उद्देश्य अरबों डॉलर के रक्षा सौदे हासिल करना था। ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (OCCRP) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव ने खुद को सीआईए का अधिकारी बताकर कई प्रभावशाली लोगों का भरोसा जीता और फिर उन्हें अमेरिका के साथ अरबों डॉलर के रक्षा समझौते का झांसा दिया। गौरव ने इंडोनेशियाई सेना के लिए 36 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और मिलिट्री कमांड सिस्टम दिलाने के नाम पर इंडोनेशिया की सरकार को अरबों रुपये का चूना लगाया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गौरव श्रीवास्तव ने इंडोनेशिया के पूर्व रक्षा मंत्री और वर्तमान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से नजदीकी संबंध बनाए। साल 2020 में वह कथित तौर पर वॉशिंगटन डीसी और जकार्ता में सुबियांतो के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुआ, जहां लड़ाकू विमानों और अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद पर चर्चा हुई थी। इसके बाद फर्जी शेल कंपनियों के जरिए गौरव ने इंडोनेशिया से 425 करोड़ रुपये का कर्ज भी मंजूर करा लिया। ये ठगी 2020 से 2022 के बीच की गई। यह रिपोर्ट श्रीवास्तव के पूर्व कारोबारी साझेदार नील्स ट्रोस्ट द्वारा कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क की अदालतों में दायर दीवानी मुकदमों पर आधारित है। ट्रोस्ट का दावा है कि उन्होंने अपनी कंपनी में श्रीवास्तव को 50 प्रतिशत हिस्सेदारी दी थी ट्रोस्ट के अनुसार, श्रीवास्तव ने इंडोनेशिया के कई प्रभावशाली उद्योगपतियों से भी संबंध बनाए, जिनमें प्रबोवो सुबियांतो के भाई और अर्सारी ग्रुप के चेयरमैन हाशिम दजोजोहादिकुसुमो भी शामिल हैं। मुकदमे में शामिल रिकॉर्डेड फोन कॉल्स के अनुसार, श्रीवास्तव ने दावा किया था कि वह सीआईए के लिए काम करता है। आरोप है कि उसने इसी दावे के जरिए इंडोनेशिया के वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास हासिल किया और सरकार की शीर्ष बैठकों तक पहुंच बनाई। दावा किया गया है कि धांधली से कमाए पैसों से गौरव ने लॉस एंजिलिस में दो सौ करोड़ रुपये का आलीशान बंगला खरीदा है। गौरव ने इंडोनेशिया के साथ अमेरिका की 1.32 लाख करोड़ रुपये की डिफेंस डील की। जांच में पता चला है कि गौरव की शेल कंपनियों ने ही डिफेंस डील हासिल की। बाद में टैक्स न जमा करने के चलते ये कंपनियां बंद हो चुकी हैं। फिलहाल गौरव श्रीवास्तव के खिलाफ अमेरिका में धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं, जिन पर सुनवाई चल रही है।

# दिग्विजय सिंह का राजनीति से संन्यास, अब धर्म के लिए लड़ेंगे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है, 'अब वे धर्म की रक्षा करेंगे. राम मंदिर चढ़ावा चोरी की लड़ाई लडेंगे।' पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने अब कुछ देर पहले संन्यास की घोषणा की है। यहां बता दें, दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल जून महीने में खत्म हुआ है। उम्र के 80वें बसंत को पूरा करने की ओर बढ़ रहे, दिग्विजय सिंह ने कहा है, 'पार्टी ने उन्हें 5 बार विधायक, दो बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा का सदस्य पद दिया। अनेक तरह के पद उन्हें पार्टी ने संगठन में दिए। राजनीति की अपनी पूरी पारी वे खेल चुके हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा है, 'मैं सनातन धर्म को समझता हूं, भाजपा, वीएचपी और आरएसएस को भी समझता हूं। अब मेरा मिशन धर्म की रक्षा करना है, अब कोई राजनीति नहीं करूंगा, अपनी आखिरी सांस तक आस्था की रक्षा करनी है।' उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब वह सक्रिय राजनीति नहीं करेंगे, सार्वजनिक सभाओं में भाषण नहीं देंगे और सोशल मीडिया पर भी कोई राजनीतिक टिप्पणी नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में यदि वह कोई यात्रा निकालेंगे, तो उसके लिए किसी को आमंत्रित नहीं करेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि अब उनका मकसद केवल धर्म की रक्षा और सामाजिक कार्यों के लिए योगदान देना है। दिग्विजय सिंह महाकाल मंदिर भूमि ट्रस्ट और राम जन्म भूमि मंदिर ट्रस्ट में भारी गड़बड़ियों को लेकर 02 अक्टूबर से पदयात्रा शुरू करने वाले हैं। यात्रा उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर से शुरू होकर राममंदिर पहुंचकर समाप्त होगी।

यात्रा 1 हजार किलोमीटर के करीब की होगी। सवालों के जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा है, 'यात्रा में किसी तरह का किसी नेता को वे खुद होकर नहीं बुलायेंगे। राहुल गांधी को भी नहीं।'

उन्होंने कहा, 'उनकी यात्रा में वे मुख्य अतिथि के तौर पर उन कार सेवक संतोष दुबे को आमंत्रित करेंगे, जिन संतोष दुबे ने राम मंदिर आंदोलन के दौरान चार-चार गोलियां खाई थीं। राम मंदिर ट्रस्ट में हुए घोटाले को लेकर जो आज पूरी मुखरता के साथ बोल रहे हैं।'

# शरिया के तहत प्यूबर्टी की उम्र में निकाह पॉक्सो एक्ट का उल्लंघनः हाईकोर्ट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बाल विवाह को लेकर एक ऐतिहासिक और बेहद अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने साफ कर दिया है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरिया) समेत देश का कोई भी पर्सनल लॉ, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 (PCMA) के तहत लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं कर सकता। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पर्सनल लॉ, बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण देने वाले पॉक्सो एक्ट (POCSO Act, 2012) के प्रावधानों से ऊपर नहीं हो सकता। यह महत्वपूर्ण फैसला जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस अचल सचदेव की खंडपीठ ने 'रूबी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य' (Rubi Vs State of UP) मामले की सुनवाई के दौरान दिया। अदालत ने 19 आरोपियों के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द करने से इनकार कर दिया, जिन पर बुलंदशहर में एक 16 वर्षीय नाबालिग मुस्लिम लड़की का निकाह रुकवाने गई पुलिस और चाइल्ड लाइन की टीम पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। याचिकाकर्ताओं (आरोपियों) की ओर से वकील ने कोर्ट में दलील दी थी कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरिया) के तहत, यदि कोई लड़की प्यूबर्टी (रजस्वला) की उम्र पार कर लेती है जिसे आमतौर पर 15 वर्ष माना जाता है तो वह निकाह के योग्य हो जाती है। उनका तर्क था कि बाल विवाह निषेध अधिनियम उनके पर्सनल लॉ को प्रभावित नहीं कर सकता। अदालत ने इस दलील को सिरे से खारिज करते हुए कहाः 'शरिया कानून, जो लड़की के विवाह के लिए प्यूबर्टी (रजस्वला) की उम्र को सक्षम मानता है, वह साफ तौर पर बाल विवाह निषेध अधिनियम (PCMA) और पॉक्सो (POCSO) एक्ट के प्रावधानों के विपरीत है।' कोर्ट ने आगे

**अदालत ने 19 आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया, जिन पर बुलंदशहर में एक 16 वर्षीय नाबालिग मुस्लिम लड़की का निकाह रुकवाने गई पुलिस और चाइल्ड लाइन की टीम पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।**

जोड़ा कि देश के हर नागरिक के लिए, चाहे उसका धर्म कोई भी हो, शादी की न्यूनतम उम्र वही होगी जो बाल विवाह निषेध अधिनियम में तय की गई है। इसके अलावा, अदालत ने चेतावनी दी कि यदि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की की शादी की अनुमति दी जाती है, तो यह पॉक्सो एक्ट का भी सीधा उल्लंघन होगा, क्योंकि विवाह और शारीरिक संबंध एक-दूसरे से अलग नहीं किए जा सकते।

# अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में 38 दोषियों की फांसी बरकरार

**गुजरात हाईकोर्ट का फैसला, 11 को उम्रकैद; 18 साल पहले 70 मिनट में 21 धमाके हुए थे।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। निचली अदालत ने फरवरी 2022 में 38 दोषियों को फांसी और 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। आज जस्टिस एवाई कोगजे और समीर दवे की बेंच ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन (IM) से जुड़े लोगों की सजा को सही ठहराया। कोर्ट ने सरकार को 56 मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपए और 200 से ज्यादा घायलों को 1-1 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राशि का भुगतान 30 मार्च 2027 तक कर दिया जाए। धमाकों के बाद पुलिस ने अहमदाबाद की सभी ब्लास्ट साइट्स और सूरत में मिले बमों के मामलों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कीं। बाद में करीब 35 मामलों को मिलाकर एक बड़ा केस बनाया गया। सभी मामलों को एक साथ जोड़ने के बाद 2009 में इस केस का ट्रायल शुरू हुआ। जांच और अदालत की सुनवाई 12 साल तक चली। करीब 80 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चला। कोरोना के समय भी सुनवाई बंद नहीं हुई। प्रॉसिक्यूशन ने जज एआर पटेल की अदालत में 1,100 से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज कराए। कोर्ट में 6,000 से अधिक दस्तावेज पेश किए गए। मामले में 5,47 चार्जशीट के कुल 3,47,800 पन्ने दाखिल किए गए, जबकि सिर्फ मुख्य चार्जशीट ही 9,800 पन्नों की थी। जांच के दौरान पुलिस ने दावा किया कि धमाकों के पीछे आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन (IM) और प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (SIMI) से जुड़े लोगों का हाथ था। इसे 2000 के दशक में बनाया गया था।

# यूपी पंचायत चुनावः प्रधानों को प्रशासक बनाने पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, 10 जुलाई को होगा फैसला

**ब्यूरो प्रयागराज।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रदेश में ग्राम पंचायतों के निर्वाचित ग्राम प्रधानों के स्थान पर प्रशासक नियुक्त करने के राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को जवाब पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले में 10 जुलाई को पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश होने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने मंगलवार को यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा की जनहित याचिका पर दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि ग्राम प्रधानों के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति का 25 मई का आदेश संविधान के 73 वें संशोधन, पंचायत राज व्यवस्था तथा संबंधित वैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। उत्तर प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं की संवैधानिक स्वायत्तता, लोकतांत्रिक मूल्यों और ग्रामीण स्वशासन की रक्षा से जुड़ा हुआ है। उधर, राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह पेश हुए। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने मामले में सहयोग के लिए अपर मुख्य सचिव ने पंचायतीराज को 10 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश होने को कहा है।